बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु ऐतिहासिक पहल...

# शेखावाटी मिशन-100






## सामाजिक विज्ञान

### कक्षा – 10

कार्यालय : संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)
प्रभारी : शैक्षिक प्रकोष्ठ अनुभाग, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, सीकर

: missionshekhawati100@gmail.com | 9413361111, 9828336296

# टीम शेखावाटी मिशन-100



घनश्यामदत्त जाट
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
झुन्झुनू-सीकर (राज.)



रमेशचन्द्र पूनियां
जिला शिक्षा अधिकारी
चूरू (राज.)



लालचन्द नहलिया
जिला शिक्षा अधिकारी मा.
सीकर (राज.)



अमर सिंह पचार
जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
झुन्झुनू (राज.)



रिछपाल सिंह मील
अति. जिला परि. समन्वयक
समग्र शिक्षा, सीकर (राज.)



महेन्द्र सिंह बड़सरा
सहायक निदेशक
कार्यालय संयुक्त निदेशक, चूरू



हरदयाल सिंह फगेड़िया
प्रभारी शेखावाटी मिशन-100
अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
सीकर (राज.)



रामचन्द्र सिंह बगड़िया
अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
सीकर (राज.)



नीरज सिहाग
अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
झुन्झुनू (राज.)



सांवरमल गहनोलिया
अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
चूरू (राज.)



महेश सेवदा
संयोजक शेखावाटी मिशन-100
सीकर (राज.)



रामावतार भदाला
सहसंयोजक शेखावाटी मिशन-100
सीकर (राज.)

## तकीनीकी सहयोग

राजीव कुमार, निजी सहायक | पवन ढाका, कनिष्ठ सहायक | महेन्द्र सिंह कोक, सहा. प्रशा. अधिकारी | अभिषेक चौधरी, कनिष्ठ सहायक

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय), सीकर

**शैक्षिक प्रकोष्ठ अनुभाग, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, सीकर**

# माननीय शिक्षा मंत्री की कलम से.....

## !! शुभकामना संदेश !!



सम्मानित शिक्षक साथियों,

हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है कि राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नित नये आयाम छू रहा है। नीति आयोग के नेशनल अचीवमेंट सर्वे (NAS) 2020 में राजस्थान सम्पूर्ण भारत में तीसरे स्थान पर रहा है। इस वर्ष राजस्थान, इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में 8027 बाल वैज्ञानिकों के चयन के साथ पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा हैं। इसी परम्परा व सोच को निरन्तर बनाए रखने के प्रयास में इस वर्ष शेखावाटी मिशन–100 का क्रियान्वयन संयुक्त निदेशक परिक्षेत्र चूरु के अधीन जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा सीकर द्वारा किया जा रहा है। अनुभवी तथा ऊर्जावान विषय विशेषज्ञों की लगन व अथक मेहनत से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा जारी संशोधित पाठ्यक्रम व मॉडल पेपर के आधार पर विषयवस्तु व मॉडल पेपर तैयार किये गये हैं, जिनको बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए विद्यार्थियों तक पहुँचाया जा रहा है।

मैं इस मिशन प्रभारी सहित सभी विषयाध्यापकों की कर्मठ टीम को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने अपनी समर्पित कार्यशैली से इस नवाचारी कार्य को अंजाम दिया है। मेरा सभी संस्थाप्रधानों से आग्रह है कि वे सभी विषयाध्यापकों से समन्वय कर इस परीक्षोपयोगी सामग्री को विद्यार्थियों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।

मैं आशा करता हूँ कि आपका प्रयास पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक नवाचार साबित होगा एवं उनके लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा।

शुभकामनाओं सहित।

गोविन्द सिंह डोटासरा
शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
राजस्थान सरकार, जयपुर

# निदेशक महोदय की कलम से.....

## !! शुभकामना संदेश !!



सम्मानित शिक्षक साथियों,

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई है कि संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरु संभाग, चूरु के नेतृत्व में 'शेखावाटी मिशन–100' के तहत माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा 2021 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों हेतु बोर्ड परीक्षा में उपयोगी विषयवस्तु एवं प्रश्नकोश तैयार किया जा रहा है हालांकि यह सत्र कोविड–19 के कारण प्रभावित रहा है इसमें विद्यार्थियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

'शेखावाटी मिशन–100' की टीम ने विद्यार्थियों के हित को देखते हुए संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार नवाचार करने का प्रयास किया। विद्यार्थियों के लिए जो विषयवस्तु व प्रश्नकोश निर्माण किया है आशा करते है कि यह विद्यार्थियों के लिए निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करने में लाभदायक सिद्ध होगा।

प्रतिभाशाली और कर्मठ ऊर्जावान शेखावाटी मिशन–100 की टीम को मेरी ओर से हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ।

शुभकामनाओं सहित।

सौरभ स्वामी (IAS)
निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

# संयुक्त निदेशक की कलम से.....

## !! शुभकामना संदेश !!



सम्मानित शिक्षक साथियों,

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में मात्रात्मक एवं गुणात्मक अभिवृद्धि हेतु एक शैक्षिक नवाचार के रूप में 2017–18 में शेखावाटी मिशन–100 शुरु किया गया था। इस वर्ष शेखावाटी मिशन–100 की जिम्मेदारी संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा चूरु संभाग के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक सीकर को मिली है। इस नवाचारी पहल ने पिछले 03 वर्षो में चूरु संभाग में बोर्ड परीक्षा परिणाम में सफलता के नये आयाम बनाये हैं।

पिछले वर्षो में मिली इस अभूतपूर्व सफलता से अभिप्रेरित होकर इस वर्ष शेखावाटी मिशन–100 का दायरा बढ़ाकर 17 विषयों तक किया गया है। इस वर्ष कक्षा–10 के 07 विषयों (संस्कृत व उर्दू सहित) तथा कक्षा 12 में 10 विषयों, जिनमें अनिवार्य हिन्दी व अंग्रेजी के अलावा विज्ञान संकाय में 04 विषयों (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित) तथा कला संकाय में 04 विषयों (हिन्दी, साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास व भूगोल) के लिए बोर्ड द्वारा संशोधित पाठ्यक्रम व मॉडल पेपर के आधार पर अध्ययन सामग्री व मॉडल पेपर तैयार किये गये हैं। पाठ्य विषय वस्तु को इस प्रकार तैयार किया गया है कि सभी तरह के बौद्धिक स्तर वाले विद्यार्थी कम समय में भी अधिकतम अंक अर्जित कर सकेंगे।

शेखावाटी मिशन–100 में उन विषय विशेषज्ञों का चयन किया गया है जिनके पिछले वर्षो में अपने विषयों के गुणात्मक रूप से शानदार परीक्षा परिणाम रहे हैं।

मैं इस मिशन को सफल बनाने में सहयोग के लिए संभाग के सभी शिक्षा अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित।


लालचन्द बलाई<br>
संयुक्त निदेशक<br>
स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू

# शेखावाटी मिशन-100



## बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम सत्र : 2020-21
## माध्यमिक परीक्षा - 2021



### विषय : सामाजिक विज्ञान


**सर्वश्रेष्ठ सफलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वश्रेष्ठ संकलन**



हरदयाल सिंह फगेड़िया
प्रभारी शेखावाटी मिशन-100
अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मा.)
सीकर (राज.)



रोहिताश कुमार थालौड़
संयोजक सामाजिक विज्ञान
रा.मा.वि., सांवलोदा लाडखानी (सीकर)
मो. : 7891350702




सोनाली चौधरी
सहसंयोजक सामाजिक विज्ञान
रा.उ.मा.वि., लम्बोर बड़ी राजगढ़ (चूरू)



महेन्द्र सिंह
रा.उ.मा.वि., गोठड़ा तगेलान (सीकर)



मनीषा कुमारी
रा.उ.मा.वि., धिंगड़िया, सूरजगढ़ (झुन्झुनू)



झाबर सिंह रणवां
रा.मा.वि., चैलासी, धोद (सीकर)

**शैक्षिक प्रकोष्ठ अनुभाग, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, सीकर**

| क्रं.सं. | ईकाई | अंकभार |
|---|---|---|
| 1 | स्वर्णिम भारत प्रारम्भ से 1206 ई. तक | 5 |
| 2 | संर्घष कालीन भारत 1206 से 1757 तक | 6 |
| 3 | अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एंव संर्घष | 7 |
| 4 | विश्व का इतिहास | 2 |
| 5 | लोकतंत्र | 5 |
| 6 | केन्द्र सरकार | 7 |
| 7 | राज्य सरकार | 8 |
| 8 | जल संसाधन | 2 |
| 9 | कृषि | 3 |
| 10 | खनिज एंव उर्जा संसाधन | 5 |
| 11 | विनिर्माण उद्योग | 4 |
| 12 | मानव संसाधन | 4 |
| 13 | परिवहन एंव संचार | 0 |
| 14 | आर्थिक अव. एंव नियोजन | 3 |
| 15 | भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एंव नवीन प्रवृतियां | 6 |
| 16 | भारतीय अर्थ के समक्ष चुनौतियां | 4 |
| 17 | मुद्रा एंव वित्तीय संस्थाएं | 0 |
| 18 | उपभोक्ता एंव विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार | 5 |
| 19 | सड़क सुरक्षा | 2 |
| 20 | स्वच्छता एंव ठोस कचरा प्रबन्धन | 2 |

संदेशः– माध्यमिक बोर्ड परीक्षा परिणाम की अभिवृद्धि हेतु 'शेखावाटी मिशन –100' के रूप में एक नवाचार किया जा रहा है। RBSE के पाठयक्रम एवं मॉडल पेपर के अनुसार अधिकतम सफलता हेतु सरल अध्ययन सामग्री को विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। अध्ययन सामग्री सभी स्तर के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। निबंधात्मक प्रश्नों को छोटे प्रश्नों में बांटकर उनको याद करने के लिए सरल बनाया गया है। हम पूर्ण आश्वस्त है कि इस सामग्री के अध्ययन व अध्यापन से बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण परिणाम हासिल किया जा सकता है। ज्ञात हो कि गत् वर्ष 2020 के लिए तैयार की गई बुक–लैट से 80 में से 68 अंक के प्रश्न आये व बाकी 12 अंक को भी इस मार्गदर्शिका ने कवर किया।

सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा 2021 में सफलता हेतु पूर्व शुभकामनाएं

# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा–10 (इतिहास)
# पाठ–1 स्वर्णिम भारत प्रारम्भ से 1208 ई. तक
# (मौर्यकाल, गुप्तकाल, वर्धन वंश)

अंक भार–2

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. मौर्य वंश की स्थापना कब व किसने की?**

उत्तर– 322 ई. पू. में नन्द वंश के अंतिम शासक घनानंद को पराजित करके चन्द्रगुप्त मौर्य ने मौर्य वंश की स्थापना की।

**प्रश्न 2. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किस यूनानी शासक को पराजित किया?**

उत्तर– 305 ई. पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य ने यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर को पराजित किया।

**प्रश्न 3. चंद्रगुप्त के विशाल साम्राज्य में कौन–कौनसे क्षेत्र सम्मिलित थे?**

उत्तर– चंद्रगुप्त के विशाल साम्राज्य मं काबुल हेरात, कंधार, ब्लुचिस्तान, पंजाब, गंगा–यमुना का मैदान बिहार, बंगाल, गुजरात, विन्ध्य और कश्मीर के भू–भाग सम्मिलित थे।

**प्रश्न 4. कौनसे प्रसिद्ध ग्रंथों से चन्द्रगुप्त के दक्षिण भारत पर आक्रमण की जानकारी मिलती है?**

उत्तर– अहनानूर और मुरनानुर

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–1</u>

**प्रश्न 1. चन्द्रगुप्त मौर्य की विजयो का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– प्र.स. 1 से 4 तक के उत्तर।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–2</u>

**कलिंग युद्ध कब हुआ व इस युद्ध के क्या परिणाम हुए?**

उत्तर– कलिंग युद्ध 261 ई. पूर्व में हुआ।

परिणामः– 1. कलिंग युद्ध में एक लाख लोग मारे गए और 1½ लाख लोग बंदी बनाए गए। इस व्यापक नरसंहार को देखकर अशोक ने युद्ध की नीति का परित्याग कर दिया व उसने शस्त्रत्याग कर भेरीघोष (युद्धनीति) के स्थान पर धम्मघोष की नीति अपनाई।

युद्ध के पश्चात् अशोक निग्रोध व उपगुप्त के प्रभात में आकर बौद्ध धर्म का अनुयायी बन गया।

इस युद्ध के बाद अशोक ने अपनी सम्पूर्ण शक्ति जनकल्याण मं लगा दी।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–3</u>

**अशोक के धम्म का सार लिखिए।**

उत्तर– अशोक ने मनुष्य की नैतिक उन्नति के लिए जिन आदर्शों का प्रतिपादन किया उन्हें धम्म कहा गया।

☞ **अशोक के धम्म की परिभाषा दूसरे तथा सातवें स्तम्भलेख में दी गई है। अशोक के धम्म का सार निम्निलिखित है–**

उत्तर– अशोक के अनुसार पाप कर्म से निवृत्ति विश्व कल्याण, दया, दान, सत्य एवं कर्म शुद्धि ही धम्म है।

साधु स्वभाव होना, कल्याणकारी कार्य करना, पाप रहित होना, व्यवहार में मृदुता लाना, दया रखना, दान करना, शुचिता रखना, प्राणियों का वध न करना, माता–पिता व अन्य बड़ों की, ब्राह्मणों–श्रमणों के प्रति दानशीलता होना व उचित व्यवहार करना अशोक द्वारा प्रतिपादित धम्म की आवश्यक शर्तें है।

धम्म में अल्प संग्रह एवं अल्प व्यय का भी विधान था।

**प्रश्न 1. धम्मयात्रा में आप क्या समझते है?**

उत्तर– अशोक से पूर्व विहार यात्रा के दौरान राजा पशुओं का शिकार करते थे। अशोक ने इनके स्थान पर धम्मयात्रा का प्रावधान किया, जिसमें बौद्ध स्थानों की यात्रा तथा ब्राह्मणों व वृद्धों को स्वर्णदान किया जाता था।

**प्रश्न 2. धम्म महामात्र से आप क्या समझते है?**

उत्तर– राज्याभिषेक के 13 वे वर्ष में अशोक ने धम्म महामात्रों की नियुक्ति की जिनके मुख्य कार्य–जनता में धम्म का प्रचार करना, उन्हें कल्याणकारी कार्य व दानशीलता के लिए प्रोत्साहित करना, कैदियों को मुक्त करना उनकी सजा कम करना वउनके परिवारों की सहायता करना।

शेखावाटी मिशन–100

लघुत्तरात्मक प्रश्न–4

**प्रश्न धम्मयात्रा व धम्म महामात्र से आप क्या समझते है?**

उत्तर– प्रश्न सं. 1 व 2 का उत्तर

**प्रश्न 1. भारत में सर्वप्रथम अभिलेख लिखने की प्रथा किसने शुरू की?**

उत्तर– अशोक

**प्रश्न 2. अशोक को अभिलेख लिखने की प्रेरणा किससे मिली?**

उत्तर– ईरानी सम्राट द्वारा (डेरियस–प्रथम)

**प्रश्न 3. अशोक के अभिलेख कौनसी लिपि में है?**

उत्तर– ब्राह्मी लिपि

**प्रश्न 4. अशोक के खरोष्ठी लिपि के अभिलेख कहां से प्राप्त हुए?**

उत्तर– मानशेहरा, शाहबाजगढ़ी

**प्रश्न 5. अशोक के अभिलेखों को पढ़ने में पहली बार सफलता किससे प्राप्त हुई?**

उत्तर– जेम्स प्रिंसेप

**प्रश्न 6. अशोक के अभिलेखों पर टिप्पणी लिखिए।**

उत्तर– प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के उत्तर।

लघुत्तरात्मक प्रश्नः–

**प्रश्न मौर्यकालीन केन्द्रीय प्रशासन का मूल्यांकन कीजिए।**

उत्तर– मौर्यकाल में भारत में पहली बार केन्द्रीकृत शासन व्यवस्था की स्थापना हुई। सत्ता का केन्द्रीकरण राजा में होते हुए भी वह निरंकुश नहीं था। केन्द्रीय शासन 18 विभागों (तीर्थों) में विभक्त था। इनमें महत्वपूर्ण तीर्थ थे मंत्री पुरोहित सेनापति अैर युवराज। राजा द्वारा मुख्यमंत्री व पुरोहित की नियुक्ति उपधा परीक्षण के बाद की जाती थी। ये लोग मंत्रिमंडल के अंतरंग सदस्य थे। मंत्रिमंडल के अतिरिक्त मंत्रिपरिषद् भी थी। इस प्रकार केन्द्रीय प्रशासन पूर्णतः व्यवस्थित था।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–7

**प्रश्न मौर्यकालीन प्रांतीय प्रशासन का मूल्यांकन कीजिए।**

उत्तर– अशोक के समय में मगध साम्राज्य के पांच प्रांतों का उल्लेख मिलता है– उत्तरापथ (तक्षशिला), अंवंतिराष्ट्र (उज्जयिनी) कलिंग (तोसाली), दक्षिणापथ (सुवर्णगिरि), मध्य देश (पाटलिपुत्र) प्रांतों का शासन राजवंशीय 'कुमार' या 'आर्यभट्ट' नामक पदाधिकारियों द्वारा होता था। प्रांत विषयों में विभक्त थे। जो विषयपतियों के अधीन होते थे। जिले का प्रशासनिक अधिकारी 'स्थानिक' होता था जो समाहर्त्ता के अधीन था।

प्रशासन की सबसे छोटी इकाई का मुखिया 'गोप' था, जो दस गावों का शासन संभालता था।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–8

**प्रश्न मेगस्थनीज के विवरण के आधार पर मौर्यकालीन नगर शासन का वर्णन करो।**

उत्तर– मेगस्थनीज के अनुसार नगर का शासन–प्रबंधन 30 सदस्यों का एक मंडल करता था, जो 6 समितियों में विभक्त था। प्रथम समिति (उद्योग शिल्पों का निरक्षण) द्वितीय समिति विदेशियों की देख रेख करना तृतीय समिति जन्म–मरण का लेखा जोखा करना चतुर्थ समिति (व्यापार/वाणिज्य देखना) पांचवी समिति निर्मित वस्तुओं के विक्रय का निरीक्षण करना और छठी समिति (विक्रय मूल्य का दसवाँ भाग ब्रिकी कर के रूप में वसूलना) प्रत्येक समिति में पांच सदस्य होते थे।

**प्रश्न 1. मौर्य काल में सैन्य विभाग कितनी समितियों में विभक्त था?**

उत्तर– 6 समितियों में (प्रत्येक समिति में पांच सदस्य)

**प्रश्न 2. मौर्य काल में सैना के कितने विभाग थे?**

उत्तर– पांच विभाग– 1. पैदल 2. अश्व 3. हाथी 4. रथ 5. नौसेना।

**प्रश्न 3. मौर्य काल में सैनिक प्रबंध की देखरेख करने वाला अधिकारी व सीमांत क्षेत्रों की व्यवस्था कौन था?**

उत्तर– अंतपाल।

**प्रश्न 4. किस इतिहासकार के अनुसार चंद्रगुप्त मौर्य के पास 6 लाख पैदल, पचास हजार अश्वरोही, नौ हजार हाथी तथा आठ सौ रथों से सुसज्जित विराट सेना थी।**

उत्तर– मेगस्थनीज (इंडिका)

शेखावाटी मिशन–100

लघुत्तरात्मक प्रश्न–9

**मौर्यकालीन सैन्य व्यवस्था के बारे में बताइए।**

प्रश्न सं. 1 से 4 उत्तर।

**प्रश्न 1. मौर्य काल में न्याय प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी कौन था?**

उत्तर– सम्राट

**प्रश्न 2. मौर्य काल में ग्राम न्यायालय में न्याय कौन करता था?**

उत्तर– ग्रामणी व ग्रामवृद्ध

**प्रश्न 3. मौर्यकालीन न्यायालयों के नाम बताइए।**

उत्तर– संग्रहण, द्रोणमुख, स्थानीय और जनपद स्तर के न्यायालय। सबसे ऊपर पाटलिपुत्र का केन्द्रीय न्यायालय।

**प्रश्न 4. मौर्यकालीन धर्मस्थीय न्यायालय के बारे में बताइए।**

उत्तर– इन न्यायालयों में निर्णय का कार्य धर्मशास्त्र में निपुण तीन धर्मस्थ करते थे। यह एक प्रकार की दीवानी अदालत होती थी जिसमें चोरी डाके व लूट के मामले जिन्हें 'साहस' कहा जाता था से संबंधित न्याय किया जाता था। कुवचन, मान–हानि, मारपीट के मामले भी धर्मस्थीय न्यायालय में ही लाये जाते थे जिन्हें वाक् पारूश्य कहा गया है।

**प्रश्न 5. मौर्यकालीन कंटकशोधन न्यायालय के बारे में बताइए।**

उत्तर– कंटकशोधन – फौजदारी अदालत

न्याय कार्य – तीन प्रदेस्ट्रि व तीन अमात्य

नगर न्यायाधिश को व्यावहारिक महामात्र तथा जनपद न्यायाधीश को रज्जुक कहते थे।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–10

**प्रश्न 1. मौर्यकालीन न्याय व्यवस्था का वर्णन करो?**

उत्तर– प्रश्न संख्या 1 से 5 का उत्तर।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–11

**प्रश्न गुप्त वंश की सांस्कृतिक उपलब्धियां लिखिए।**

उत्तर– कला एवं साहित्य की दृष्टि से गुप्तकाल को भारतीय इतिहास का 'स्वर्णयुग' कहा जाता है।

1. साहित्य– गुप्तकाल में कालिदार, शुद्रक विशाखदत्त जैसे विद्वान हुए।
2. गणित व ज्योतिष – आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त।
   गुप्तकाल में ही दशमलव प्रणाली का विकास हुआ।
3. कला– गुप्तकाल में शिखर मंदिर निर्माण, देवगढ़ के दशावतार मंदिर में पहली बार किया गया।
   अजन्ता की गुफा नं. 16 और 17 महरौली (दिल्ली) में स्थित लौहस्तम्भ, नालन्दा से प्राप्त बुद्ध की मूर्ति, एरण से प्राप्त वराह की मूर्ति गुप्तकाल की प्रमुख देन है।
   बाघ, अजन्ता व बादामी की गुफाओं से गुप्तकालीन चित्रकला के अवशेष मिले है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–12

**प्रश्न 1. हर्षवर्धन की विजयों पर प्रकाश डालिए।**

उत्तर– 1. बंगाल के गौड शासक शशांक पर आक्रमण व विजय।

2. वल्लभी पर विजय।

3. पुलकेशिन द्वितीय के साथ युद्ध

**प्रश्न 1. हर्षवर्धन ने कौनसी उपाधि धारण की?**

उत्तर– महाराजाधिराज

**प्रश्न 2. हर्ष कौनसे धर्म का अनुयायी बना?**

उत्तर– महायान बौद्ध धर्म।

**प्रश्न 3. हर्षवर्धन द्वारा प्रत्येक पांचवे वर्ष प्रयाग में गंगा और यमुना के संगम पर दान–पुण्य आदि करने के लिए आयोजित महोत्सव में कौनसा चीनी यात्री सम्मिलित हुआ?**

उत्तर– ह्वेनसांग (छठे महोत्सव में)

**प्रश्न 4. हर्षवर्धन की रचनाओं के नाम बताइए।**

उत्तर– 1. प्रियदर्शिका 2. नागानंद 3. रत्नावली PNR



शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 5. हर्षवर्धन के दरबारी विद्वानों के नाम बताइए।**

उत्तर– बाणभट्ट (कादम्बरी व हर्षचरित के लेखक, मयूर, सुबन्धु, मातंग, दिवाकर, ईशान)

**लघुतरात्मक प्रश्न–13**

**प्रश्न हर्षवर्धन की उपलब्धियां पर प्रकाश डालिए।**

उत्तर– प्रश्न सं. 1 से 5 तक का उत्तर।

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नः–**

**प्रश्न 1. चन्द्रगुप्त मौर्य ने जैन धर्म की दीक्षा किससे ली थी?**

उत्तर– भद्रबाहु

**प्रश्न 2. चन्द्रगुप्त मौर्य की मृत्यु कब और कहां हुई थी?**

उत्तर– 298 ई. पूर्व श्रवणबेलगोला (मैसूर) में।

**प्रश्न 3. युनानी लेखों में बिन्दुसार का क्या नाम मिलता है?**

उत्तर– अभित्रोचेट्स

**प्रश्न 4. वायुपुराण में बिन्दुसार को क्या कहा गया है?**

उत्तर– भद्रसार

**प्रश्न 5. जैन ग्रंथों में बिन्दुसार का कौनसा नाम मिलता है?**

उत्तर– सिंहसेन।

**प्रश्न 6. बिन्दुसार के समय तक्षशिला में हुए दो विद्रोह के दमन के लिए उसने किसे भेजा?**

उत्तर– क्रमशः अशोक, सुसीम।

**प्रश्न 7. बिन्दुसार के राजदरबार में यूनानी शासक एन्टीयोकस प्रथम ने किसे अपना राजदूत बनाकर भेजा?**

उत्तर– डायमेकस।

**प्रश्न 8. बिन्दुसार के राजदरबार में मिस्त्र नरेश फिलाडेल्फस ने किसे अपना राजदूत बनाकर भेजा?**

उत्तर– डियानीसियस

**प्रश्न 9. चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरू का नाम क्या था?**

उत्तर– कौटिल्य।

**प्रश्न 10. कौनसे अभिलेखों में अशोक का व्यक्तिगत नाम अशोक मिलता है?**

उत्तर– मास्की व गुर्ज्जरा।

**प्रश्न 11. कौटिल्य की पुस्तक का नाम लिखिए।**

उत्तर– अर्थशास्त्र

**प्रश्न 12. अभिलेखों में अशोक का क्या नाम मिलता है?**

उत्तर– देवानांपिय तथा देवानांपियदस्सी।

**प्रश्न 13. बराबर की पहाड़ियों में अशोक ने आजीवकों के निवास हेतु कौनसी चार गुहाओं का निर्माण करवाया?**

उत्तर– सुदामा, चापार, विश्वझोपड़ी और कर्ण।

**प्रश्न 14. अशोक ने बोधगया तथा लुम्बिनी की यात्रा कब की?**

उत्तर– राज्याभिषेक के 10वें वर्ष बोधगया तथा 20 वे वर्ष लुम्बिनी।

**प्रश्न 15. अशोक का रूमनदेई अभिलेख हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण है?**

उत्तर– अशोक के रूमनदेई अभिलेख से हमें ज्ञात होता है कि उसने वहां भूमिकर की दर 1/6 से घटाकर 1/8 कर दी।

**प्रश्न 16. अंतिम मौर्य सम्राट कौन था?**

उत्तर– वृहद्रथ।

**प्रश्न 17. कौटिल्य के अनुसार राज्य के 7 अंग कौनसे है?**

उत्तर– राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, सेना और मित्र

**प्रश्न 18. मेगस्थनीज की पुस्तक का क्या नाम है?**

उत्तर– इण्डिका।

**प्रश्न 19. मेगस्थनीज की इण्डिका के अनुसार भारतीय समाज कितने भागों में बंटा था?**

उत्तर– 7 भाग।

दार्शनिक, किसान, पशुपालक व शिकारी, कारीगर या शिल्पी, सैनिक, निरीक्षक, सभासद तथा अन्य शासक वर्ग।

शेखावाटी मिशन–100

प्रश्न 20.गुप्त साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?

उत्तर– श्रीगुप्त ने।

प्रश्न 21.गुप्त संवत कब व किसने चलाया?

उत्तर– 319–20 ई., चन्द्रगुप्त प्रथम ने।

प्रश्न 22.चन्द्रगुप्त प्रथम ने कौनसी पदवी धारण की?

उत्तर– महाराजाधिराज

प्रश्न 23.समुद्रगुप्त की सैनिक सफलताओं का विवरण कहा से मिलता है?

उत्तर– इलाहाबाद। प्रयाग प्रशस्ति

प्रश्न 24.प्रयाग प्रशस्ति (इलाहाबाद प्रशस्ति) का लेखक कौन है?

उत्तर– हरिषेण

प्रश्न 25.किस शासक को सिक्को पर विणा बजाते हुए दिखाया गया है?

उत्तर– समुद्रगुप्त।

प्रश्न 26.कविराज व अश्वमेघ कर्त्ता किस शासक को कहा गया है?

उत्तर– समुद्रगुप्त।

प्रश्न 27.चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपन पुत्री प्रभावती का विवाह किसमें करवाया?

उत्तर– वाकाटक राजा रूद्रसेन से।

प्रश्न 28.किस गुप्त शासक ने उज्जैन को अपनी दूसरी राजधानी बनाया?

उत्तर– चन्द्रगुप्त द्वितीय।

प्रश्न 29.शक–विजय के पश्चात् चन्द्रगुप्त द्वितीय ने कौनसी पदवी धारण की?

उत्तर– विक्रमादित्य।

प्रश्न 30.किस गुप्त शासक को नालंदा विश्वविद्यालय का संस्थापक माना जाता है?

उत्तर– कुमार गुप्त।

प्रश्न 31.स्कन्दगुप्त ने कौनसा अभिलेख लिखवाया?

उत्तर– जूनागढ़।

प्रश्न 32.हूणों को पराजित करने वाला गुप्तवंशीय शासक कौन था?

उत्तर– स्कन्दगुप्त।

प्रश्न 33.मौर्यों द्वारा निर्मित सुदर्शन झील का निर्माण किस गुप्तवंशीय शासक ने करवाया था?

उत्तर– स्कन्दगुप्त ने।

प्रश्न 34.कौनसे गुप्त शासकों ने अश्वमेघ यज्ञ करवाया?

उत्तर– समुद्रगुप्त तथा कुमारगुप्त

प्रश्न 35.किस गुप्त शासक के समय चीनी यात्री फाह्यान भारत आया?

उत्तर– चन्दगुप्त द्वितीय

प्रश्न 36.कालिदास की दो रचनाओं के नाम बताइए।

उत्तर– अभिज्ञान शाकुन्तलम तथा रघुवंशम्

प्रश्न 37.शुद्रक की रचना का नाम बताइए।

उत्तर– मृच्छकटिकम्।

प्रश्न 38.मुद्राराक्षस नाटक को लेखक कौन था।

उत्तर– विशाखदत्त।

प्रश्न 39.हर्षवर्धन के साम्राज्य की राजधानी का नाम बताइए।

उत्तर– कन्नौज।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–2
# संघषकालीन भारत–1206 से 1757 ई. तक
# (सल्तनत काल, मुगलकाल व मराठों का इतिहास)

अंक भार–7

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

☞ **अकबर की कोई प्रसिद्ध चार विजय लिखिए।**

उत्तर– 1. 1561 ई. में बाज बहादुर से मालवा जीता।

2. 1569 ई. में सुर्जन हाड़ा से रणथम्भौर का किला जीता।

3. 1510 ई. में मारवाड़ व बीकानेर ने अकबर की अधिनता स्वीकार की।

4. 1601 ई. में असीरगढ़ पर अधिकार (अंतिम विजय)।

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. अकबर ने धर्मशास्त्रीय चर्चा करने के लिए फतेहपुर सीकरी में इबादत्त खाने का निर्माण कब करवाया?**

उत्तर– 1575 ई. में।

**प्रश्न 2. अकबर ने 1581 में कौनसा नवीन धर्म चलाया?**

उत्तर– दीन–ए–इलाही।

**प्रश्न 3. दीन–ए–इलाही धर्म का प्रधान पुरोहित कौन था?**

उत्तर– अबुल–फजल।

**प्रश्न 4. दीन–ए–इलाही धर्म में सम्मिलित होने वाला पहला हिन्दू राजा कौन था?**

उत्तर– बीरबल।

**प्रश्न 5. अकबर ने इलाही संवत् नाम से नया कैलेण्डर कब जारी किया था?**

उत्तर– 1583 ई. में।

**प्रश्न 6. अकबर ने जैन मुनि हरिविजय सूरि को कौनसी उपाधि दी थी?**

उत्तर– जगद्गुरू।

**प्रश्न 7. अकबर ने जजिया नामक कर कौनसे सन् में समाप्त किया?**

उत्तर– 1564 ई.

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–2</u>

☞ **अकबर की धार्मिक नीति प्रमुख विशेषताएं बताइए।**

उत्तर– प्रश्न संख्या 1 से 7 तक।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–3</u>

☞ **अकबर की राजपूत नीति का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– 1. राजपूतों के प्रति अपनाई गई नीति में अकबर ने वैवाहिक सम्बन्ध बनाना एवं शक्ति प्रदर्शन की युक्ति से राजपूतों की शक्ति को अपने अधीन करने का कार्य किया।

2. अकबर के साथ संधि करने वाला पहला राजदूत राजा कछवाहा भारमल था।

3. अकबर ने भगवानदास एवं राजा मानसिंह को दरबार में उच्च्च पदों पर नियुक्त किया।

4. डूंगरपुर बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ के राजवंशों ने मुगल अधीनता स्वीकार कर ली, परन्तु वे पृथक ही बने रहे।

**प्रश्न 1. मुगल काल में साम्राज्य का सर्वोच्च अधिकारी, सर्वोच्च से सेनापति और प्रधान न्यायाधीश कौन होता था?**

उत्तर– बादशाह।

**प्रश्न 2. मुगल काल में बादशाह के बाद सबसे बड़ा अधिकारी कौन होता था?**

उत्तर– वकील–ए–मुतलक (वजीर)।

**प्रश्न 3. मुगल काल में वित विभाग का प्रमुख अधिकारी कौन था?**

उत्तर– दीवान।

**प्रश्न 4. अकबर व औरंगजेब के समय प्रांतों (सुबों) की संख्या कितनी थी?**

उत्तर– अकबर – 15 सूबे

औरंगजेब – 21 सूबे।

**प्रश्न 5. मुगल काल में प्रांतों के प्रमुख अधिकारियों के नाम बताइए।**

उत्तर– सूबेदार, दीवान, सदर काजी, प्रांतीय बख्शी, कोतवाल आदि।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 6. मुगल काल में जिले के प्रमुख अधिकारियों के नाम बताइए।**

उत्तर– फौजदार, अमलगुजार, बितिकची, शिकदार, आमिल, फौजदार एवं कानूनगों आदि।

**प्रश्न 7. मुगलकालीन सैन्य व्यवस्था कौनसी प्रथा पर आधारित थी?**

उत्तर– मनसबदारी प्रथा।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–4

**प्रश्न मुगलकालीन प्रशासन की मुख्य विशेषताएं बताइए।**

उत्तर– प्रश्न सं. 1 से 7 का उत्तर।

**प्रश्न 5 ''मैं मुठीभर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खो देता।'' शेरशाह ने उक्त कथनः किस सन्दर्भ मं कहा था?**

उत्तर– 1544 ई. में शेरशाह ने मारवाड़ के शासक राव मालदेव को हराने के लिए आक्रमण किया। किन्तु मालदेव के सेनापतियों जैता और कूँपा ने बड़ी वीरतापूर्वक शेरशाह की सेना का मुकाबला किया था। शेरशाह ने मालदेव से युद्ध बड़ी कठिनाई से जीता था। तभी शेरशाह ने कहा था ''मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खो देता।''

**प्रश्न 6. राव शेखा की उपलब्धियों पर टिप्पणी लिखिए।**

उत्तर– महाराव शेखा का जन्म 24 सितम्बर 1433 ई. को हुआ था। इनके पिता राव मोकल आमेर राज्य के अन्तर्गत नान के शासक थे। बारह वर्ष की उम्र में इन्होंने पिता राव मोकल का उत्तरदायित्व संभाला था। राव शेखा की उपलब्धियां निम्नलिखित है–

1. 16 वर्ष की उम्र में राव शेखा ने मुल्तान सेवार नगरचल आदि पर विजय प्राप्त की थी।
2. 1473 से 1477 ई. में शेखा ने जाट राजपूतो से दादरी तथा भिवानी पर विजय प्राप्त की।
3. राव शेखा ने इस्तरखान से हासी तथा हेदारखान कायमखानी से हिसार को जीता।
4. महाराव शेखा ने अपने जीवन काल में 52 युद्ध लड़े उसे जयपुर के कछवाह वंश के उपवर्ग 'शेखावत' का संस्थापक माना गया है।

**प्रश्न 7. अगर हम्मीर देव चौहान के स्थान पर आप होते तो अलाउद्दीन खिलजी के बगियों के प्रति क्या नीति अपनाते और क्यों?**

उत्तर– अलाउद्दीन के बागियों – मंगोल सेनापति मोहम्मद शाह व केहबू जिन्होंने अलाउद्दीन की सेना से बगावत करके हम्मीर के पास शरण ली थी। हम्मीर ने अपनी शरण में आए हुए व्यक्तियों को देने से साफ इन्कार कर दिया था। यदि हम्मीर के स्थान पर हम होते तो भी यही नीति अपनाते क्योंकि शरणागत की रक्षा करना भारतीय संस्कृति की अपनी विशेषता है।

हम्मीरदेव ने अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही मंगोल नेता मुहम्मद शाह तथा केहब्रू को अपने राज्य में शरण दे दी थी।

**प्रश्न 8. हम्मीर देव चौहान तथा अलाउद्दीन खिलजी के बीच युद्ध का वर्णन कीजिए।**

उत्तर–
1. 1299 ई. के अन्त में अलाउद्दीन खिलजी ने अपनी सेना उलुग खां के नेतृत्व में आक्रमण के लिए भेजी।
2. खिलजी सेना ने झाईन के दुर्ग पर अधिकार कर लिया।
3. हम्मीर की तरफ से युद्ध का नेतृत्व भीमसिंह व धर्मसिंह ने किया दोनों ने खिलजी की सेना को बुरी तरह पराजित किया किन्तु धर्मसिंह लूट का माल लेकर उलुग खां से लड़ते हुए मारा गया। उलुग खां वापस दिल्ली लौट गया।
4. अलाउद्दीन ने पुनः एक बड़ी सेना के साथ उलूग खां और नुसरत खां को रणथम्भौर आक्रमण के लिए भेजा जहां पर किले की घेराबंदी के दौरान दुर्ग से आए एक गोले की वजह से नुसरत खां की मृत्यु हो गई।
5. अलाउद्दीन खिलजी ने कुटनीति से हम्मीर के दो विश्वासघाती सेनापति रणमल और रतिपाल को अपनी तरफ मिला लिया। हमीर युद्ध में पराजित हुआ व वीरतापूर्वक लड़ता हुआ मारा गया।
6. इस प्रकार 1301 ई. को रणथम्भौर पर अलाउद्दीन खिलजी का शासन स्थापित हो गया।

**प्रश्न 9. महाराणा प्रताप को अधीन करने के लिए अकबर ने क्या–क्या कदम उठाये?**

उत्तर– अकबर ने महाराणा प्रताप को अधीनता स्वीकार करवाने के लिए चार दल भेजे–

1. जलाल खां, 1572 ई.
2. मानसिंह 1573 ई.
3. भगवानदास, 1573 ई.
4. टोडरमल 1573 ई.

**प्रश्न 10.हल्दीघाटी युद्ध के प्रमुख कारण बताइए।**

उत्तर–
1. महाराणा प्रताप ने शुरू में ही मुगल–विरोधी नीति अपनाई।
2. उसने अकबर की अधीनता मानने से इन्कार कर दिया।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 11.हल्दीघाटी युद्ध की प्रमुख घटनाएं लिखिए।**

उत्तर– 18 जून, 1576 ई. को हल्दीघाटी नामक स्थान पर महाराणा प्रताप तथा मानसिंह की सेनाओं के बीच युद्ध शुरू हुआ। प्रथम प्रहार में राणा के सैनिकों को सफलता मिली और मुगल सैनिक जान बचाकर इधर–उधर भागने लगे। इसके बाद भागते मुगल सैनिकों को एक अफवाह ने, कि अकबर स्वयं सेना लेकर आ रहे है रोक दिया और वे पुनः युद्ध की ओर मुड़ गये।

उसी समय मुगल सेना ने प्रताप को चारों ओर से घेर लिया। बड़ी सादड़ी के झाला मन्ना ने राणा प्रताप के राजचिन्ह धारण किये और प्रताप को युद्ध–क्षेत्र से सुरक्षित बाहर से जाया गया। झाला मन्ना लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ।

महाराणा प्रताप का स्वामीभक्त घोड़ा चेतक बलीचा गांव में स्थित एक छोटा नाला पार करते हुए परलोक सिधार गया।

**प्रश्न 12.हल्दीघाटी युद्ध के परिणाम लिखिए।**

उत्तर– 1. इस युद्ध में मुगलों को विजय नहीं मिली क्योंकि अकबर के उद्देश्य पूरे नहीं हुए। वह न तो प्रताप को बंदी बना सका न ही उसे मार सका।

2. वह सम्पूर्ण मेवाड़–राज्य को मुगल साम्राज्य में नहीं मिला सका।

3. मुगल सेना की विजय प्रमाणित नहीं होती है क्योंकि अकबर ने नाराज होकर मानसिंह व आसफ खां को दरबार में आने से रोक दिया।

4. मुगल सेना भयभीत हो गई और मेवाड़ की सेना का पीछा नहीं कर सकी।

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. शेरशाह और मालदेव की सेनाओं के बीच युद्ध कब हुआ था?**

उत्तर– 1544 ई.

**प्रश्न 2. इस युद्ध में मालदेव के किन सेनापतियों ने शेरशाह का मुकाबला किया था?**

उत्तर– जैता और कूंपा ने।

**प्रश्न 3. ''मैं मुट्ठीभर बाजरे के लिए के लिए हिन्दुस्तान की सल्तनत खा देता।'' यह किसका कथन था?**

उत्तर– यह कथन शेरशाह सूरी का था।

**प्रश्न 4. शेरशाह की मृत्यु कब और किस युद्ध में हुई थी?**

उत्तर– शेरशाह की मृत्यु 1545 ई. में कालिंजर के युद्ध में हुई थी।

**प्रश्न 5. शेरशाह की राजस्व वसूली की कौनसी पद्तियां थी?**

उत्तर– शेरशाह की राजस्व वसूली की पद्तियां थी– 1. गल्ला बख्शी 2. नश्क, कनकुत 3. नकदी या जब्ती।

**प्रश्न 6. वर्तमान में अस्तित्व रखने वाली शेरशाह द्वारा निर्मित सर्वाधिक लम्बी सड़क का नाम लिखिए।**

अथवा

**शेरशाह द्वारा निर्मित सबसे लम्बी सड़क कौनसी है?**

उत्तर– वर्तमान में अस्तित्व रखने वाली शरेशाह द्वारा निर्मित सबसे लम्बी सड़क ग्रैंड ट्रंक रोड है।

**प्रश्न 7. शेरशाह द्वारा निर्मित मकबरा कहां स्थित है?**

उत्तर– शेरशाह द्वारा निर्मित मकबरा बिहार में सासाराम में एक झील के मध्य में स्थित है।

**प्रश्न 8. शेरशाह द्वारा प्रचलित दो सिक्को का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– शेरशाह द्वारा प्रचलित दो सिक्के ये थे– 1. तांबे का 380 ग्रेन का दाम 2. चांदी का 178 ग्रेन दाम का रूपया।

**प्रश्न 9. अकबर का जन्म कब और कहां था?**

उत्तर– अकबर का जन्म 1542 ई. में अमरकोट में हुआ था।

**प्रश्न 10.बैरम खां कौन थे?**

उत्तर– बैरम खां अकबर का संरक्षक था।

**प्रश्न 11.बैरम खां ने अकबर का राज्याभिषेक कब और कहां किया?**

उत्तर– 14 फरवरी, 1556 को बैरम खां ने कलानौर मं अकबर का राज्याभिषेक किया।

**प्रश्न 12.हेमू कौन था? उसने कौनसी उपाधि धारण की थी?**

उत्तर– हेमू अफगान सेनापति था। उसने 'विक्रमाजीत' की उपाधि धारण की।

**प्रश्न 13.पानीपत का द्वितीय युद्ध कब हुआ और किस–किस के बीच हुआ?**

उत्तर– 5 नवम्बर, 1556 को हेमू और मुगलों के बीच पानीपत का द्वितीय युद्ध हुआ।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 14.दीन–ए–इलाही नामक धर्म का प्रवर्तन किसने किया था?**

उत्तर– दीन–ए–इलाही नामक धर्म का प्रवर्तन अकबर ने किया था।

**प्रश्न 15.अकबर ने इबादतखाने का निर्माण कब और क्यों करवाया?**

उत्तर– 1575 में धर्मशास्त्रीय चर्चा करने के लिए अकबर ने फतेहपुर सीकरी में इबादतखाना बनवाया।

**प्रश्न 16.अहमदनगर तथा असीरगढ़ पर अकबर ने कब विजयें प्राप्त की?**

उत्तर– 1600 में अकबर ने अहमदनगर पर तथा 1601 मं असीरगढ़ पर विजयें प्राप्त की।

**प्रश्न 17.अकबर द्वारा बुलंद दरवाजा कहां और क्यों बनवाया गया?**

उत्तर– अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष में फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा बनवाया।

**प्रश्न 18.जहाँगीर ने मेहरुन्निसा नामक विधवा से कब विवाह किया?**

उत्तर– 1611 ई. में।

**प्रश्न 19.जहाँगीर ने मेहरुन्निसा को कौनसी उपाधियाँ प्रदान की?**

उत्तर– नूरमहल और नूरजहां।

**प्रश्न 20.जहाँगीर के शासनकाल में कौनसे विदेशी यात्री दरबार में आए थे?**

उत्तर– ब्रिटिश दूत कैप्टेन हाकिंस तथा सर टामस रो।

**प्रश्न 21.धरमत का युद्ध कब हुआ और किस किसके बीच हुआ?**

उत्तर– 25 अप्रैल 1658 को धरमत का युद्ध औरंगजेब तथा शाही सेना (जसवंत सिंह और कासिम खां) के बीच हुआ।

**प्रश्न 22.रणथम्भौर के शासक हम्मीर देव ने किन मंगोल सेनापतियों को अल्लाउद्दीन खिलजी को लौटाने से इंकार कर दिया था?**

उत्तर– मुहम्मदशाह तथा केहब्रू को।

**प्रश्न 23.अल्लाउदीन ने रणथम्भौर के किन सेनापतियों को लालच देकर अपनी और मिला लिया था?**

उत्तर– रणमल और रतिपाल को।

**प्रश्न 24.न्याय की छतरी और पदमला तालाब का निर्माण किसने करवाया था?**

उत्तर– हम्मीरदेव चौहान ने।

**प्रश्न 25.महाराणा प्रताप का जन्म कब और कहां हुआ?**

उत्तर– महाराणा प्रताप का 9 मई, 1540 को कुम्भलगढ़ के दुर्ग 'बादल महल' में हुआ था।

**प्रश्न 26.अकबर द्वारा प्रताप की अधीनता स्वीकार करवाने के लिए भेजे गये चार दलों का उल्लेख कीजिये।**

उत्तर– 1. नवम्बर, 1572 में जलाल खां

2. जून, 1573 में मान सिंह

3. अक्टूबर, 1573 ई. में भगवानदास

4. दिसम्बर, 1573 में टोडरमल।

**प्रश्न 27.हल्दीघाटी का युद्ध कब हुआ और किस किसके बीच हुआ?**

उत्तर– 18 जून, 1576 को हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप और मुगलों के बीच हुआ।

**प्रश्न 28.राणा प्रताप के युद्ध–क्षेत्र से चले जाने के बाद किसने राजपूतों की सेना का नेतृत्व किया?**

उत्तर– बड़ी सादड़ी के झाला मन्ना ने।

**प्रश्न 29.द्विवेर का युद्ध किनके मध्य हुआ–**

उत्तर– 1582 में दिवेर का युद्ध महाराणा प्रताप और मुगलों के बीच हुआ जिसमें दिवेर का हासिम सुल्तान खान मारा गया।

**प्रश्न 30.महाराणा प्रताप ने किसे अपनी संकटकालीन राजधानी बनाया?**

उत्तर– चावंड को।

**प्रश्न 31.हल्दीघाटी को मेवाड की 'थर्मोपल्ली' किसने कहा?**

उत्तर– कर्नल जेम्स टोड ने।

**प्रश्न 32.जेम्स टोड ने दिवेर के युद्ध को क्या संज्ञा दी?**

उत्तर– मेवाड़ का मेराथन।

**प्रश्न 33.राव चन्द्रसेन कौन था? वही गद्दी पर कब बैठा?**

उत्तर– राव चन्द्रसेन मालदेव का पुत्र था। वह 31 दिसम्बर, 1562 को मारवाड़ की गद्दी पर बैठा।

**प्रश्न 34.प्रताप का अग्रगामी किसे कहा जाता था?**

उत्तर– राव चंद्रसेन को।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 35.दातानी नामक युद्ध कब हुआ और किस–सिके बीच हुआ?**

उत्तर– दातानी नामक युद्ध 1583 ने देवड़ा सुरतान तथा मुगलों के बीच हुआ।

**प्रश्न 36.रायसिंह ने बीकानेर के दुर्ग में कौनसी प्रशस्ति लगवाई?**

उत्तर– रायसिंह प्रशस्ति।

**प्रश्न 37.रायसिंह द्वारा रचित दो ग्रंथों के नाम लिखिए।**

उत्तर– 1. रायसिंह महोत्सव 2. ज्योतिष रत्नमाला।

**प्रश्न 38.सवाई जय सिंह द्वितीय का जन्म कब हुआ?**

उत्तर– सितम्बर, 1688 को।

**प्रश्न 39.सवाई जयसिंह किसके पुत्र थे?**

उत्तर– बिशन सिंह के।

**प्रश्न 40.देबारी समझौता किस–किसके बीच हुआ?**

उत्तर– देबारी समझौता आमेर के शासक सवाई जयसिंह तथा मेवाड़ के शासक अमरसिंह द्वितीय के बीच हुआ।

**प्रश्न 41.जाटों के दमन से प्रसन्न होकर मुगल सम्राट मुहम्मदशाह ने सवाई जयसिंह को कौनसी उपाधि प्रदान की?**

उत्तर– 'राजराजेश्वरी राजाधिराज सवाई' की उपाधि।

**प्रश्न 42.सवाई जयसिंह द्वितीय ने ज्योतिष विधा पर कौनसे ग्रंथ की रचना की?**

उत्तर– जयसिंह कारिका की।

**प्रश्न 43.सवाई जयसिंह ने ज्योतिष के अध्ययन के लिए बनवाई गयी कौनसी वैधशालाओं का निर्माण करवाया?**

उत्तर– जयपुर, दिल्ली, मथुरा, बनारस, उज्जैन।

**प्रश्न 44.सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा बनवाई गयी पांच वैधशालाओं में सबसे बड़ी वैधशाला कौनसी है?**

उत्तर– जन्तर मन्तर जयपुर।

**प्रश्न 45.जयपुर का जन्तर मंतर क्या है?**

उत्तर– एक वैधशाला।

**प्रश्न 46.जयपुर नगर को बसाने वाले कौन थे?**

उत्तर– सवाई जय सिंह।

**प्रश्न 47.कौन अंतिम हिन्दू शासक, जिसने राजसूय, वाजपेय/अश्वमेघ यज्ञ करवाया और कब करवाया?**

उत्तर– सवाई जयसिंह अंतिम हिन्दू शासक था जिसने 1740 ई. में यज्ञ करवाया।

**प्रश्न 48.अमर सिंह राठौड़ कौन था?**

उत्तर– अमरसिंह राठौड़ जोधपुर के महाराजा गजसिंह का पुत्र था।

**प्रश्न 49.अमर सिंह राठौड़ ने मुगल सेनापति सलावत खान का वध क्यों कर दिया?**

उत्तर– सलावत खान ने मुगल दरबार में अमर सिंह राठौड़ को 'गवार' कह दिया था।

**प्रश्न 50.शिवाजी का जन्म कब और कहा हुआ?**

उत्तर– 20 अप्रैल, 1627 को शिवनेर के दुर्ग में शिवाजी का जन्म हुआ।

**प्रश्न 51.शिवाजी का पालन–पोषण किसने किया था?**

उत्तर– शिवाजी की माता जीजाबाई ने शिवाजी का लालन–पोषण किया था।

**प्रश्न 52.शिवाजी ने बीजापुर के किस सेनापति का वध कर दिया था और कब?**

उत्तर– 1659 में शिवाजी ने बीजापुर के सेनापति अफजल खान का बघनखे से वध कर दिया था।

**प्रश्न 53.शिवाजी को मुगलों से कौनसी संधि करनी पड़ी व कब करनी पड़ी?**

उत्तर– 1665 में शिवाजी को मुगलों से पुरंदर की संधि करनी पड़ी।

**प्रश्न 54.शिवाजी ने कब और कहां स्वतंत्र शासक के रूप में अपना राज्याभिषेक करवाया?**

उत्तर– 1674 में शिवाजी ने रायगढ़ के दुर्ग में महाराष्ट्र के स्वतंत्र शासक के रूप मं अपना राज्याभिषेक करवाया।

**प्रश्न 55.शिवाजी ने किस नगर को दो बार लुटा?**

उत्तर– शिवाजी ने सूरत नगर को 1664 ई. व 1670 ई. में दो बार लूटा।

**प्रश्न 56.कुतुबद्दीन ऐबक का अन्य नाम क्या था?**

उत्तर– लाख बख्श।

शेखावाटी मिशन–100

प्रश्न 57.कुतुबमीनार का निर्माण दिल्ली सल्तन के किस शासक ने करवाया?
उत्तर— कुतुबद्दीन।
प्रश्न 58.कुतुबमीनार का निर्माण किस सूफी संत की स्मृति में करवाया गया था?
उत्तर— ख्वाजा कुतुबद्दीन बख्तियार काकी।
प्रश्न 59.तुर्की सम्राज्य का वास्तविक संगठनकर्ता किसे माना जाता है?
उत्तर— इल्तुतमिश।
प्रश्न 60.इल्तुतमिश ने रणथम्भौर कब जीता?
उत्तर— 1226
प्रश्न 61.दिल्ली सल्तनत की प्रथम महिला सुल्तान का नाम क्या था?
उत्तर— रजिया सुल्तान।
प्रश्न 62.रजिया सुल्तान ने अमीर आखूर के पद पर किसे नियुक्त किया?
उत्तर— जमालुद्दीन याकूत
प्रश्न 63.सैन्य विभाग 'दीवाने आरिज' का पुनर्गठन किसने किया?
उत्तर— बलबन।
प्रश्न 64.दिल्ली सल्तन के किस सुल्तान ने अपने दरबार में फारसी प्रथाओं सिजदा और पाबोस को शुरू किया?
उत्तर— बलबन।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

☞ **बलबन के राजस्व सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिये।**

उत्तर— बलबन का राजस्व सिद्धान्त प्रसिद्ध रहा है। बलबन की मान्यता थी कि राजा पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है। राजा साधारण जनता से अलग व्यक्तित्व है। वह ईश्वर द्वारा प्रदत गुणों से युक्त है जो उसे शासन करने की शक्ति प्रदान करता है। बलबन तुर्क अमीरों के विद्रोह से परिचित था। इसीलिए उसने दरबार में कठोर अनुशासन बनाये रखा। कानून व्यवस्था की स्थिति को व्यवस्थित करना, चोरो—डाकुओं का दमन एवं राजपूत जमींदारों के शासन विरोधी विद्रोहों को कुचलना उसके प्रमुख कार्य थे।

प्रश्न 1. खिलजी वंश का प्रथम शासक का नाम क्या था?
उत्तर— जल्लालुद्दीन फिरोज खिलजी।
प्रश्न 2. खिलजी वंश के किस शासन ने 'द्वितीय सिकंदर' की उपाधि धारण की?
उत्तर— अलाउद्दीन खिलजी।
प्रश्न 3. अल्लाउद्दीन ने रणथम्भौर और चित्तौड़ पर आक्रमण कब किया?
उत्तर— 1301 (रणथम्भौर), 1303 (चित्तौड़)
प्रश्न 4. अल्लाउद्दीन खिलजी के दक्षिण भारत अभियानों का सेनापति कौन था?
उत्तर— मलिक काफूर।
प्रश्न 5. अल्लाउद्दीन खिलजी ने दक्षिण भारत के कौन—कौन से राज्यों पर आक्रमण किया?
उत्तर— देवगिरी, होयसल, पाडय।
प्रश्न 6. विद्रोहों पर नियंत्रण के लिए अलाउद्दीन खिलजी ने कौनसे चार आदेश जारी किये?
उत्तर— 1. अमीर वर्ग की सम्पति जब्त करना एवं खालसा भूमि को कृषि योग्य बनाकर राजस्व में वृद्धि करना।
2. दिल्ली में मध निषेध 3. गुप्तचर प्रणाली का गठन 4. अमीरों के परस्पर मेल मिलाप पर रोक लगाना।
प्रश्न 7. 'खजाइनूल फुतूह' नामक पुस्तक का लेखक कौन है?
उत्तर— अमीर खुसरो।
प्रश्न 8. अल्लाउद्दीन खिलजी का सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार क्या था?
उत्तर— बाजार नियंत्रण।
प्रश्न 9. दीवान—ए—रियासत नामक नए विभाग की स्थापना किस सुल्तान ने की?
उत्तर— अल्लाउद्दीन खिलजी।
प्रश्न 10.बाजार नियंत्रण के लिए अल्लाउद्दीन खिलजी ने कौन—कौन से अधिकारी नियुक्त किये?
उत्तर— 1. शाहना या दण्डाधिकारी (बाजार का दरोगा)। 2. मुहतसिब (जनसाधारण का रक्षक) 3. बरीद—ए—मुमालिक (गुप्तचर अधिकारी)।

प्रश्न 11.अल्लाउद्दीन खिलजी के द्वारा स्थानीय एवं विदेशी वस्तुओं के लिए कौनसे विभाग की स्थापना की गई?

उत्तर— सराए—ए—अदल।

प्रश्न 12.दिल्ली सल्तन के उस प्रथम सुल्तान का नाम क्या है जिसने सैनिकों को नगद वेतन देना शुरू किया?

उत्तर— अल्लाउद्दीन खिलजी।

लघुत्तरात्मक प्रश्न—2 :— अल्लाउद्दीन खिलजी की बाजार नियंत्रण प्रणाली का वर्णन करो।

उत्तरः— उतर नंबर 7 से 12 तक के उतर को जोड़कर लिखने पर उतर बनेगा।

प्रश्न 1. अलाई किला/कोश ए सिरी का निर्माण कब व किसने करवाया?

उत्तर— सन् 1303 अल्लाउद्दीन खिलजी द्वारा।

प्रश्न 2. दिल्ली सल्तन के किस शासक ने स्वयं को खलीफा घोषित कर उल—वासिक—बिल्लाह की उपाधि धारण की?

उत्तर— कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी (अल्लाहुद्दीन का पुत्र व उतराधिकारी)

प्रश्न 3. खिलजी वंश का अंतिम शासक कौन था?

उत्तर— नासिरूद्दीन खुसरव शाह।

प्रश्न 4. तुगलक वंश का प्रथम शासक कौन था?

उत्तर— ग्यासुद्दीन तुगलक, गाजी मलिक।

प्रश्न 5. मुहम्मद तुगलक की पांच योजनाओं के नाम लिखिए।

उत्तर— 1. दोआब में कर वृद्धि।
2. देवगिरी को राजधानी बनाना।
3. सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन।
4. खुरासान पर आक्रमण।
5. कराचिल की ओर अभियान। (करम खुराक)

प्रश्न 6. मोरक्को का यात्री इब्नबतूता किस शासक के काल में भारत आया?

उत्तर— मुहम्मद तुगलक।

प्रश्न 7. किस शासक ने सरकारी एवं सेना की नौकरी को वंशानुगत बना दिया?

उत्तर— फिरोजशाह तुगलक ने।

प्रश्न 8. फिरोजशाह तुगलक द्वारा बसाये गये प्रमुख नगरों के नाम बताइए।

उत्तर— हिसार फिरोज, फिरोजाबाद, जौनपुर।

प्रश्न 9. फिरोजशाह तुगलक द्वारा निर्मित दो नहरों के नाम बताइए।

उत्तर— 1. सतलज नदी से दौलपुर तक।
2. यमुना नदी से सिरमुर के पास।

प्रश्न 10.ब्राह्मणों पर जजिया नामक पर लगाने वाला तुगलक शासक कौन था?

उत्तर— फिरोज तुगलक।

प्रश्न 11.गैर शरियत कर हटा कर जनता से केवल चार कर वसूल करने वाला शासक कौन था?

उत्तर— फिरोजशाह तुगलक।

प्रश्न 12.फिरोजशाह ने जनता से कौन से चार कर वसूल किये?

उत्तर— खैराज, जकात, खम्स, जजिया।

प्रश्न 13.दासो के लिए अलग विभाग दीवाने—ए—बंदगान की स्थापना किसने की?

उत्तर— फिरोज तुगलक।

प्रश्न 14.भूमि की नाप के लिए 'सिकन्दरीगज' किसने चलाया?

उत्तर— सिकंदरशाह लोदी।

प्रश्न 15.'गुलरू खां' उपनाम से कवितायें कौनसा शासक लिखता था?

उत्तर— सिकंदरशाह लोदी।

प्रश्न 16.पानीपत की प्रथम युद्ध कब व किनके मध्य हुआ?

उत्तर— सन् 1526, बाबर व इब्राहिम लोदी।

शेखावाटी मिशन—100

**प्रश्न 17.सबसे पहले सुल्तान की उपाधि किस शासक ने धारण की?**

उत्तर– महमूद गजनवी।

**प्रश्न 18.सल्तनत काल में केन्द्रीय शासन संस्था का नाम था व इसके कितने स्तम्भ थे?**

उत्तर– मजलीस–ए–सलवत।

चार थे– 1. वजीर 2. दिवान ए अरिज 3. दीवाने इंशा 4. दीवाने रसालत।

**प्रश्न 19.दीवाने विजारत के बारे में बताइए।**

उत्तर– वजीर का कार्यालय दीवाने–विजारत कहलाता था।

इसे वित् विभाग कहा जा सकता हैं

वजीर की सहायता हेतु मुस्तौफी (महालेखा परीक्षक), खनिज, मजमादर (हिसाब संग्रहकर्ता) कर्मचारी होते थे।

**प्रश्न 20.खिलजी वंश के किस शासक ने दीवाने वकुफ नामक नए विभाग की स्थापना की?**

उत्तर– जलालुद्दीन खिलजी।

**प्रश्न 21.दीवाने–ए–मुस्तखराज नामक विभाग की स्थापना किसने की?**

उत्तर– अल्लाउद्दीन खिलजी ने।

**प्रश्न 22.कृषि विभाग दीवाने – अमीर – कोही की स्थापना किसने की?**

उत्तर– मुहम्मद तुगलक ने।

**प्रश्न 23.निम्न का सही मिलान करें–**

उत्तर– (A) दीवाने इंशा– (1) शाही पत्र व्यवहार विभाग का प्रमुख।

(B) दीवाने रियासत– (2) विदेशी मंत्री

(C) सद्र – उस –सुदूर – (3) धर्म विभाग का प्रमुख

(D) काजी उल कुजात – (4) न्याय विभाग का प्रमुख

(E) बरिद – ए–मुमालिक– (5) सूचना/गुप्तचर विभाग

**प्रश्न 24.दरबार एवं राजमहल के कार्यों के लिए कौन–कौन से कर्मचारी होते थे?**

उत्तर– 1. वकील–ए–दर 2. बारबक 3. अमीर–ए–हाजिब 4. अमीर–ए–शिकार 5. अमीर ए मजलिस 6. सर–ए–जहांदार

लघुत्तरात्मक प्रश्न–3ः– सल्तनत कालीन केन्द्रीय प्रशासन पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– प्रश्न 17 से 24 को मिलाने पर उतर बनेगा।

**प्रश्न 1. 1669 ई. में मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश किस शासक ने दिया?**

उत्तर– औरंगजेब।

**प्रश्न 2. 1679 ई. में हिन्दुओं पर पुनः जजिया कर किस शासक ने लगाया?**

उत्तर– औरंगजेब।

**प्रश्न 3. अकबर के काल से चली आ रही प्रण झरोखा दर्शन एवं संगीत पर रोक किस शासक ने लगाई?**

उत्तर– औरंगजेब।

**प्रश्न 4. किस शासक के काल में हिन्दू व्यापारियों पर कर 5 प्रतिशत बढ़ाया गया?**

उत्तर– औरंगजेब।

लघुतरात्मक प्रश्न–4 :– औरंगजेब की धार्मिक नीति का वर्णन करो।

उत्तर– प्रश्न 1 से 4 तक के उतर को मिलाने पर उतर बनेगा।

**प्रश्न 1. शेरशाह सूरी ने कौनसी चार बड़ी सड़कों का निर्माण करवाया?**

उत्तर– 1. शेरशाह सूरी की सबसे लम्बी सड़क बंगाल के सोनारगांव से लेकर पेशावर तक थी जिसका अस्तित्व आज भी है।

2. दूसरी सड़क आगरा से बुहरानपुर तक।

3. तीसरी सड़क आगरा से जोधपुर तथा चितौड़ तक जाती थी।

4. चौथी सड़क लाहौर से मुल्तान तक जाती थी।

**प्रश्न 2. शेरशाह सूरी ने मुद्रा ढलाई में क्या सुधार किये?**

उत्तर– 1. शेरशाह ने पुराने और मिश्रित धातुओं के बने हुए सिक्को का प्रचलन बंद कर दिया तथा उनके स्थान पर सोने, चांदी तथा तांबे के नये सिक्के प्रचलित किये।

2. उसे तांबे का 380 ग्रेन का दाम तथा चांदी का 178 ग्रेन का दाम का रूपया जारी किया।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 3. शेरशाह ने लगान व्यवस्था के लिए कौनसी प्रणाली प्रचलित की?**

उत्तर— 1. गल्लाबख्शी / बंटाई।

2. नश्क मुक्ताई या कनकुत।

3. जब्ती प्रणाली।

**लघुतरात्मक प्रश्न 5:— शेरशाह सूरी के साम्राज्य सुधारों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर— प्रश्न 1 से 3 के उतर।**

**लघुतरात्मक प्रश्न 6:— राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का अग्रगामी क्यों कहा जाता है?**

उत्तर— राव चन्द्रसेन को प्रताप का अग्रगामी कहा जाता है क्योंकि चन्द्रसेन राजस्थान का प्रथम शासक था जिसने परमपरागत राजपूती भावना का निर्वाह करते हुए अपनी स्वाधीनता की रक्षा की। उसने अपने सीमित साधनों से शक्तिशाली मुगल सम्राट अकबर से लोहा लिया था परन्तु उसकी अधीनता स्वीकार नहीं की। उसे काफी समय तक पहाड़ों में रहना पड़ा और मुगलों का मुकाबला करने के लिए उसने छापामार युद्ध पद्धति का सहारा लिया। जिस स्वतंत्रता की ज्योति को राव चन्द्रसेन ने प्रज्जवलित किया था उसका निर्वाह महाराणा प्रताप ने ही किया था।

**प्रश्न 1. 1725 ई. में नक्षत्रों की गति की गणना करने के लिए एक शुद्ध सारणी का निर्माण किस शासक ने करवाया था?**

उत्तर— सवाई जयसिंह

**प्रश्न 2. जयसिंह से ज्योतिष विद्या पर कौनसा ग्रन्थ लिखा?**

उत्तर— जयसिंह कारिका।

**प्रश्न 3. भारत में ज्योतिष के अध्ययन के लिए पांच स्थानों पर पांच वैध शालाएं किस शासक द्वारा बनवाई गई?**

उत्तर— सवाई जयसिंह।

**प्रश्न 4. सवाई जयसिंह ने कौन—कौन से स्थानों पर पांच वैधशालाएं बनवाई?**

उत्तर— जयपुर, दिल्ली, मथुरा, बनारस, उज्जैन।

**प्रश्न 5. सवाई जयसिंह द्वारा बनवाई गई पांचों वैधशालाओं में से सबसे बड़ी वैध शाला कौनसी है?**

उत्तर— जयपुर का जंतर—मंतर।

**प्रश्न 6. जयपुर नगर की स्थापना को जुलाई 2010 ई. में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया।**

उत्तर— सवाई जयसिंह।

**प्रश्न 7. जलममहलों का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?**

उत्तर— सवाई जयसिंह।

**लघुतरात्मक प्रश्न 7:— सवाई जयसिंह द्वितीय के काल में ज्ञान विज्ञान तथा कला की उन्नति का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर— प्रश्न 1 से 7 तक को जोड़ने पर इस प्रश्न का उतर बनेगा।**

**प्रश्न 1. पुरंदर की संधि कब व किनके मध्य हुई?**

उत्तर— 1665 ई. में। आमेर के राजा मिर्जा जयसिंह व शिवाजी के मध्य।

**प्रश्न 2. शिवाजी को पुरंदर की संधि करने के लिए विवश क्यों होना पड़ा?**

उत्तर— 1664 में शिवाजी ने मुगलों के अधीन सूरत नगर को लूटा व अनेक मुगल प्रदेशों व दुर्गों पर अपना अधिकार कर लिया इससे क्रुद्ध होकर औरंगजेब ने मिर्जा राजा जयसिंह व दिलेर खां के नियंत्रण में मुगल सेना शिवाजी को पराजित करने के लिए भेजी। जिसने शिवाजी के अनेक किलों पर अधिकार कर लिया व पुरंदर के किले को घेर लिया। इस कारण अंत में विवश होकर शिवाजी को 1665 में पुरंदर की संधि करनी पड़ी।

**प्रश्न 3. पुरंदर की संधि का प्रमुख शर्तों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर— 1. शिवाजी ने अपने कुल 35 दुर्गों में से 23 दुर्ग मुगलों को सौंप दिए और मात्र 12 दुर्ग अपने पास रखे।

2. शिवाजी के बड़े पुत्र शम्भाजी को मुगल दरबार मे पांच हजारी मनसबदार बनाया गया।

<u>लघुतरात्मक प्रश्न 8:— शिवाजी को पुरंदर की संधि क्यों स्वीकार करनी पड़ी? इस संधि की प्रमुख शर्तों का उल्लेख करो।</u>

उत्तर— 1 से 3 तक के उतर मिलाने पर इस प्रश्न का उतर बनेगा।

शेखावाटी मिशन—100

☞ **लघुतरात्मक प्रश्न 9:– वीर तानाजी राव मालुसरे का परिचय देते हुए मराठा साम्राज्य निर्माण में इसका योगदान बताइए।**

उत्तर– वीर तानाजी राव मालसुरे का जन्म महाराष्ट्र के कोंकण प्रान्त में महाड के पास उमरथे में हुआ।

– वे बचपन से ही छत्रपति शिवाजी के दोस्त थे और उनके साथ हर युद्ध में शामिल होते थे।

**मराठा साम्राज्य में योगदानः–**

कोंडाना विजयः– शिवाजी की विजयों में कोंडाना विजय भी एक महत्वपूर्ण विजय थी। शिवाजी की तरफ से कोंडाना का किला तानाजी राव मालसुरे ने जीता था।

तानाजी अपने भाई सूर्या जी व शेलार मामा के साथ 342 सैनिक लेकर कोंडाना विजय पर गये।

तानाजी ने कोंडान किला मुगल सूबेदार उदयभान राठौड़ से जीता परन्तु स्वयं वीरगति को प्राप्त हुए।

तानाजी की स्मृति में कोंडान के किले का नाम बदलकर सिंहगढ़ कर दिया गया।

**प्रश्न 1. निम्न का सही मिलान करोः–**

| शिवाजी के विजय अभियान | सन् |
|---|---|
| 1. तोरण दुर्ग | a. 1646 |
| 2. बीजापुर से रायगढ़ व चाकन दुर्ग | b. 1646 |
| 3. सिंहगढ़ बारामती इंद्रपुर पुरंदर | c. 1647 |
| 4. कल्याण व जावली का दुर्ग | d. 1656 |
| 5. अफजल खां का पतन | e. 1659 |
| 6. शायस्ता खां पर रात्रि आक्रमण | f. 1662 |

**उत्तरः– सभी सही है।**

**प्रश्न 3. बाबर का मकबरा कहां है?**

उत्तर– काबुल।

**प्रश्न 4. बाबर ने अपनी आत्मकथा तुजुक ए बाबरी' कौनसी भाषा में लिखी?**

उत्तर– तुर्की भाषा।

**प्रश्न 5. बाबरनामा/तुजुके बाबरी का फारसी भाषा में अनुवाद किसने किया?**

उत्तर– अब्दुर्रहीम खानखाना।

**प्रश्न 6. 'दीन पनाह' नामक नगर की स्थापना किसने की?**

उत्तर– हुमायूँ।

**प्रश्न 7. चौसा का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ?**

उत्तर– 1539, हुमायूँ व शेरशाह सूरी के मध्य।

**प्रश्न 8. शेरशाह की वास्तविक नाम क्या?**

उत्तर– फरीद।

**प्रश्न 9. शेर खां ने शेरशाह की उपाधि कब धारण की?**

उत्तर– चौसा की जीत के बाद।

**प्रश्न 10.कन्नौज/बिलग्राम का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ?**

उत्तर– 1540 ई. में हुमायूं व शेरशाह।

**प्रश्न 11.हुमायूं दूसरी बार दिल्ली की गद्दी पर कब बैठा?**

उत्तर– 23 जुलाई 1555 ई.

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–3
# अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एवं संघर्ष

अंक भार–7

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. 1857 की क्रांति का स्वरूप व क्रांति के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।**

उत्तर– डॉ. विनायक दामोदर सावरकर ने अपनी पुस्तक :– भारत का स्वतंत्रता संग्राम में इस क्रांति (1857 की) को भारत का स्वतंत्रता संग्राम बताया है।

**1857 की क्रांति के कारणः–**

1. अंग्रेजों की आर्थिक क्रांति।
2. लार्ड डलहौजी का हड़प सिद्धान्त।
3. अंग्रेजों की साम्राज्य विस्तार की नीति।
4. सामाजिक, धार्मिक, सैनिक कारण।

**प्रश्न 2. 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था?**

उत्तर– चर्बी लगे कारतूस।

**प्रश्न 3. 1857 की क्रांति के प्रारम्भ व प्रसार पर टिप्पणी लिखो।**

उत्तर– 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी के सैनिक मंगल पांडे ने विद्रोह कर एक अंग्रेज अधिकारी की हत्या की दी।

– सर्वप्रथम की शुरूआत 10 मई 1857 को मेरठ छावनी से हुई क्रांतिकारियों ने दिल्ली पर अधिकार कर बहादुरशाह जफर को क्रांति का नेतृत्व शोप दिया।

– अंग्रेजों ने सितम्बर 1857 को दिल्ली पर पुनः अधिकार कर लिया इस युद्ध में अंग्रेज अधिकारी जॉन निकल्सन मारा गया।

– लेफ्टिनेंट हडसन ने सम्राट को बंदी बना लिया व हुमायूं के मकबरे में सम्राट के दो पुत्रों व एक पौते की गोली मारकर हत्या कर दी।

| केन्द्र | विद्रोही | विद्रोह का दिन | विद्रोह को दबाने वाले अंग्रेज अधिकारी |
|---|---|---|---|
| लखनऊ | बेगम हजरत महल | 4 जून, 1857 | कैम्पबैल |
| झांसी | रानी लक्ष्मी बाई | 4 जून 1857 | ह्यूरोज |
| कानपुर | नाना साहिब | 5 जून 1857 | कैम्पबैल |
| बिहार | कुंवर सिंह | जून 1857 | टेलर |
| बरेली | बहादूर खान | – | कैम्पबैल |

**प्रश्न 4. निम्न पर टिप्पणी लिखो।**

1. रोलेट एक्ट
2. जलियावाला बाग हत्या कांड
3. साइमन कमिशन

रोलेट एक्टः– 19 मार्च 1919 को विधान मंडल में एक बिल पास किया गये जिसके अनुसार किसी भी व्यक्ति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया जा सकता था। उसे न कोई अपील न दलील और न काई वकील का अधिकार था। इसे रोलेट एक्ट को कला कानून कहा गया।

**जलियावाला बाग हत्याकांडः–** 13 अप्रैल 1919 को रोलेट एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर के जलियावाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। जनरल डायर ने बिना किसी पूर्व सूचना के सैनिकों को गोलियां चलाने का हुक्म दे दिया। गोलिया तब तक चलती रही जब तक कारतूस खत्म नहीं हो गये। इस घटना में बहुत सारे लोग मारे गये इसे जलियावाला बाग हत्याकांड कहते हैं।

**साइमन कमिशनः–** 1919 के भारत सरकार अधिनियम के जांच के लिए सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक सात सदस्यों की कमेटी गठित की गयी। जिसमें एक भी भारतीय सदस्य नहीं था। इसलिए साइमन कमिशन का देश में विरोध हुआ। लाहौर में कमीशन का विरोध करते हुए लालाजी की सर पर लाठी चार्ज के दौरान चोट लगने के कारण कुछ दिनों बाद लालाजी की मृत्यु हो गयी।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 5. निम्न पर टिप्पणी लिखो–**

1. असहयोग आन्दोलन 2. सविनय अवज्ञा आन्दोलन 3. व्यक्तिगत आन्दोलन।

1. **असहयोग आन्दोलन** :– सितम्बर 1920 ई. के कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में ब्रिटिश सरकार के साथ असहयोग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके तहत सरकारी उपाधियों को छोड़ने, विधानसभाओं, न्यायालयों, सरकारी शैक्षिक संस्थाओं एवं विदेशी माल आदि का त्याग करना एवं कर न देना आदि सम्मिलित था। 1921 ई. में इस आन्दोलन के अंतर्गत लगभग 30 हजार व्यक्ति जेल भेजे गये। इस आन्दोलन ने समूचे भारत को एक नवीन ऊर्जा प्रदान की। किन्तु 5 फरवरी 1922 ई. को चौरी–चौरा नामक स्थान पर हुई घटना के विरोध में तथा आन्दोलन के हिंसक होने पर 12 फरवरी 1922 ई. को महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन को वापिस ले लिया।
2. **सविनय अवज्ञा आन्दोलनः**– 12 मार्च 1930 ई. को गांधीजी के साबरमती आश्रम से 78 अनुयायियों के साथ दांडी मार्च शुरू किया। 6 अप्रैल 1930 ई. कोदांडी पहुंच कर नमक बना कर सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू किया।
3. **व्यक्तिगत सत्याग्रहः**– 17 अक्टूबर, 1940 ई. को गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आन्दोलन शुरू किया। इस सत्याग्रह के दौरान गांधीजी द्वारा चुने सत्याग्राही भाषण देंगे और गिरफ्तारी देंगे। इस आन्दोलन के दौरान आचार्य विनोबा भावे पहले जवाहरलाल नेहरू दूसरे व ब्रह्मदत्त तीसरे सत्याग्राही थे।

**प्रश्न 6. भारत छोड़ों आन्दोलन कब शुरू किया गया?**

उत्तर– 8 अगस्त 1942

**प्रश्न 7. गांधीजी ने 'करो या मरो' का नारा किस आन्दोलन के दौरान दिया।**

उत्तर– भारत छोड़ों आन्दोलन।

**प्रश्न 8. राजस्थान मे प्रजामंडल की स्थापना के उद्देश्य क्या थे?**

उत्तर– देशी रियासतों में उतरदायी शासन की स्थापना सामन्ती अत्याचारों व शोषण का विरोध, देशी रियासतों में चल रहे राष्ट्रीय आन्दोलन को शक्ति प्रदान करने के लिए राजस्थान में विभिन्न रियासतों में प्रजामंडल नामक राजनीतिक संगठनों की स्थापना की गयी। राजस्थान की समस्त रियासतों में अपने–अपने प्रजामंडल कार्यरत रहे, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता तक अनेक मुद्दों पर समय समय पर अनेक आन्दोलनों का संचालन किया।

**प्रश्न 9. प्रजामंडल आन्दोलन की उपलब्धियों का वर्णन करो।**

उत्तर– 1. महिलाओं को घर की चारदिवारी से बाहर निकालना।
2. प्रजामंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामाजिक सुधारों पर बल देना।
3. लोगों में राजनीतिक जागृति का संचार
4. राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रोत्साहन।

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. ब्रिटिश इस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना कब हुई व भारत में इस्ट इण्डिया कम्पनी ने स्थाई व्यापारिक कोठी कहां स्थापित की?**

उत्तर– 23 सितम्बर, 1600 ई., 1612 ई. में सूरत में।

**प्रश्न 2. दस्तक (विशेष अनुमति पत्र) किसे कहते हैं?**

उत्तर– 1717 ई. में मुगल सम्राट फर्रूखसियर से एक फरमान प्राप्त कर अंग्रेजी कम्पनी ने 38 गांवों की जमींदारी प्राप्त कर ली। इसके अनुसार तीन हजार रूपये नजराने के बदले में कम्पनी के माल को सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया गया और चुंगी शुल्क मुक्ति के लिए अंग्रेजी कम्पनी को दस्तक (विशेष अनुमति पत्र) जारी करने का अधिकार दे दिया।

**प्रश्न 3. प्लासी का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ?**

उत्तर– 23 जून 1757 ई. अंग्रेज व बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के मध्य।

**प्रश्न 4. प्लासी के युद्ध का परिणाम बताइए।**

उत्तर– 1. प्लासी के युद्ध में अंग्रेजो की विजय हुई व नबाव सिराजुद्दौला माना गया।
2. अंग्रेजों ने बंगाल का नवाब ''मीर जाफर'' को बना दिया जिससे बंगाल में अंग्रेजों की सर्वोच्चता स्थापित हो गई।

**प्रश्न 5. प्लासी के युद्ध के कारण बताइए। (कोई दो)**

उत्तर– 1. बंगाल के नवाब अलीवर्दी खां की मृत्यु के बाद उसका नाती सिराजुद्दौला नवाब बना किन्तु पूर्णिया का गर्वनर शौकत जंग भी नवाब बनना चाहता था।
2. आर्थिक मामलों को लेकर नवाब और अंग्रेजों के मध्य काफी मतभेद हो गये।

**प्रश्न 6. बक्सर का युद्ध कब हुआ?**

उत्तर– 22 अक्टूबर 1764 ई.

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 7. बक्सर के युद्ध का कारण बताइए?**

उत्तर– बंगाल का नवाब मीर जाफर अंग्रेजों को धनपूर्ति नहीं कर सका इस कारण अंग्रेजों ने मीर जाफर की जगह मीर कासिम को नवाब बना दिया। मीर कासिम ने बंगाल में प्रशासनिक सुधार का प्रयास किया इसी कारण आर्थिक मामलों एवं विभिन्न सुविधाओं को लेकर मीर कासिम ने अंग्रेजों के मध्य मतभेद बढ़ते गए। इस कारण 22 अक्टूबर 1764 ई. को बक्सर का युद्ध हुआ।

**प्रश्न 8. बक्सर के युद्ध के परिणाम बताइए। (कोई दो)**

उत्तर– 1. नवाब मीर कासिम की पराजय व अंग्रेजों की विजय हुई।

2. इस युद्ध के बाद बंगाल, बिहार और उड़ीसा के दीवानी अधिकार अंग्रेजों को प्राप्त हो गये।

**प्रश्न 9. कोल विद्रोह के बारे में बताइए।**

उत्तर– अंग्रेजी प्रशासन जटिलताओं कठोर भूमिकर व्यवस्था तथा स्थानीय शासकों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार व शोषण के खिलाफ कोल जनजाति ने रांची, सिंहभूमि, हजारीबाग, प्लामू तथा मानभूमि के क्षेत्रों में विद्रोह किया। यह विद्रोह तब अधिक बढ़ गया जब 1831 ई. में उनकी भूमि उनके मुखिया मुण्डो से छीनकर बाहरी लोगों को दे दी गई।

**प्रश्न 10.भील विद्रोह के बारे में बताइए।**

उत्तर– 1812–19 ई. के बीच पश्चिमी तट के खानदेश जिले के भीलों ने अंग्रेजो के विरूद्ध विद्रोह कर दिया। कृषि सम्बन्धी समस्याओं से उनमें आक्रोश था। यद्यपि अंग्रेजी सेनाओं ने उन्हें कुचलने का प्रयास किया परन्तु 1831 ई. और 1846 ई. में उन्होंने पुनः विद्रोह किया।

**प्रश्न 11.रमोसी विद्रोह के बारे में बताइए।**

उत्तर– पश्चिमी घाट के रमोसी जनजाति के ये लोग अंग्रेजी प्रशासन पद्धति तथा अंग्रेजी प्रशासन से बहुत नाराज थे। 1822 ई. में उनके सरदार चित्तर सिंह ने विद्रोह कर दिया तथा सतारा के आस–पास के प्रदेश लूट लिए। 1825–26 ई. में उन्होंने पुनः विद्रोह किया। अन्त में भारी सैन्य बल से ही अंग्रेज इन विद्रोहों का दमन करने में सफल हुए।

**प्रश्न 12.इण्डियन लीग की स्थापना कब हुई। इसकी स्थापना के पिछे क्या उद्देश्य था?**

उत्तर– 1875 ई. में बंगाल के चिन्तकों ने इण्डियन लीग की स्थापना की। इसका उद्देश्य भारतीय राष्ट्रवाद एवं राजनैतिक चेतना जागृत करना था।

**प्रश्न 13.इण्डियन एसोसियेशन की स्थापना कब व किसने की?**

उत्तर– 1876 ई. में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी के नेतृत्व में इण्डियन सोसियेशन की स्थापना की गई।

**प्रश्न 14.इण्डियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना कब व किसने की?**

उत्तर– 1885 ई. में एलेन ओक्टेवियन हूम (AO हूम) ने।

**प्रश्न 15.इण्डियन नेशनल कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कब व कहां हुआ?**

उत्तर– 28 दिसम्बर 1885 ई.

व्योमेश चन्द्र बनर्जी की अध्यता में बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में। (72 प्रतिनिधि सम्मिलित)।

**प्रश्न 16.कांग्रेस की स्थापना के उद्देश्य बताइए।**

उत्तर– 1. राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयत्न में लगे लोगों को आपास में परिचित होने का अवसर देना।

2. ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति पूरी निष्ठा और भक्ति रखते हुए इंग्लैण्ड की संसद द्वारा तय किये गये सिद्धान्तों के विरूद्ध किये जाने वाले भारत सरकार के कार्यों का विरोध करना।

**प्रश्न 17.कांग्रेस के चार प्रमुख उदारवादी नेताओं के नाम लिखिए।**

उत्तर– 1. फिरोजशाह मेहता 2. गोपालकृष्ण गोखले

3. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी 4. दादाभाई नौरोजी

**प्रश्न 18.उग्रवादी दल के चार प्रमुख नेताओं के नाम लिखिए।**

उत्तर– 1. बाल गंगाधर तिलक 2. विपिन चन्द्र पाल 3. अरविन्द घोष 4. लाल लाजपतराय

**प्रश्न 19.उग्रवादी दल ने अपने कार्यक्रमों में किन पर बल दिया?**

उत्तर– 1. विदेशी माल का बहिष्कार 2. स्वदेशी माल को प्रोत्साहन 3. राष्ट्रीय शिक्षा 4. सत्याग्रह।

**प्रश्न 20.भारत में होमरूल आन्दोलन कब और किनके द्वारा शुरू किया गया?**

उत्तर– 1915 ई. में श्रीमती एनीबेसेन्ट तथा बाल गंगाधर तिलक ने 1916 में पूना में होमरूल आन्दोलन शुरू किया।

**प्रश्न 21.भारत में होमरूल आन्दोलन शुरू करने का क्या उद्देश्य था?**

उत्तर– होमरूल आन्दोलन का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के अन्तर्गत स्वायत्ता की मांग को लोगों तक पहुंचाना था।

**प्रश्न 22.खिलाफत आन्दोलन क्या था?**

उत्तर– खिलाफत आन्दोलन भारतीय मुसलमानों द्वारा तुर्की के खलीफा के सम्मान में चलाया गया आन्दोलन था।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 23.सम्पूर्ण देश में खिलाफत दिवस कब मनाया गया?**

उत्तर– 17 अक्टूबर, 1919 को।

**प्रश्न 24.खिलाफत आन्दोलन का समर्थन करते हुए गांधीजी ने कौनसी उपाधि लौटा दी?**

उत्तर– कैसर–ए–हिन्दा।

**प्रश्न 25.चौरी–चौरा काण्ड क्या था?**

उत्तर– असहयोग आन्दोलन के दौरान चौरी–चौरा नामक स्थान पर एक उग्र भीड़ द्वारा एक पुलिस थाने में आग लगा दिए जाने से एक थानेदार तथा 21 सिपाहियों की मृत्यु हो गई। इसे चौरी चौरा काण्ड कहते हैं।

**प्रश्न 26.भारत छोड़ों आन्दोलन में भारत के स्वतन्त्रता आंदोलन पर क्या प्रभाव पड़ा? बताइए।**

उत्तर– 1. इस आन्दोलन ने भारत की स्वतन्त्रता का मार्गप्रशस्त कर दिया।

2. इस आन्दोलन ने भारतियों में साहस,वीरता, उतसाह, शौर्य और देश के लिए सर्वस्व त्याग की भावना जागृत की।

**प्रश्न 27.राजस्थान में किसान आन्दोलन के क्या कारण रहे बताइए।**

उत्तर– 1. शासकों द्वारा अपनी प्रजा के हितो की उपेक्षा करना।

2. राजस्व अधिक वसूलने के साथ–साथ किसानों से भी जाने वाली बेगारी व लोगों में वृद्धि करना।

**प्रश्न 28.भगत आंदोलन के बारे में बताइए।**

उत्तर– भीलों के सामाजिक व नैतिक उत्थान के लिए गोविन्द गुरू ने सम्प सभा स्थापित की व उन्हें हिन्दू धर्म के दायरे में बनाए रखने के लिए भगत पंथ की स्थापना की। शासन ने सशंकित होकर भीलों को भगत पंथ छोड़ने के लिए विवश किया तथा उन्हें बेगार कृषि कार्य करने के लिए बाध्य किया व जंगलो में।

**प्रश्न 29.एकी आंदोलन के बारे में लिखिए।**

उत्तर– मोतीलाल तेजावत भी एक प्रमुख जनजातीय नेता थे। उन्होंने भीलों गरासियों आदि को अपने नेतृत्व में संगठित करने के लिए एकी आन्दोलन शुरू किया और सामन्तों, शासकों की दमनकारी नीति व बेगार के प्रति अपना अविश्वास प्रकट किया।

**प्रश्न 30.बिजौलिया किसान आन्दोलन शुरू करने के क्या कारण थे?**

उत्तर– 1. बिजौलिया के किसानों पर 84 प्रकार की लग–बागे लगी हुई थी साथ ही उनसे बेगार भी ली जाती थी।

2. बिजौलिया के जागीरदार कृष्णसिंह ने 1903 ई. में किसानों पर चंवरी कर व पृथ्वीसिंह ने तलवार बंधाई नामक नए कर लगा दिए।

**प्रश्न 31.बिजौलिया किसान आन्दोलन के बारे में लिखिए।**

उत्तर– जागीरदार पृथ्वीसिंह के समय 1913 ई. में साधु सीतारामदास के नेतृत्व में बिजौलिया के किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया जिसका नेतृत्व बाद में विजयसिंह पथिक ने संभाला। पथिक जी ने उपरमाल सेवा समिति की स्थापना की व ऊपरमाल का डंका नाम से एक पत्र निकाला। अन्त में 1922 ई. में मेवाड़ की सरकार ने किसानों से समझौता कर लिया और 35 लागतों को माफ कर दिया।

**प्रश्न 32.निम्न पर टिप्पणी लिखिए।**

**1. बेगूं किसान आंदोलन।**

**2. बरड किसान आंदोलन।**

**3. नीमूचणा किसान आंदोलन।**


उत्तर– 1. बेगूं किसान आंदोलन :– बिजौलिया किसान आंदोलन से प्रेरित होकर 1921 ई. में बेगूं के किसानों ने भी विभिन्न लागतों लगान की ऊंची दरो व जागीरदार के अत्याचारों के विरोध में आंदोलन कर दिया। दो वर्ष के संघर्ष के बाद बेगूं के जागीरदार ने किसानों की मांगों को स्वीकार करते हुए उनसे समझौता कर लिया।


2. बरड़ किसान आंदोलनः– बरड़ के किसानों ने भी अनेक प्रकार की लागतों लगान की ऊँची दरों बेगार के विरूद्ध सन् 1922 ई. में आंदोलन कर दिया। 1923 ई. में डाबी गांव में किसानों की सभा में पुलिस की गोलियों से दो किसान मारे गये। 1927 ई. में बाद यह आंदोलन समाप्त हो गया।


3. नीमूचणा किसान आंदोलनः– 1925 ई. में भू–राजस्व के नाम पर होने वाली लूट के विरूद्ध नीमूचणा में किसान एकत्रित हुए लेकिन राज्य सरकार की सेना ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें 36 किसान मारे गये।

शेखावाटी मिशन–100

प्रश्न 33.भारत का मानचित्र।



# पाठ–4
# विश्व का इतिहास (औद्योगिक क्रान्ति)

अंक भार–2

बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**1.** औद्योगिक क्रान्ति का प्रारम्भ किस देश से हुआ–
(अ) इग्लैण्ड (ब) भारत (स) फ्रांस (द) जर्मनी (अ)

**2.** लौह स्तम्भ जो बिना जंग लगे खड़ा है, कहाँ स्थित है–
(अ) कानपुर (ब) गुजरात (स) दिल्ली (द) मध्यप्रदेश (स)

**3.** ''लेक्चर्स ऑन इंण्डस्ट्रियल रिवोल्यूशन'' बुक किसके द्वारा लिखी गई–
(अ) जार्जिस मिशले (ब) अर्नोल्ड टॉयनवी (स) काईड्रिक एंजेम (द) कोई नहीं (ब)

**4.** औद्योगिक क्रान्ति सबसे पहले किस क्षेत्र में शुरू हुई–
(अ) कृषि (ब) उद्योग (स) संचार (द) परिवहन (अ)

**5.** ''फ्लाईंग शटल लूम'' की खोज किसने की–
(अ) द्विटन (ब) जॉन के (स) साइरस (द) कोई नहीं (ब)

**6.** वाटर फ्रेम का आविष्कार कब किया गया–
(अ) 1756 (ब) 1778 (स) 1766 (द) 1769 (द)

**7.** पावरलूम (शक्ति चालित करघा) का आविष्कार कब किया गया–
(अ) 1787 (ब) 1779 (स) 1766 (द) 1756 (अ)

**8.** प्रथम वाष्प चलित नौका का आविष्कार कब किया गया–
(अ) 1809 (ब) 1807 (स) 1801 (द) 1813 (ब)

**9.** स्वेज नहर कब बनी–
(अ) 1876 (ब) 1869 (स) 1878 (द) 1855 (ब)

**10.** औद्योगिक क्रान्ति के परिणाम क्या थे?
(अ) आर्थिक (ब) राजनैतिक (स) सामाजिक (द) उपरोक्त सभी (द)

**11.** टेलीफोन का आविष्कार कब व किसने किया?
(अ) 1769, रिचर्ड आर्कराइट (ब) 1876, ग्राहम बैल
(स) 1814, जार्ज स्टीफेन्स (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

**12.** भूमध्य सागर और लाल सागर को कौन–सी नहर जोड़ती है–
(अ) पनामा नहर (ब) कील नहर (स) स्वेज नहर (द) ईरी नहर (स)

**13.** स्वेज नहर का निर्माण किसने कराया–
(अ) लैस्पैथ (ब) जैमस ब्रिदली (स) रोबर्ट फुल्टन (द) स्टीफेन्स (अ)

**14.** धमन भट्टी का आविष्कार कब व किसने किया–
(अ) 1809, अब्राहम डर्बी (ब) 1709, अब्राहम डर्बी (स) 1807, रोबर्ट फल्टन (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. दिल्ली का लौह स्तम्भ क्यों प्रसिद्ध है?**
उत्तर– क्योंकि इस पर आज तक जंग नहीं लगने के कारण।

**प्रश्न 2. ''रामसेतु'' किन दो देशों को जोड़ता है?**
उत्तर– भारत व श्रीलंका को।

**प्रश्न 3. औद्योगिक क्रान्ति शब्द का प्रयोग किसने किया?**
उत्तर– जार्जिस मिशले तथा काईड्रिक एंजेम ने।

**प्रश्न 4. औद्योगिक क्रान्ति से होने वाले कोई दो परिवर्तन बताइये।**
उत्तर– (i) शक्ति चालित यंत्रों का प्रयोग। (ii) इस्पात बनाने के कारखाने खुले।

**प्रश्न 5. औद्योगिक क्रान्ति में कौनसा सिद्धान्त अपनाया गया?**
उत्तर– कम मानव श्रम तथा अधिकतम उत्पादन के सिद्धान्त।

**प्रश्न 6. विश्व में सबसे पहले किस देश में आधुनिक औद्योगिकिकरण शुरू हुआ?**
उत्तर– इंग्लैण्ड।

**प्रश्न 7. इंग्लैण्ड में सबसे पहले औद्योगिक क्रान्ति शुरू होने के कोई दो कारण बताइये।**
उत्तर– (i) लोहे व कोयले की खाने पास होना। (ii) पूँजी होना।

**प्रश्न 8. फसल काटने वाली मशीन का आविष्कार किसने किया?**
उत्तर– साइरस ने।

**प्रश्न 9. जॉन के ने किस मशीन की खोज की?**
उत्तर– फ्लांइग शटल लूम।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 10.वाटर फ्रेम का आविष्कार कब और किसने किया?**
उत्तर– 1769 में आर्कराइट ने।
**प्रश्न 11.पावरलूम का आविष्कार किसने किया?**
उत्तर– कार्टराइट ने।
**प्रश्न 12.स्वेज नहर किसको जोड़ती है?**
उत्तर– लाल सागर व भूमध्यसागर को।
**प्रश्न 13.प्रथम वाष्प चलित नौका कब, किसने बनाई और किस नदी में चली?**
उत्तर– 1807 में फुल्टन ने 1 हड़सन नदी में।
**प्रश्न 14.इंग्लैण्ड की पहली नहर का क्या नाम है?**
उत्तर– वर्सलीकैनाल नहर।
**प्रश्न 15.वर्सली कैनाल नहर का निर्माण कब व किसने किया?**
उत्तर– 1761 में जैम्स ब्रिदली ने।
**प्रश्न 16.विश्व की प्रथम रेलगाड़ी कब और कहाँ चली?**
उत्तर– 1830 ई. में। मैनचेस्टर व लिवरपूल के बीच।
**प्रश्न 17.व्यवहारिक तार यंत्र का निर्माण कब व किसने किया?**
उत्तर– 1844 में सैम्युअल मौर्स ने।
**प्रश्न 18.ग्राहम बैल ने किसका आविष्कार और कब किया?**
उत्तर– टेलीफोन का 1876 में।
**प्रश्न 19.संचार के क्षेत्र में किस आविष्कार ने क्रांति ला दी?**
उत्तर– टेलीफोन के।
**प्रश्न 20.औद्योगिक क्रान्ति के कोई दो परिणाम बताइये।**
उत्तर– (i) आर्थिक परिणाम (ii) सामाजिक परिणाम
**प्रश्न 21.आलोडन भट्टी की खोज किसने की?**
उत्तर– हेनरी कोर्ट ने।
**प्रश्न 22.धमन भट्टी की खोज किसने की?**
उत्तर– अब्राहम डर्बी ने।
**प्रश्न 23.आलोडन भट्टी क्या है?**
उत्तर– इसमें पिघले लोहे में से अशुद्धि दूर की जाती है।
**प्रश्न 24.औद्योगिक क्रान्ति किस क्षेत्र में शुरू हुई?**
उत्तर– कृषि क्षेत्र में।
**प्रश्न 25.औद्योगिक क्रान्ति का तात्पर्य क्या है?**
उत्तर– (i) औद्योगिक क्रान्ति से तात्पर्य– उत्पादन प्रणाली में हुए आधारभूत परिवर्तन से।
(ii) जिसमें लोगों के उत्पादन, जीवन का रहन–सहन और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हाती है।
**प्रश्न 26.औधोगिक क्रांति के समय सबसे पहले किस क्षेत्र में सुधार हुआ ?**
उत्तर– कृषि क्षेत्र में
**प्रश्न 27.बीज बोने की मशीन सीड ड्रिल किसने बनाई ?**
उत्तर– यार्कशायर के जमींदार जथ्रोटल ने।
**प्रश्न 28.फसलचक्र सिद्वांत किसने दिया ?**
उत्तर– टाउनशैण्ड
**प्रश्न 29.मिश्रित कृषि (कृषि के साथ पशुपालन) की शुरूआत किसने की ?**
उत्तर– राबर्ट बैकबैल
**प्रश्न 30.अनाज को भुसे से अलग करने की मशीन किसने बनाई ?**
उत्तर– ह्विटन
**प्रश्न 31.कताई की मशीन (spinning jenny) किसके द्वारा बनाई गई ?**
उत्तर– जेम्स हरग्रीव्ज, 1715।
**प्रश्न 32.बेसेमर प्रक्रिया की खोज किसने की ?**
उत्तर– हेनरी बेसेमर।
**प्रश्न 33.बेसेमर प्रक्रिया किसे कहते हैं ?**
उत्तर– लोहे से सीधा इस्पात तैयार करने की विधि को बेसेमर प्रक्रिया कहते हैं।
**प्रश्न 34.सड़क निर्माण प्रणाली का आविष्कार किसने किया?**
उत्तर– मकाडम।
**प्रश्न 35.'नहरोन्माद काल' किसे कहते हैं ?**
उत्तर– इग्लैण्ड में 1788 ई. से 1796 ई. में अनेक नहरों का निर्माण कराया गया। इस काल को नहरोन्माद काल के नाम से जाना जाता है।
**प्रश्न 36.प्रसिद्व भाप इंजन रॉकेट का आविष्कार किसने किया ?**
उत्तर– जार्ज स्टीफेन्स 1814 ई. में।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–5
# लोकतन्त्र

अंक भार–5

<u>बहुविकल्पात्मक प्रश्न</u>

**1.** अंग्रेजी शब्द **'Democracy'** का हिन्दी अनुवाद है–
(अ) लोकतंत्र (ब) जनतंत्र (स) प्रजातंत्र (द) ये सभी (द)

**2.** आधुनिक युग में 'प्रतिनिधि लोकतंत्र' का प्रमुख रूप है–
(अ) संसदीय लोकतंत्र (ब) सामाजिक लोकतंत्र (स) राजनैतिक लोकतंत्र (द) आर्थिक लोकतंत्र (अ)

**3.** ''लोकतंत्र एक ऐसा शब्द है जिसके अनेक अर्थ है।'' यह कथन किस विद्वान का है?
(अ) हॉब्स (ब) राबर्टडहल (स) बर्न्स (द) स्टालिन (स)

**4.** लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक शर्ते है–
(अ) आर्थिक असमानता (ब) सत्ता का केन्द्रीकरण
(स) लिखित संविधान एवं लोकतांत्रिक परम्पराएँ (द) अयोग्य एवं निष्ठाहीन राजनेता (स)

**5.** लोकतंत्र में सत्ता के विकेन्द्रीकरण का अच्छा उदाहरण है–
(अ) नगरीय स्वशासन (ब) ग्रामीण स्वशासन (स) छावनी बोर्ड शासन (द) उपर्युक्त सभी (द)

**6.** ''पूर्ण लोकतंत्र एक लज्जाहीन धारणा है।'' यह कथन किस विद्वान का है?
(अ) बर्क (ब)लॉरेन (स) रॉबर्ट मिचेल्स (द) लार्ड ब्राइस (अ)

**7.** संसदात्मक व अध्यक्षात्मक शासन–प्रणालियों का मिश्रित रूप कौनसे देश में अपनाया गया है–
(अ) ब्रिटेन (ब) स्विट्जरलैण्ड (स) संयुक्त राज्य अमेरिका (द) सोवियत संघ (ब)

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1.** ''लोकतंत्र जनता का जनता के लिए तथा जनता के द्वारा शासन है।'' यह कथन किस विद्वान का है?
उत्तर– यह कथन अब्राहम लिंकन का है।

**प्रश्न 2. "Democracy"** का शाब्दिक अर्थ बताइये।
उत्तर– जनता की शक्ति पर आधारित शासन तंत्र।

**प्रश्न 3.** संसदात्मक शासन प्रणाली का सर्वोत्तम उदाहरण कौनसा देश है?
उत्तर– ब्रिटेन

**प्रश्न 4.** अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली का सर्वोत्तम उदाहरण कौनसा देश है?
उत्तर– संयुक्त राज्य अमेरिका

**प्रश्न 5.** ''जनता का शासन'' लोकतंत्र की एक मुख्य विशेषता होती है। यहाँ पर जनता शब्द का अर्थ किससे लिया गया है?
उत्तर– ''जनता'' का अर्थ सम्पूर्ण ''जन–समूह एवं प्रत्येक व्यक्ति'' से है।

**प्रश्न 6.** लोकतंत्र की सफलता के लिए सर्वाधिक आवश्यक परिस्थिति कौनसी है?
उत्तर– ''जागरूक जनता'' लोकतंत्र की सफलता के लिए अति आवश्यक है।

**प्रश्न 7.** आधुनिक काल में प्रतिनिधि लोकतंत्र के कौनसे रूप प्रचलन में हैं?
उत्तर– संसदीय लोकतंत्र, अध्यक्षात्मक लोकतंत्र

**प्रश्न 8.** ''लोकतंत्र की सफलता हेतु राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का मजबूत होना आवश्यक है।'' इस कथन के पक्ष में दो उदाहरण दीजिये।
उत्तर– (i) प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी व इटली में अर्थव्यवस्था के लड़खड़ाने से ही लोकतंत्र का अंत हुआ और तानाशाही का उदय हुआ।
(ii) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूर्वी यूरोप में अर्थव्यवस्था के अव्यवस्थित होने के कारण लोकतंत्र का अन्त हुआ और साम्यवाद का उदय हुआ।

**प्रश्न 9.** जनमत निर्माण हेतु दो लोकतांत्रिक साधनों का नाम लिखिये।
उत्तर– रेडियो/दूरदर्शन, साहित्य/प्रेस।

**प्रश्न 10.** लोकतंत्र का आधार बताइये।
उत्तर– सत्ता का विकेन्द्रीकरण।

**प्रश्न 11.** लोकतंत्र के विपक्ष में कोई दो तर्क दीजिये।
उत्तर– बुद्धिजीवी वर्ग की उदासीनता, उदासीन मतदाता।

शेखावाटी मिशन–100

लघुत्तरात्मक प्रश्न–**I**

**प्रश्न 1. "Democracy" शब्द किन शब्दों के संयोग से बना है और उसका सर्वमान्य अर्थ क्या है?**

उत्तर– अंग्रेजी शब्द "Democracy" ग्रीक भाषा के दो शब्दों डेमोस (Demos) तथा 'क्रेटिया (Kratia)' के संयोग से बना है। यद्यपि 'डेमोस' का मूल अर्थ है 'भीड़', किन्तु आधुनिक समय में इसका अर्थ 'जनता' से लिया जाता है और 'क्रेटिया' का अर्थ है 'शक्ति'। अतः डेमोक्रेसी का अर्थ है 'जनता की शक्ति' या 'जनता की शक्ति पर आधारित शासनतंत्र।

**प्रश्न 2. अपने व्यापक रूप में लोकतंत्र की अवधारणा में कौनसे तीन अन्तःसंबंधित अर्थ निहित है?**

उत्तर– अपने व्यापक रूप में लोकतंत्र की अवधारणा में निम्नलिखित तीन अन्तःसंबंधित अर्थ निहित है–

(i) वह निर्णय लेने की एक विधि है। (ii) यह निर्णय लेने के सिद्धान्तों का एक समूह है।

(iii) यह आर्दशात्मक मूल्यों से संबंधित अवधारणा है।

**प्रश्न 3. लोकतंत्र के तीन प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिये।**

उत्तर– (i) सार्वजनिक हित में वृद्धिः– लोकतांत्रिक शासन जनता के प्रति उत्तरदायी होता है और इस कारण सार्वजनिक हित में वृद्धि करने के कार्यों में रूचि लेता है।

(ii) कार्यकुशल शासनः– लोकतांत्रीय शासन में जनमत, जनसहयोग तथा जनता के प्रति शासन के जवाबदेही होने के कारण शासन में कुशलता बनी रहती है।

(iii) सार्वजनिक शिक्षा का साधन :– लोकतंत्रीय शासन सार्वजनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण साधन है।

**प्रश्न 4. लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के किन्हीं दो दोषों को बताइये।**

उत्तर– (i) सार्वजनिक धन व समय का अपव्ययः– लोकतंत्र में नीतियों और कानूनों के निर्माण में अत्यधिक धन खर्च होता है। साथ ही समय की भी बर्बादी होती है।

(ii) बुद्धिजीवी वर्ग की उदासीनता :– लोकतंत्र में अधिकत्तर बुद्धिजीवी वर्ग उदासीन रहता है, क्योंकि इसमें गुणों की बजाय संख्या बल को अधिक महत्व दिया जाता है।

**प्रश्न 5. लोकतांत्रिक शासन की तीन विशेषताएँ बताईये।**

उत्तर– (i) यह उदारवादी संविधान में आस्था रखता है। (ii) यह साधन है, साध्य नहीं ।

(iii) यह लोक–प्रभुत्व में विश्वास रखता है।

**प्रश्न 6. ''लोकतंत्र एक अनुत्तरदायी शासन प्रणाली है।'' इस कथन को सिद्ध कीजिये।**

उत्तर– सिद्धान्तः लोकतंत्र को जनता के प्रति उत्तरदायी शासन माना जाता हे, लेकिन व्यवहारिक रूप से यह उत्तरदायी दिखाई नहीं देता है क्योंकि लोकतंत्र में असफलता की जिम्मेदारी कोई भी अपने ऊपर नहीं लेता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष असफलता के लिए एक –दूसरे को उत्तरदायी ठहराने में लगे रहते है, इसलिए आलोचक लोकतंत्र को अनुत्तरदायी शासन मानते हैं।

**प्रश्न 7. ''लोकतंत्र में स्वतंत्रता और समानता भम्र मात्र है।'' इस कथन को सिद्ध कीजिये।**

उत्तर– लोकतंत्र लोगों को राजनीतिक स्वतंत्रता और समानता तो प्रदान करता है किन्तु लोगों को आर्थिक स्वतंत्रता और समानता प्रदान नहीं करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और समानता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता और समानता अर्थहीन हो जाती है। लोकतंत्र में धनवान व्यक्ति चुनाव लड़ते है और धनबल के आधार पर चुनाव जीतकर विधायिका में कानून भी धनिक वर्ग के हितार्थ ही बनाते हैं।

**प्रश्न 8. लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक तीन शर्तों को संक्षिप्त वर्णन कीजिये।**

उत्तर– (i) शांति तथा व्यवस्थाः– लोकतंत्र की सफलता के लिए देश के भीतर व्यवस्था सामान्य हो तथा युद्ध व बाह्य आक्रमण का भय न हो। ऐसी स्थिति का विक्रेन्द्रीकरण बना रहता है जो सफल लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

(ii) शिक्षित और जागृत जनताः– सफल लोकतंत्र के जनता का शिक्षित और जागरूक होना अत्यन्त आवश्यक है।

(iii) आर्थिक समानता की स्थापनाः– लोकतंत्र की सफलता हेतु यथासंभव आर्थिक समानता का होना भी आवश्यक है ताकि राज्य में वर्ग–संघर्ष स्थिति उत्पन्न न हो।

**प्रश्न 9. लोकतंत्र की सफलता की आवश्यक शर्ते बताइए?**

उत्तर– 1 शांति व व्यवस्था। 2 अर्थव्यवस्था मजबुत हो। 3 समाज में आर्थिक समानता।

4 जनता का शिक्षित व जागरूक होना। 5 स्थानीय स्वशासन को बढावा दिया जाना चाहिए।

**प्रश्न 10. लोकतंत्र के सफल संचालन के सुझाव दीजिए?**

उत्तर– 1 जन जागरूकता को बढावा देना। 2 दल–बदल पर प्रभावी नियंत्रण द्वारा

3 राजनैतिक दलो के लिए आचरण संहिता निर्माण द्वारा 4 राजनीति में ब्लेकमनी, अपराध आदि पर कठोर नियंत्रण

5 सता के विकेन्द्रीकरण को बढाकर 6 चुनाव आयोग की शक्तियो में वृद्धि करके

7 आर्थिक असमानता को कम करके।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–6
# केन्द्र सरकार

अंक भार–7

<u>बहुविकल्पात्मक प्रश्न</u>

**1.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोकसभा स्वयं ही अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन करती है–
(अ) अनुच्छेद 79 (ब) अनुच्छेद 93 (स) अनुच्छेद 179 (द) अनुच्छेद 32 (ब)

**2.** राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत किए जाते हैं–
(अ) 25 (ब) 30 (स) 10 (द) 12 (द)

**3.** राज्यसभा का पदेन सभापति होता है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) उपराष्ट्रपति (स) प्रधानमंत्री (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

**4.** जिस सम्बन्ध में लोकसभा, राज्यसभा से अधिक शक्तिशाली है, वह है–
(अ) साधारण विधेयक (ब) संविधान संशोधन विधेयक
(स) धन विधेयक (द) आपातकाल का अनुमोदन (स)

**5.** भारतीय संघ की कार्यपालिका के औपचारिक प्रधान को कहा जाता है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री (स) मुख्यमंत्री (द) राज्यपाल (अ)

**6.** हमारे देश के राष्ट्रपति की वैधानिक स्थिति की तुलना किस देश के सम्राट से की जाती है–
(अ) जापान (ब) चीन (स) ब्रिटेन (द) ताइवान (स)

**7.** भारतीय सेनाओं का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) सेनाध्यक्ष (स) प्रधानमंत्री (द) उपराष्ट्रपति (अ)

**8.** राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल के सदस्य होते हैं–
(अ) संसद के सभी सदस्य (ब) लोकसभा के निर्वाचित सदस्य
(स) विधानसभाओं के मनोनीत सदस्य (द) संसद और राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य (द)

**9.** राष्ट्रपति के विरूद्ध महाभियोग लगाया जा सकता है–
(अ) राज्यसभा में (ब) लोकसभा में
(स) संसद के किसी भी सदन में (द) राज्य विधानमण्डल में (स)

**10.** संसद का अधिवेशन बुलाता है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) उपराष्ट्रपति (स) प्रधानमंत्री (द) लोकसभा अध्यक्ष (अ)

**11.** मान लीजिए कि आप भारत के उपराष्ट्रपति चुन लिए गए हैं, तो इस पद पर निर्वाचन से स्वतः ही आप किस पद के पदाधिकारी बन जायेंगे–
(अ) लोकसभा अध्यक्ष (ब) राज्यसभा का सभापति (स) मुख्यमंत्री (द) राज्यसभा के उपसभापति (ब)

**12.** उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल के सदस्य हैं–
(अ) संसद के दोनों सदनों के सदस्य (ब) लोकसभा के निर्वाचित सदस्य
(स) विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य (द) संसद व राज्य विधानसभाओं के मनोनीत सदस्य (अ)

**13.** उपराष्ट्रपति की पदच्युति के लिए आवश्यक है–
(अ) लोकसभा के सदस्यों के बहुमत द्वारा पारित प्रस्ताव
(ब) राज्यसभा के सदस्यों के बहुमत द्वारा पारित प्रस्ताव
(स) राज्यसभा के सदस्यों के बहुमत द्वारा पारित ऐसा प्रस्ताव जो लोकसभा द्वारा स्वीकार्य हो।
(द) राज्य के विधानमण्डलों द्वारा बहुत से पारित प्रस्ताव (स)

**14.** लोकसभा में बहुमत दल का नेता होता है–
(अ) राष्ट्रपति (ब) उपराष्ट्रपति (स) प्रधानमंत्री (द) मुख्यमंत्री (स)

<u>अतिलघुतरात्मक प्रश्न</u>

प्रश्न 1. सरकार के तीन अंगो के नाम बताइये?
उत्तर– 1–व्यवस्थापिका, 2–कार्यपालिका, 3–न्यायपालिका।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 2. भारतीय राज व्यवस्था में व्यवस्थापिका का गठन कितने स्तर का है? नाम बताइए।**

उतर– दो स्तर, 1–संघीय व्यवस्थापिका, 2–राज्य व्यवस्थापिका

**प्रश्न 3. संसद के अंगो के नाम बताइए।**

उतर– 1–राष्ट्रपति, 2–लोकसभा, 3–राज्यसभा

**प्रश्न 4. भारतीय संसद का प्रथम या निम्न सदन कौनसा है?**

उतर– लोकसभा।

**प्रश्न 5. लोकसभा की अधिकतम संख्या कितनी है?**

उतर– 552

**प्रश्न 6. राष्ट्रपति लोकसभा में कितने आंग्ल भारतीयो को मनोनित करते है?**

उतर– 02

**प्रश्न 7. भारतीय संसद का द्वितीय या उच्च सदन कौनसा है?**

उतर– राज्यसभा

**प्रश्न 8. संसद के कितने सदन है? नाम लिखिए।**

उतर– दो, 1–लोकसभा, 2–राज्यसभा

**प्रश्न 9. राज्यसभा के सदस्यो का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?**

उतर– 06 वर्ष

**प्रश्न 10.अनुच्छेद 75 के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?**

उतर– राष्ट्रपति

**प्रश्न 11.मंत्रियो की कितनी श्रेणी होती है?**

उतर– तीन प्रकार की श्रेणी होती है 1–केबिनेट मंत्री, 2–राज्य मंत्री, 3–उप मंत्री।

**प्रश्न 12.राष्ट्रपति किस अनुच्छेद के तहत सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श ले सकता है?**

उतर– अनुच्छेद 143

**प्रश्न 13.संसद के सत्रावसान में राष्ट्रपति विशेष परिस्थितियो में जो आदेश जारी करता है उसे क्या कहते है?**

उतर– अध्यादेश

**प्रश्न 14.उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश कितने वर्ष की आयु तक अपने पद पर रह सकता है?**

उतर– 65 वर्ष

**प्रश्न 15.राष्ट्रपति का निर्वाचन किस पद्धति से होता है?**

उतरः– आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत पद्धति द्वारा।

**प्रश्न 16.संविधान में संशोधन किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है?**

उतर– अनुच्छेद 368

**प्रश्न 17.मंत्रीपरिषद सामूहिक रूप से कौनसे सदन के प्रति उतरदायी है?**

उतर– लोकसभा।

**प्रश्न 18.राष्ट्रपति किस अनुच्छेद के तहत वितीय आपात लागु करता है?**

उतर– अनुच्छेद 360 के तहत

**प्रश्न 19.राष्ट्रपति किस अनुच्छेद के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लागु करता है?**

उतर– अनुच्छेद 356 के तहत

**प्रश्न 20.राष्ट्रीय आपात की घोषणा किस अनुच्छेद के तहत की जाती है?**

उतर– अनुच्छेद 352

**प्रश्न 21.अप्रत्यक्ष लोकतंत्र को परिभाषित कीजिए?**

उतर– जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियो के द्वारा शासित लोकतंत्र अप्रत्यक्ष लोकतंत्र कहलाता है।

**प्रश्न 22.लोकसभा सदस्य की योग्यताए बताइए।**

उतर– 1 भारत का नागरिक हो।

2 आयु 25 वर्ष से अधिक हो।

3 लाभ का पद धारण न करता हो।

4 न्यायालय द्वारा पागल व दिवालिया न ठहराया गया हो।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 22.संसद के कार्य व शक्तियां बताइए।**

उतर– 1 कानून निर्माण की शक्तिं 2 संविधान में संशोधन की शक्ति 3 बजट पास करना
4 कार्यपालिका पर नियंत्रण रखना 5 निर्वाचन संबंधि शक्ति

**प्रश्न 23.राज्यसभा के विशेष अधिकार बताइये।**

उतर– 1 राज्यसूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्व का घोषित करना।
2 नई अखिल भारतीय सेवाओ का सजृन करना।

**प्रश्न 24.राष्ट्रपति की योग्यताए बताइए।**

उतरः– 1 भारत का नागरिक हो।
2 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
3 लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हो।
4 लाभ के पद पर कार्यरत न हो।

**प्रश्न 25.राष्ट्रपति की संकटकालीन शक्तियां बताइए?**

उतर– 1 अनुच्छेद 352 के तहत युद्ध, बाहरी आक्रमण की स्थिति में राष्ट्रीय आपात घोषित करना
2 राज्यो में संवैधानिक तंत्र विफल होने पर राष्ट्रपति शासन लगाना अनुच्छेद 356
3 अनुच्छेद 360 के तहत वित्तीय आपातं

**प्रश्न 26.सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशो की योग्यताएं बताइए।**

उतर– 1 भारत का नागरिक हो।
2 उच्च न्यायालय में कम से कम 05 वर्ष तक न्यायाधीश रह चुका हो।
या
3 उच्च न्यायालय में 10 वर्ष तक अधिवक्ता रहा चुका हो।

**प्रश्न 27.लोकसभा अध्यक्ष के कार्य व शक्तिया बताइए?**

उतर– 1 बैठको की अध्यक्षता करना। 2 लोकसभा के कार्यक्रम व कार्यवाही निश्चित करना।
3 सदन की समितियो का पदेन सभापतिं 4 धन विधेयक के रूप में निर्णय लेना।
5 लोकसभा में निर्णायक मत डालना। 6 सदन में व्यवस्था बनाना।
7 सदस्यो को बोलने का मौका देना।

**प्रश्न 28.लोकसभा की शक्तिया व कार्य बताइए?**

उतर– 1 विधायी शक्ति, संघीय सूची, समवर्ती सूची व अवशिष्ट विषयो पर कानून का निर्माण करना।
2 वित्तीय शक्तियां– बजट पास करना, धन विधेयक पास करना।
3 कार्यपालिका पर नियत्रंण 4 संविधान संशोधन की शक्ति
5 निर्वाचक मण्डल के रूप में कार्य

**प्रश्न 29.राष्ट्रपति की विधायी शक्तियां समझाइए?**

उतर– 1 संसद का अधिवेशन बुलाना, समाप्त करना, संसद को भंग करना।
2 सदस्यो को मनोनित करने की शक्ति 3 विधेयक पर निषेधाधिकार का प्रयोग
4 अध्यादेश जारी करने की शक्ति 5 विदेश नीति का संचालन

<u>निबन्धात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. संसद के कार्य, गठन व शक्तियां समझाइये?**

उतर– संसद के दो सदन होते है–
(1) लोक सभा (2) राज्यसभा

**संसद की शक्तियॉ–**

(1) विधायी शक्तियॉ–
– संसद संघीय सूची व समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बनाती है।
–संसद को राज्य सूची के विषय पर भी कानून बनाने का अधिकार दिया गया है।
– संसद को अवशिष्ट विषयों पर भी कानून निर्माण की शक्ति प्राप्त है।

(2) संविधान में संशोधन की शक्ति–
संसद सामान्य बहुमत व विशेष बहुमत से सविधान में अनुच्छेद 368 के तहत संविधान में संशोधन कर सकती है।

शेखावाटी मिशन–100

(3) वितीय शक्तियॉ–
संसद को वित पर पूर्ण अधिकार प्राप्त है व प्रति वर्ष बजट पारित करती है।

(4) प्रशासनिक शक्तियॉ–
कार्यपालिका संसद के प्रति उतरदायी होती है व मंत्रीमण्डल केवल उसी समय तक पद पर रह सकती है जब तक की उसे लोकसभा का विश्वास प्राप्त हो।

(5) अन्य शक्तियॉ–
– राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति का निर्वाचन करती है।
– सर्वोच्य व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरूद्व महाभियोग पारित कर पदच्यूत कर सकती है।

**प्रश्न 2. लोकसभा का गठन व उसके कार्य बताइये।**

उत्तर– (1) लोकसभा के अधिकतम सदस्य संख्या 552 हो सकती है। 530 सदस्य राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों से व 20 सदस्य संधीय क्षेत्रों से निर्वाचित किये जातें है।
(2) लोकसभा के सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा वयस्क मताधिकार के आधार पर होंता है।
(3) योग्यताए–
–भारत का नागरिक हो
–आयु 25 वर्ष से अधिक हो
–न्यायालय द्वारा पागल व दिवालिया न ठहराया गया हो
–लाभ के पद पर कार्यरत न हों

**लोकसभा के कार्य व शक्तियॉः–**

1 विधायी शक्ति, संघीय सूची, समवर्ती सूची व अवशिष्ट विषयों पर कानून का निर्माण करना।
2 वितीय शक्तिया– बजट पास करना, धन विधेयक पास करना।
3 कार्य पालिका पर नियत्रंण
4 संविधान संशोधन की शक्ति निर्वाचक मण्डल के रूप में कार्य।

**प्रश्न 3. राष्ट्रपति पद की योग्यता व शक्तिया बताइये।**

उत्तर– 1 भारत का नागरिक हो।
2 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हों
3 लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखता हों।
4 लाभ के पद पर कार्यरत न हो।

**प्रश्न 4. राष्ट्रपति को किस प्रक्रिया के आधार पर उसके पद से हटाया जा सकता है?**

उत्तर– राष्ट्रपति को उसके सामान्य कार्यकाल से पूर्व महाभियोग लगाकर उसके पद से पदच्युत किया जा सकता है। महाभियोग लगाने का अधिकार भारतीय संसद के प्रत्येक संदन को प्राप्त है। महाभियोग चलाने के लिए अभियोग चलाने वाले सदन की समस्त संख्या के 1/4 सदस्यों के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। सदन में प्रस्ताव प्राप्त होने के 14 दिन बाद अभियोग लगाने वाले सदन में उस पर विचार किया जायेगा और यदि यह प्रस्ताव सदन की कुल संख्या 2/3 बहुमत से स्वीकृत हो जाये तो इसके बाद प्रस्ताव दूसरे सदन में भेजा जायेगा। यदि इस सदन द्वारा भी महभियोग प्रस्ताव 2/3 बहुमत से स्वीकार कर लिया जाता है तो प्रस्ताव पास होने की तिथि से राष्ट्रपति पदच्युत समझा जायेगा।

**प्रश्न 5. राष्ट्रपति संविधान के कौन–कौनसे अनुच्छेदों के अन्तर्गत आपातकाल की घोषणा कर सकता है?**

उत्तर– राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 352, अनुच्छेद 356 तथा अनुच्छेद 360 के अन्तर्गत आपातकाल की घोषणा कर सकता है। राष्ट्रपति अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत युद्ध, बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति से संबंधित संकटकालीन स्थिति से निपटने के लिए, अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल होने से उत्पन्न संकटकालीन स्थिति से निपटने के लिए तथा अनुच्छेद 360 के अन्तर्गत वित्तीय संकट की स्थिति में आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

**प्रश्न 6. प्रधानमंत्री की नियुक्ति किस प्रकार होती है? प्रधानमंत्री के कार्य, शक्तियों एवं अधिकारों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 में प्रधानमंत्री की पद की व्यवस्था है। अनुच्छेद 75 के अनुसार लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता को राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री नियुक्ति किया जाता है।

<u>प्रधानमंत्री–कार्य, शक्तियाँ एवं अधिकार</u>

1. मंत्रिपरिषद् का निर्माण
2. मन्त्रियों में विभागों का बँटवारा और परिवर्तन
3. मन्त्रिपरिषद् का कार्य–संचालन
4. शासन के विभिन्न विभागों में समन्वय
5. लोकसभा का नेता
6. राष्ट्रपति तथा मन्त्रिमण्डल के बीच सम्बन्ध स्थापितकर्ता

**प्रश्न 7. राष्ट्रपति द्वारा किन महत्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है–**

उत्तर– राष्ट्रपति भारत संघ के अनेक महत्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति करता है, जैसे प्रधानमंत्री की सलाह से अन्य मंत्री, राज्यों के राज्यपाल, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों परीक्षक, संघीय लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्य तथा विदेशों में राजदूत आदि।

# पाठ–7

# राज्य सरकार

अंक भार–8

<u>अतिलघुतरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. राज्य विधानसभा की अधिकतम व न्यूनतम संख्या कितनी है?**

उतर– अधिकतम 500 व न्यूनतम 60

**प्रश्न 2. मुख्यमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?**

उतरः– राज्यपाल

**प्रश्न 3. राज्यपाल को दण्ड की क्षमादान की शक्ति किस अनु. में निहित है।**

उतर– अनुच्छेद 161

**प्रश्न 4. द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका वाले राज्यो में राज्य विधानसभा के तीन अंग कौनसे है?**

उतर– 1 राज्यपाल 2 विधानसभा 3 विधान परिषद

**प्रश्न 5. राज्य मंत्रिपरिषद का गठन समझाइए?**

उतर– मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का निर्माण करता है। मंत्रियो का चयन व विभागो का बटवारा करता है। अधिकतम विधानसभा में 15 प्रतिशत का मंत्रिपरिषद में चयन कर सकता है।

**प्रश्न 6. विधानसभा सदस्यो की योग्यता लिखिए?**

उतर– 1 भारत का नागरिक हो। 2 आयु कम से कम 25 हों
3 लाभ का पद धारण न करता हों 4 पागल व दिवालिया घोषित न हो।

**प्रश्न 7. तीन ऐसी परिस्थितियो को बताइए जिससे विधानसभा की सदस्यता का अन्त हो जाता हो?**

उतर– 1 बिना आज्ञा 60 दिन से अधिक अनुपस्थित रहने पर
2 निर्धारित योग्यता धारण न करना
3 संसद या विधानसभा में अन्य निर्वाचित होने पर

**प्रश्न 8. विधानसभा अध्यक्ष के व कार्य बताइए?**

उतर– 1 विधानसभा बैठक की अध्यक्षता करना। 2 सदन की कार्यवाही का संचालन करना।
3 सदन की शांति व व्यवस्था बनाए रखना। 4 सदन की कार्यवाही का क्रम निश्चित करनां
5 सदन में निर्णायक मत डालना। 6 धन विधेयक व दल बदल याचिकाओ पर निर्णय।

**प्रश्न 9. विधान परिषद के सदस्यो का निर्वाचन व मनोनयन को बताइए?**

उतर– 1/3 सदस्य राज्य की नगरपालिका, जिला परिषद जैसी स्थानिय संस्थाओ द्वारा निर्वाचित
1/3 सदस्य का निर्वाचन विधानसभा के सदस्यो द्वारा
1/12 भाग राज्य के स्नातक पास मतदाताओ द्वारा
1/12 भाग अध्यापको को निर्वाचक मण्डल द्वारा
1/6 भाग राज्य के राज्यपाल द्वारा मनोनित।

**प्रश्न 10.विधान परिषद के सदस्य के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?**

उतर– 30 वर्ष

**प्रश्न 11.राज्य विधानसभा की शक्तियां और कार्य बताइए?**

उतर– 1 विधायी शक्ति 2 वितीय शक्ति 3 प्रशासकीय शक्ति
4 संविधान में संशोधन की शक्ति 5 निर्वाचन संबंधी शक्ति

**प्रश्न 12.राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में स्वस्थ परम्पराए बताइए?**

उतर– 1 उस राज्य का निवासी नहीं होना चाहिए।
2 राज्यपाल की नियुक्ति से पहले मुख्यमंत्री की सलाह लेनी चाहिए।

**प्रश्न 13.राज्यपाल पद की योग्यताए बताइए?**

उतर– 1 भारत का नागरिक हो।
2 35 वर्ष से अधिक आयु हो।
3 लाभ का पद धारण न करता हों

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 14.मुख्यमंत्री की शक्तियां व कार्य लिखिए?**

उतरः— 1 मंत्रिपरिषद का निर्माण करना।

2 मंत्रियो को विभागो का बटवारा।

3 मंत्रिमण्डल की बैठक बुलाना व अध्यक्षता करना।

4 विभिन्न विभागो में समन्वय।

5 विधानसभा का नेता।

**प्रश्न 15.उच्च न्यायालय का गठन किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है?**

उतर— अनुच्छेद 216

**प्रश्न 16.उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है?**

उतर— राष्ट्रपति

**प्रश्न 17.उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की योग्यताए बताइए?**

उतर— 1 भारत का नागरिक हों। 2 वह कम से कम 10 वर्ष तक न्यायीक पद धारण कर चुका हों

3 उच्च न्यायालय में कम से कम 10 वर्ष तक अधिकतम रहा हो।

**प्रश्न 18.उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अधिकतम कितनी आयु सीमा तक पद पर रह सकता है?**

उतर— 62 वर्ष

**प्रश्न 19.उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की शपथ कौन दिलवाता है?**

उतर— राज्यपाल

**प्रश्न 20.उच्च न्यायालय द्वारा जारी रिट/याचिका अधिकारिता बताइए?**

उतर— 1 बंदी प्रत्यक्षीकरण, 2 परमादेश, 3 प्रतिषेध, 4 उत्प्रेषण लेख, 5 अधिकार तृच्छा।

**प्रश्न 21.उच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार बताइए?**

उतर— 1 सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार। 2 आपराधिक अपीलीय क्षेत्राधिकार, 4 वर्ष से ज्यादा कारावास या मृत्युदण्ड पर

3 संवैधानिक अपीलीय क्षेत्राधिकार।

**प्रश्न 22.राज्यपाल किसकी इच्छा पर्यन्त पद पर बना रहता है?**

उतर— राष्ट्रपति।

**प्रश्न 23.संविधान के अनुसार राज्य की कार्यपालिका शक्ति किसमें निहित है?**

उतर— राज्यपाल

**प्रश्न 24.राज्यपाल की स्वविवेकी शक्ति बताइए?**

उतर— 1 विशेष परिस्थितियो में मुख्यमंत्री का चयन 2 विधानसभा का अधिवेशन बुलाना।

3 मंत्रिपरिषद को भंग करना। 4 मुख्यमंत्री से सूचना प्राप्त करना।

5 विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को लौटाना।

**प्रश्न 25.राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्य सभा की योग्यता के लिए न्यूनतम आयु बताईये?**

उतर—

| राष्ट्रपति | उपराष्ट्रपति | लोकसभा | राज्य सभा | विधान सभा | राज्यपाल |
|---|---|---|---|---|---|
| 35 वर्ष | 35 वर्ष | 25 वर्ष | 30 वर्ष | 25 वर्ष | 35 वर्ष |

<u>निबन्धात्मक प्रश्नः</u>—

**प्रश्न 1. विधानसभा का गठन, अधिकार व कार्यो की विवेचना कीजिए?**

उतर— **विधानसभा गठन**— विधानसभा प्रथम व लोकप्रिय सदन होता है, इसका गठन निम्न प्रकार है।

- सदस्य सख्या— विधानसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 500 तथा न्यूनतम संख्या 60 होगी।
- स्थान आरक्षण—राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण की व्यवस्था 2020 तक की गई है।
- निर्वाचन पद्वति— सभी सदस्यों का निर्वाचन व्यस्क मताधिकार व साधारण बहुमत की प्रत्यक्ष प्रणाली पर आधारित है।

**सदस्य की योग्यता—**

a. वह भारत का नागरिक हो। b. न्यूनतम आयु 25 वर्ष हो।

c. पागल व दिवालिया न हो। d. किसी लाभ पद पर कार्यरत न हो।

e. कार्यकाल— विधानसभा का कार्यकाल 5 वर्ष है। राज्यपाल इसे समय पूर्व भी भंग कर सकता है।

f. पदाधिकारी— विधानसभा के दो मुख्य पदाधिकारी होते है, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष।

**प्रश्न 2. विधानसभा अध्यक्ष के कार्य व शक्तियां बताइए।**

उतर– विधानसभा अध्यक्ष के कार्य व शक्तियां निम्न प्रकार हैं–

1 विधानसभा बैठको की अध्यक्षता करना व सदन की कार्यवाही का संचालन करना ।

2 विधानसभा में शांति व व्यवस्था बनाये रखना ।

3 विधानसभा सदस्य अध्यक्ष की आज्ञा से भाषण दे सकता है।

4 सदन की कार्यवाही से अशिष्ट शब्दो को निकालने का आदेश देता है।

5 सदन की कार्यवाही का क्रम निश्चित करता है।

6 वह मतदान का परिणाम घोषित करता है।

7 वह मतदान में भाग नही लेता लेकिन निर्णायक मत का प्रयोग करता है।

8 कोई विधेयक धन विधेयक है या नही इसका निर्णय करता है।

9 दल बदल सम्बन्धी याचिकाओं पर निर्णय करता है।

**प्रश्न 3. उच्च न्यायालय से सम्बन्धित निम्न बिन्दुओं की विवेचना कीजिए।**

उतर– **(i) न्यायधीशों की नियुक्तिया व योग्यताएँः–** अनुच्छेद 217(1) के अन्तर्गत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। राष्ट्रपति उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, कॉलेजियम एवं राज्यपाल के परामर्श से करता है, जबकि अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति वह उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्यपाल के परामर्श से करता है।

न्यायाधीश की योग्यताएँ– अनुच्छेद 217 (2) के अनुसार न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए–

1. भारत का नागरिक हो। 2. भारत के राज्यक्षेत्र में कम–से–कम 10 वर्ष न्यायिक पद धारण कर चुका हो।

3. उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम–से–कम 10 वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो।

**(ii) उच्च न्यायालय का अपीलिय क्षेत्राधिकारः–**

a. सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार :– आयकर, पेटेण्ट, डिजाइन, उत्तराधिकार आदि मामलों में जिला न्यायालय के विरूद्ध उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

b. आपराधिक अपीलीय क्षेत्राधिकारः– जब अपराधी को सैशन न्यायालय ने चार वर्ष के लिए कारावास दण्ड दिया है या मृत्युदण्ड दिया है तो उसके विरुद्ध अपील उच्च न्यायालय में हो सकती है।

c. संवैधानिक अपीलीय क्षेत्राधिकारः– कोई भी ऐसा मुकदमा, जिसमें संविधान की व्याख्या का प्रश्न हो, तो उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

(iii) उच्च न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकारः–इसके अन्तर्गत कुछ विशेष प्रकार के मुकदमें आते है जो सीधे उच्च न्यायालय में पेश हो सकते है।

a. संसद एवं राज्य विधानमण्डल सदस्यों के निर्वाचन सम्बन्धी विवाद।

b. राजस्व एकत्रीकरण सम्बन्धी विवाद।

c. मौलिक अधिकार (Admiralty) व वसीयत (Probated) विवाह विधि, कम्पनी कानून तथा विवाह–विच्छेद आदि के मुकदमें।

(iv) उच्च न्यायालय का प्रशासन सम्बन्धी अधिकारः– उच्च न्यायालय को अपने अधीनस्थ न्यायालयों की कार्यप्रणाली का पर्यवेक्षण करने का अधिकार है। वह अधीनस्थ न्यायालयों के अधिकारियों की नियुक्ति, पदोन्नति, पदावनति के सम्बन्ध मं नियम बना सकता है। वह मुकदमों को विचार हेतु एक से दूसरे न्यायालयों में स्थानान्तरित या अपने पास सुनवाई के लिए मँगवा सकता है।

(v) उच्च न्यायालय अभिलेखीय न्यायालयः– अनुच्छेद 215 के अन्तर्गत प्रत्येक उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा और उसको अवमानना के लिए दण्ड देने की शक्ति है।

उच्च न्यायालय के निर्णय रिकॅार्ड की तरह सुरक्षित रखे जायेंगे और वह अधीनस्थ न्यायालय के लिए कानून की तरह कार्य करेंगे।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–8
# जल संसाधन

अंक भार–2

बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**1.** भारत के किस प्रधानमंत्री ने बहुउद्देशीय जल परियोजनाओं को ''आधुनिक भारत का मन्दिर'' कहा–
(अ) पं. जवाहर लाल नेहरू (ब) अटल बिहारी वाजपेयी
(स) लाल बहादुर शास्त्री (द) इन्दिरा गाँधी (अ)

**2.** सीमेन्ट तथा कंकरीट से निर्मित विश्व के सीधे खड़े बाँधों में सबसे बड़ा बाँध कौनसा है–
(अ) हीराकुण्ड बाँध (ब) मेजा बाँध (स) भाखड़ा बाँध (द) इनमें से कोई नहीं (स)

**3.** विश्व का सबसे लम्बा बाँध कौनसा है–
(अ) बोकारों बाँध (ब) भाखड़ा बाँध (स) नांगल बाँध (द) हीराकुण्ड बाँध (द)

**4.** पश्चिम राजस्थान का प्रमुख जल स्त्रोत है–
(अ) नाडी (ब) टांका (स) जोहड़ (द) बावड़ी (ब)

**5.** तुगंभद्रा परियोजना कौनसे राज्यों की संयुक्त परियोजना है?
(अ) आन्ध्रप्रदेश व कर्नाटक (ब) राजस्थान व गुजरात
(स) राजस्थान व मध्यप्रदेश (द) आन्ध्रप्रदेश व उड़ीसा (अ)

**6.** नागार्जुन सागर परियोजना किस राज्य की है–
(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) राजस्थान (स) कर्नाटक (द) गुजरात (अ)

**7.** टेनेसी घाटी परियोजना किस देश की है–
(अ) भारत (ब) अमेरिका (स) चीन (द) ब्राजील (ब)

**8.** उड़ीसा का शोक किस नदी को कहा जाता है–
(अ) दामोदर (ब) सतलज (स) कोसी (द) महानदी (द)

**9.** एशिया की सबसे बड़ी कृत्रिम नहर है–
(अ) इन्दिरा गाँधी नहर (ब) नर्मदा नहर (स) बाड़ी नहर (द) गंग नहर (अ)

**10.** भाडारेंज बावड़ी कहाँ स्थित है–
(अ) जोधपुर (ब) दौसा (स) चित्तौड़ (द) आभानेरी (ब)

**11.** बीसलपुर परियोजना किस नदी पर है–
(अ) बनास (ब) कोठारी (स) चम्बल (द) मेना (अ)

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. जल प्रबंधन से क्या तात्पर्य है?**
उत्तर– जल के वितरण, विकास व सुव्यवस्थित उपयोग के लिए की गई सभी योजनायें, विधियाँ, तकनीकी शामिल होती हैं जो जल की माँग व पूर्ति में सांमजस्य स्थापित करती हैं तथा व्यर्थ बहने वाले जल का प्रबन्धन करे, जल प्रबन्धन कहलाता है।

**प्रश्न 2. देश की नदी घाटी परियोजनाओं को ''भारत का नवीन मन्दिर'' किसने कहा?**
उत्तर– पं. जवाहर लाल नेहरू ने।

**प्रश्न 3. भाखड़ा नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है?**
उत्तर– सतलज नदी।

**प्रश्न 4. भाखड़ा नांगल परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है–**
उत्तर– पंजाब, हरियाणा व राजस्थान।

**प्रश्न 5. स्वतन्त्र भारत की प्रथम बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना कौनसी है?**
उत्तर– दामोदर घाटी परियोजना।

**प्रश्न 6. दामोदर घाटी परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है?**
उत्तर– पं. बंगाल व झारखण्ड

**प्रश्न 7. पं. बंगाल का शोक किस नदी को कहा जाता है–**
उत्तर– दामोदर नदी

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 8. दामोदर घाटी परियोजना का निर्माण किस देश की घाटी परियोजना के आधार पर किया गया?**
उत्तर– अमेरिका की टेनेसी घाटी परियोजना पर।
**प्रश्न 9. हीराकुण्ड बाँध किस नदी पर तथा कौनसे राज्य में है?**
उत्तर– महानदी पर तथा उड़ीसा में।
**प्रश्न 11. उड़ीसा का शोक किस नदी को कहा जाता है?**
उत्तर– महानदी को।
**प्रश्न 13. इन्दिरा गाँधी नहर की कुल लम्बाई कितनी है?**
उत्तर– 649 किलोमीटर।
**प्रश्न 14. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है?**
उत्तर– पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान।
**प्रश्न 16. इन्दिरा गाँधी नहर राजस्थान में कहाँ से शुरू की गई और कहाँ तक है?**
उत्तर– हनुमानगढ़ के मसीतावली से बाड़मेर के गडरा रोड़ तक।
**प्रश्न 17. इन्दिरा गाँधी नहर को किस बाँध से निकाला गया।**
उत्तर– हरिके बैराज से। सतलज व रावी नदी पर।
**प्रश्न 18. चम्बल घाटी परियोजना किन राज्यों की है?**
उत्तर– राजस्थान तथा मध्य प्रदेश।
**प्रश्न 20. आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कौनसी योजना शुरू की गई?**
उत्तर– माही बजाज सागर परियोजना।
**प्रश्न 23. माही बजाज सागर बाँध किस जिले में है?**
उत्तर– बांसवाड़ा में बौरखेड़ा स्थान पर।
**प्रश्न 24. जाखम परियोजना किस नदी से व किस बाँध से निकाली गई?**
उत्तर– जाखम नदी से तथा जाखम बाँध से।
**प्रश्न 25. 'सोम–अम्बा–कमला' परियोजना से कौनसे जिले लाभान्वित है?**
उत्तर– डूँगरपुर तथा उदयपुर।
**प्रश्न 26. मेजा बाँध कहाँ और किस नदी पर बनाया गया।**
उत्तर– भीलवाड़ा में कोठारी नदी पर।
**प्रश्न 27. नर्मदा परियोजना किस बाँध से निकाली गई?**
उत्तर– सरदार सरोवर बाँध से।
**प्रश्न 28. नर्मदा परियोजना किन जिलों मे पेयजल की आपूर्ति होती है–**
उत्तर– बाड़मेर तथा जालोर।
**प्रश्न 30. पाली व जालोर जिले में सिंचाई किस परियोजना से होती है?**
उत्तर– जवाई बाँध परियोजना से।
**प्रश्न 31. जल संरक्षण क्या है?**
उत्तर– किसी स्थान पर वर्षा के जल का उचित जल प्रबंध कर संग्रहण करना।
**प्रश्न 32. राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण विधियाँ कौन–कौन सी है?**
उत्तर– बावड़ी, नाडी, कुएं, कुई तथा जोहड़।
**प्रश्न 33. ''सिटी ऑफ स्टैप वैल्स'' किस जिले को कहा जाता है? क्यों–**
उत्तर– बूंदी को बावड़ियों की अधिकता होने के कारण।
**प्रश्न 34. चान्द बावड़ी कहाँ है?**
उत्तर– आभानेरी में।
**प्रश्न 35. गड़ीसर तथा गजरूपसागर तालाब कहाँ है?**
उत्तर– जैसलमेर में।
**प्रश्न 38. बैराज से क्या तात्पर्य है?**
उत्तर– केवल सिंचाई के उद्देश्य के लिए बनाये गये बांध को बैराज कहते है।
**प्रश्न 39. जल स्वावलम्बन का प्रमुख उद्देश्य क्या है?**
उत्तर– स्थानिय स्तर पर जल का समुचित प्रबन्धन करना।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 40.पिकअप बाँध से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर– विभिन्न बाँधों से छोड़े जाने वाले पानी को रोकना।

**प्रश्न 41.शेखावाटी क्षेत्र व हरियाणा मे जल संग्रहण का प्रमुख साधन है–**

उत्तर– जोहड़

**प्रश्न 43.मिट्टी से निर्मित पांचना बाँध किस जिले में है?**

उत्तर– करौली।

**प्रश्न 45.नौचौकी झील कहाँ स्थित है?**

उत्तर– राजसमंद।

**प्रश्न 46.तालछापर झील कहाँ स्थित है?**

उत्तर– चूरू।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. राज्य सरकार के माध्यम से चलने वाली किन्हीं चार जल परियोजनाओं के नाम लिखिए।**

उत्तर– (i) नागार्जुन सागर परियोजना आन्ध्रप्रदेश
(ii) तुंगभद्रा परियोजना आन्ध्रप्रदेश कर्नाटक
(iii) सरदारसरोवर परियोजना गुजरात, मध्यप्रदेश व राजस्थान
(iv) चम्बल परियोजना राजस्थान तथा मध्यप्रदेश

**प्रश्न 2. टाँका क्या है? उस योजना का नाम लिखिए जिसके अन्तर्गत टाँकों का निर्माण किया गया है?**

उत्तर– पश्चिम राजस्थान में परम्परागत जलसंग्रहण तथा जल संरक्षण स्त्रोत है जो प्रत्येक घर तथा खेत में भूमि में 5 से 8 मीटर गहरा गड्डा खोदकर बनाया जाता हे। इसके ऊपरी भाग को पत्थरों से ढ़क दिया जाता है। इसमें घरों की छत तथा आगोर से आने वाली पानी को संग्रहीत करते हैं।

जल स्वावलम्बन परियोजना में टाँकों का निर्माण किया जा रहा है।

**प्रश्न 3. चम्बल परियोजना के चारों बाँधों के नाम लिखिए।**

उत्तर– (i) गाँधी सागर बाँध (मध्यप्रदेश) (ii) राणा प्रताप सागर बाँध (राजस्थान)
(iii) जवाहर सागर बाँध (राजस्थान) (iv) कोटा बैराज (राजस्थान)

**प्रश्न 4. राजस्थान की प्रमुख मीठे पानी की झीलों के नाम लिखिए।**

उत्तर– उदयपुर – पिछौला व फतेहसागर झील, अजमेर – आनासागर झील
बूँदी – नवलखा झील, राजसमंद – नौ चौकी झील
चूरू – तालछापर झील

**प्रश्न 5. बावड़ी क्या है? लिखिए।**

उत्तर– बावड़ी चतुष्कोणीय, गोल व वर्तुल आकार में निर्मित जल स्त्रोत है जिसके प्रवेश मार्ग से मध्य मार्ग तक ईंटों तथा कलात्मक पत्थरों का प्रयोग किया जाता है। इसमें सिढ़ियों पर मेहराबन स्तम्भ बने होते है। बूंदी शहर को बावड़ियों की अधिकता के कारण ''सिटी ऑफ स्टैप वैल्स'' कहा जाता है। प्रमुख बावड़िया जोधपुर तापी बावड़ी, आभानेरी की चाँद बावड़ी।

**प्रश्न 6. जोहड़ क्या है?**

उत्तर– जोहड़ शेखावाटी तथा हरियाणा में परम्परागत जल स्त्रोत की विधि है। यह टांके के समान ही है। परन्तु इसका ऊपरी भाग टांके से बड़ा, गोलाकार व खुला होता है ये पशुओं व मानवों के पेयजल का प्रमुख स्त्रोत है।

**प्रश्न 7. बहुउद्देशीय परियोजनाएं के कोई चार मुख्य उदेश्य लिखिए।**

उतर– 1.मछली पालन 2. पेयजल आपूर्ति 3. जल विद्युत उत्पादन 4. सिचांई हेतु जल की पूर्ति

**प्रश्न 8. राजस्थान की चार बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के नाम बताओं–**

उतर– 1. जाखम परियोजना 2. चम्बल नदी घाटी परियोजना 3. पांचना बांध 4. जवाई बांध परियोजना

**प्रश्न 9. जाखम सिंचाई परियोजना राजस्थान के किन क्षेत्रों में विकास से सम्बन्धित है?**

उतर– चित्तौड़गढ़, उदयपुर व प्रतापगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–9
# भारतीय कृषि

अंक भार–3

<u>बहुविकल्पात्मक प्रश्न</u>

**1. भारत की कुल जनसंख्या का कितने प्रतिशत भाग कृषि पर आश्रित है?**
(अ) 54.6 प्रतिशत (ब) 50.6 प्रतिशत (स) 52.4 प्रतिशत (द) 54 प्रतिशत (अ)

**2. भारत में ऋतुओं के आधार पर कृषि को कितने भागों में बाँटा गया है–**
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) एक (ब)

**3. भारत का गेहूं उत्पादन की दृष्टि से कौनसा स्थान है–**
(अ) पहला (ब) दूसरा (स) तीसरा (द) पांचवां (स)

**4. भारत में गेहूं उत्पादन की दृष्टि से प्रथम स्थान है–**
(अ) पंजाब (ब) राजस्थान (स) हरियाणा (द) महाराष्ट्र (अ)

**5. भारत में चावल उत्पादन की दृष्टि से प्रथम स्थान है–**
(अ) पंजाब (ब) हरियाणा (स) पश्चिम बंगाल (द) आन्ध्रप्रदेश (अ)

**6. भारत का विश्व में मक्का उत्पादन में कौनसा स्थान है–**
(अ) पहला (ब) पांचवा (स) सांतवा (द) दसवां (द)

<u>रिक्त स्थान की पूर्ति करे</u> :–

**1.** मक्का उत्पादन में आन्ध्रप्रदेश का **प्रथम** स्थान है।
**2.** मक्का खाद्यान्न फसल के साथ **औद्योगिक फसल** भी है।
**3.** भारत का चावल उत्पादन में विश्व में **दूसरा** स्थान है।
**4.** गेहूं प्रमुख **रबी** फसल है।
**5.** विशाल बागानों में उत्पादित फसले **बागानी फसले** कहलाती है।
**6.** उद्योगों में कच्चे माल के रूप में **औद्योगिक फसलें** काम में लेते हैं।
**7.** मक्का भारत में **पुर्तगालियों** द्वारा लाया गया।
**8.** बाजरा उत्पादन में भारत का विश्व में **प्रथम** स्थान है।
**9.** गन्ना, कपास, तिलहन प्रमुख **मुद्रादायिनी औद्योगिक** फसलें है।
**10.** चावल **खरीफ** की फसल है। **11.** सिनकोना **बागानी** फसल है।
**12.** अफीम **रबी** की फसल है। **13.** मूँगफली **खरीफ** की फसल है।
**14.** भारत में हरित क्रान्ति के प्रभाव से **गेहूँ** की फसल का उत्पादन बढ़ा।
**15.** चावल के लिए **उष्णकटिबंधीय** जलवायु आवश्यक है। **16. गेहूँ समशीतोष्णीय** जलवायु की फसल है।
**17.** भारत में प. बंगाल चावल उत्पादन में **प्रथम** स्थान रखता है। **18.** राजस्थान बाजरा उत्पादन में देश में **प्रथम** स्थान रखता है।
**19.** गेहूँ उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान **पंजाब** का है। **20.** चावल की फसल **अमन**, मानसून काल में उगाते हैं।

<u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. भारत में ऋतुओं के आधार पर कितने प्रकार की फसलें है? नाम लिखिए।**
उत्तर– तीन प्रकार (i) रबी (ii) खरीफ (iii) जायद

**प्रश्न 2. रबी की फसलों के उदाहरण लिखिए।**
उत्तर– गेहूं, चना, जौ, तिलहन (सरसों, अलसी) अफीम, इसबगोल।

**प्रश्न 3. खरीफ की फसलों के उदाहरण लिखिए।**
उत्तर– मक्का, बाजरा, मूँग, मूँगफली, गन्ना, चावल।

**प्रश्न 4. जायद की फसलों के उदाहरण लिखिए।**
उत्तर– तरबूज, लौकी, ककड़ी, खीरा।

**प्रश्न 5. किन्हीं चार खाद्यान्न फसलों के नाम लिखिए।**
उत्तर– चावल, गेहूँ, मक्का, बाजरा।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 6. बागानी फसलें किसे कहते हैं? उदाहरण लिखिए।**

उत्तर– ऐसी फसलें जिसे विशाल बागानों में उत्पादित की जाती है। बागानी फसलें कहलाती है। ये पेय तथा औद्योगिक कार्यों में उपयोग में ली जाती है। उदाहरण– चाय, कॉफी, रबड़, सिनकोना।

**प्रश्न 7. भारत में चावल की किस्मों के नाम लिखिए।**

उत्तर– अमन (मानसूनकालीन) ओस (शीलतकालीन) बोरो (ग्रीष्मकालीन)

**प्रश्न 8. स्टार्च व ग्लूकोज निर्माण उद्योगों को कच्चा माल किस फसल से मिलता है–**

उत्तर– मक्का।

**प्रश्न 9. मक्का भारत में किस देशवासियों द्वारा लाया गया?**

उत्तर– पुर्तगालियों द्वारा।

**प्रश्न 10. बाजरा उत्पादक में विश्व में भारत का स्थान कौनसा है?**

उत्तर– प्रथम।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न</u>

**प्रश्न 1. भारत में ऋतुओं के आधार पर बंटी तीनों फसलों के नाम व उदाहरण लिखिए।**

उत्तर– अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न 1 से 4 तक उत्तर।

**प्रश्न 2. जायद की फसलों के बारे में लिखिए।**

उत्तर– ये फसलें हरी सब्जियों व चारों की फसलें होती है। ये फरवरी अप्रैल में बोई तथा जून–जुलाई में काटी जाती है। उदाहरण– तरबूज, खीरा, ककड़ी, लौकी।

**प्रश्न 3. गेहूं के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएं लिखिए।**

उत्तर– समशीतोष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र

तापमान – 10°-25°C, वर्षा – 25–75 cm, मृदा – हल्की दोमट व चिकनी मिट्टी।

**प्रश्न 4. प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए।**

उत्तर– पं. बंगाल, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, बिहार।

**प्रश्न 5. चावल के लिए आवश्यक दशाएं लिखो–**

उत्तर– उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्रों में।

तापमान – 19°–27°C

वर्षा – 75–200 cm

मृदा – नदी घाटी क्षेत्रों की चिकनी दोमट व कछारी।

**प्रश्न 6. बाजरे के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएँ लिखिए।**

उत्तर– गर्म व शुष्क जलवायु, तापमान – 25°–35°C

वर्षा – 40–60 cm, मृदा – हल्की मिट्टी जल निकासी युक्त।

**प्रश्न 7. राज्य में प्रमुख बाजरा उत्पादक जिले बताइये।**

उत्तर– जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, सीकर, गंगानगर।

**प्रश्न 8. मक्का के लिए आवश्यक भौगोलिक दशायें लिखो–**

उत्तर– तापमान – 12°–35°C, वर्षा– 50–100 cm.

मृदा – नाइट्रोजन मुक्त गहरी मिट्टी।

**प्रश्न 9. चावल की फसल पूरे वर्ष भर बोई जाने के बावजूद भी इसे खरीफ की फसल में क्यों रखा गया? स्पष्ट कीजिये।**


उत्तर– देश में चावल की अमन किस्म का 86 प्रतिशत उत्पादन होता है। अमन मानसून काल में बोई जाती है। इस कारण चावल को खरीफ की फसल में रखा गया है। 2


प्रश्न 10. स्थानान्तरित / झुमिंग कृषि क्या है?

उत्तर– तनों को जलाकर, काटकर जो कृषि की जाती है। उसे झुंमिंग कृषि कहते हैं।

शेखावाटी मिशन–100

प्रश्न 11.भारत का मानचित्र।




शेखावाटी मिशन–100


# पाठ–10

# खनिज व ऊर्जा संसाधन


अंक भार–5

## भारत में प्रमुख खनिज पेटियां

1. उत्तर–पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटी 2. मध्य पेटी 3. दक्षिण पेटी 4. दक्षिण–पश्चिम पेटी5. उत्तर–पेश्चिम पेटी



भारत में प्रमुख कोयला क्षेत्र, खनिज तेल क्षेत्र व प्राकृतिक गैस क्षेत्र



अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. जैविक तथा अजैविक खनिजों के उदाहरण लिखिए–**

उत्तर– जैविक खनिज – कोयला, प्राकृतिक तेल।
अजैविक खनिज – लोहा, मैंग्नीज।

**प्रश्न 2. अधात्विक खनिज किसे कहते हैं? उदाहरण लिखिए।**

उत्तर– ऐसे खनिज जिनमें धातु का अंश नहीं पाया जाता है। अधात्विक खनिज कहलाते है। जैसे– चूना पत्थर, जिप्सम, अभ्रक।

**प्रश्न 3. ईंधन खनिज किसे कहते हैं? उदाहरण लिखिए।**

उत्तर– ऐसे खनिज जिनका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, ईंधन खनिज कहलाते हैं।
जैसे– कोयला पेट्रोलियम प्राकृतिक गैस।

**प्रश्न 4. भारत की सबसे समृद्ध खनिज पेटी कौन–सी है–**

उत्तर– पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटी।

**प्रश्न 5. अणु शक्ति खनिज के उदाहरण लिखिए।**

उत्तर– बेरिलियम, यूरेनियम, थोरियम।

**प्रश्न 6. भारत में कोयले का सर्वाधिक भण्डार व उत्पादन कहाँ होता है।**

उत्तर– झारखण्ड।

**प्रश्न 7. भारत में पेट्रोलियम उत्पादित करने वाले राज्य बताइये।**

उत्तर– असम, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र।

**प्रश्न 8. गुजरात के दो तेल उत्पादक क्षेत्र बताइये।**

उत्तर– अंकलेश्वर तथा लुनेल।

**प्रश्न 9. राजस्थान में पेट्रोल उत्पादक क्षेत्र बताइये।**

उत्तर– बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर।

लघुत्तरात्मक प्रश्नः–

**प्रश्न 10. भारत में कौन–से दो युगों (कालों) की चट्टानों से कोयला निकाला जाता है?**

उत्तर– 1. गोंडावाना युगीन (दामोदर, सोन, महानदी घाटी क्षेत्र से)
2. टर्रशियरी युगीन (असम, जम्मू–कश्मीर, मेघालय)

**प्रश्न 11. राजस्थान में किस किस्म का कोयला पाया जाता है? और कहाँ?**

उत्तर– लिग्नाइट किस्म।
क्षेत्र– बाड़मेर के कपूरडी, जालिप्पा, गिरल, बीकानेर के बरसिंगसर, पलाना, गूढ़ा।

**प्रश्न 12. कोयला कितने प्रकार का पाया जाता है। नाम व उनमें कार्बन की मात्रा बताइये।**

उत्तर– चार प्रकार का।
1. ऐन्थ्रेसाइट – 80–90 प्रतिशत कार्बन 2. बिटुमिनस – 75–80 प्रतिशत कार्बन
3. लिग्नाइट – 35–50 प्रतिशत कार्बन 4. पीट – 15–35 प्रतिशत कार्बन

**प्रश्न 13. राजस्थान को ''खनिजों का अजायबघर'' क्यों कहां जाता है?**

उत्तर– राजस्थान में बहुत प्रकार के खनिज पाये जाते है। कुल खनिज 79 प्रकार के इनमें 44 बड़े, 23 लघु, 12 गौण खनिज पाये जाते है। इसलिए राजस्थान को खनिजों का अजायबघर कहा जाता है।

**प्रश्न 14. राजस्थान को किन खनिजों में एकधिकार प्राप्त है?**

उत्तर– सीसा–जस्ता, चाँदी, वोलस्टोनाइट, जास्पर, फ्लोराइट, रॉक फॉस्फेट, टंगस्टन, तामड़ा में।

**प्रश्न 15. राजस्थान में तांबा उत्पादक कोई चार क्षेत्रों के नाम बताइये।**

उत्तर– अलवर – खो–दरीबा बीकानेर – बीदासर उदयपुर – देबारी
झुंझुनूं – खेतड़ी–सिंघना (खेतड़ी–तांबा नगरी)

**प्रश्न 16. भारत में परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन कब किया और कितने रिएक्टर खोले गये?**

उत्तर– 1948 में, कुल रिएक्टर–17

**प्रश्न 17. पेट्रोल को जीवाश्म खनिज तेल क्यों कहा जाता है?**

उत्तर– पेट्रोल की उत्पत्ति अवसादी चट्टानों में पाया जाने वाला स्पंज तथा सागरीय भागों में दबने और रासायनिक व तापीय क्रिया से हुई। इस कारण पेट्रोल जीवाश्म तेल है।

शेखावाटी मिशन–100

निबन्धनात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. भारत की प्रमुख खनिज पेटियों के बारे में बताइये।**

उत्तर– भारत में खनिजों का असमान वितरण पाया जाता है। भारत में प्रमुख पांच पेटियां हैं–

**(i)** उत्तर–पूर्वी प्रायद्वीपीय पेटीः–

(अ) भारत की सबसे समृद्ध खनिज पेटी है। (ब) विस्तार – छोटा नागपुर पठार एवं उड़ीसा पठार तक।

(स) खनिज – बॉक्साइट, लोहा अयस्क, कोयला।

**(ii)** मध्य पेटीः–

(अ) दूसरी सबसे समृद्ध पेटी। (ब) विस्तार – छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र।

(स) खनिज – कोयला, पन्ना, लौहा, अभ्रक।

**(iii)** दक्षिण पेटीः–

(अ) विस्तार – कर्नाटक पठार व तमिलनाडु उच्च भूमि तक। (ब) खनिज – कोयला, अभ्रक, ताम्र।

**(iv)** दक्षिण–पश्चिम पेटीः–

(अ) विस्तार – दक्षिणी कर्नाटक एवं गोवा। (ब) खनिज – लौहा, गारनेट, मृतिका।

**(v)** उत्तर–पश्चिम पेटीः–

(अ) विस्तार – राजस्थान के अरावली से गुजरात तक। (ब) खनिज – यूरेनियम, अभ्रक, पेट्रोल, कोयला।

**प्रश्न 2. भारत में कोयले के वितरण के बारे में बताइये।**

उत्तर– परिचय

(i) भारत का विश्व में कोयला उत्पादन में तीसरा स्थान है।(ii)भारत में सर्वप्रथम कोयला 1814 में रानीगंज से निकाला गया।

(iii) कोयला चार प्रकार का पाया जाता है–

(अ) एन्थ्रेसाइट (80–90 प्रतिशत कार्बन) (ब) बिटुमिनस (75–80 प्रतिशत कार्बन)

(स) लिग्नाइट (35–50 प्रतिशत कार्बन) (द) पीट (15–35 प्रतिशत कार्बन)

(iv) भारत में कोयला दो युगीन चट्टानों में पाया जाता है–

(अ) गोंडावाना युगीन (सोन, दामोदर, महानदी, गोदावरी घाटी में)

(ब) टर्रशियरी युगीन (असम, मेघालय, जम्मू–कश्मीर, तमिलनाडू, राजस्थान में।)

(v) बिटुमिनस कोयला 10–30 मीटर मोटी परतों में पाया जाता है।

वितरण

(i) राजस्थान में लिग्नाइट किस्म का कोयला बाड़मेर के गिरल, कपूरडी, जालिप्पा व बीकानेर के गुढ़ा, बरसिंगसर में।

(ii) झारखण्ड – झरिया, राजमहल, डाल्टनगंज, बोकारो।

(iii) पं. बंगाल – रानीगंज, बाकुण्डा, दार्जिलिंग।

(iv) उड़ीसा – सम्बलपुर, तलचर। (v) छत्तीसगढ़ – बिलासपुर, कोरबा

अन्य– आसाम का माकूम नीरजा, तमिलनाडू का नवेली।

**प्रश्न 3. भारत में प्रमुख पेट्रोल उत्पादक क्षेत्र लिखिए।**

उत्तर– (i) भारत का 90 प्रतिशत पेट्रोल का उत्पादन महाराष्ट्र, आसाम, गुजरात, राजस्थान में होता है।

(ii) उत्पादित कच्चे तेल को 24 बड़ी रिफाइनरी को पाइपलाइन के माध्यम से गुवाहाटी, बरोनी, हल्दिया, मथुरा, डिग्बोई व जामनगर में भेजा जाता है।

(iii) राजस्थान में पेट्रोलियम के भण्डार बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगानगर जिलों में 12 ब्लॉकों में मिलते हैं।

(iv) गुडामालानी तथा सांचौर ब्लॉक में विदेशी कम्पनी केयर्न इण्डिया के द्वारा 91 कुंए खोदे गये हैं; जिसमें 12 कुओं में 2005 से उत्पादन शुरू हो गया।

(v) पेट्रोल के प्रमुख ब्लॉक सांचोर–गुडामालानी, बीकानेर–नागौर, बीकानेर – गंगानगर प्रमुख है।

**प्रश्न 4. राजस्थान के प्रमुख खनिज क्षेत्रों की जानकारी दीजिए।**

उत्तर–

| | | |
|---|---|---|
| (i) ताँबा | – | खो दरीबा (अलवर), देबारी सलूम्बर (उदयपुर), बीदासर (बीकानेर), खेतड़ी–सिंघाना (झुन्झुनूं)। |
| (ii) सीसा–जस्ता | – | जावर, राजपुरा देबारी (उदयपुर), रामपुरा–आगुचा (भीलवाड़ा)। |
| (iii) लौह अयस्क | – | मोरिजा बानोल (जयपुर), डाबला (झुंझुनूं), नाथरा की पोल, थूर हुन्डैर, बांसवाड़ा। |
| (iv) कोयला | – | बीकानेर – पलाना, गुढ़ा, बरसिंगसर, बाड़मेर–कपूरड़ी, जालिप्पा, गिरल, नागौर–मेड़ता। |
| (v) अभ्रक | – | भीलवाड़ा, अजमेर। |
| (vi) तामड़ा | – | राजमहल व कल्याण खान (टोंक), भीलवाड़ा। |
| (vii) प्राकृतिक गैस | – | तनौट, मनिहारीटिबा, जैसलमेर, बाघेवाला, बीकानेर। |

**प्रश्न 5. राजस्थान में खनिजों के बारे में बताइये।**

उत्तर– लघुत्तरात्मक प्रश्न 13, 14 व 15 का उत्तर तथा निबंधात्मक प्रश्न 4 का उत्तर।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–11
# विनिर्माण उद्योग

अंक भार–4

बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**1.** राजस्थान औद्योगिक रूप से राज्य है–
(अ) विकसित (ब) विकासशील (स) पिछड़ा (द) कोई नहीं (स)

**2.** देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में राजस्थान का योगदान है–
(अ) 8 प्रतिशत (ब) 6 प्रतिशत (स) 5 प्रतिशत (द) 9 प्रतिशत (ब)

**3.** राजस्थान का देश के सकल घरेलू उत्पादन में योगदान है–
(अ) 20 प्रतिशत (ब) 10 प्रतिशत (स) 30 प्रतिशत (द) 40 प्रतिशत (स)

**4.** संगमरमर उद्योग में राजस्थान का स्थान है–
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय (स) तृतीय (द) चतुर्थ (अ)

**5.** चन्देरिया स्थित है–
(अ) चित्तौड़गढ़ (ब) उदयपुर (स) राजसमंद (द) भीलवाड़ा (अ)

**6.** देश की सबसे बड़ी सीसे–जस्ते की खान है–
(अ) जावर (ब) रामपूरा (स) मंथान (द) राजपूरा (अ)

**7.** राजस्थान का सीमेन्ट उत्पादन में स्थान है–
(अ) द्वितीय (ब) प्रथम (स) तृतीय (द) चतुर्थ (ब)

**8.** राजस्थान की ''सीमेन्ट नगरी'' कहलाता है–
(अ) चित्तौड़गढ़ (ब) नागौर (स) भीलवाड़ा (द) जयपुर (अ)

**9.** राज्य में सफेद सीमेन्ट का कारखाना कहाँ है–
(अ) गोटन (ब) नाथरा कीपाल (स) जयपुर (द) उदयपुर (अ)

**10.** राज्य में संगमरमर कहाँ का प्रसिद्ध है–
(अ) पाली (ब) सिरोही (स) चित्तौड़ (द) मकराना (द)

**11.** सोडियम सल्फेट का कारखाना कहाँ है–
(अ) डीडवाना (ब) पचपदरा (स) सांभर (द) कोई नहीं (अ)

**12.** देश की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है–
(अ) डीडवाना (ब) पचपदरा (स) सांभर (द) कोई नहीं (स)

**13.** तिलहन उत्पादन में राजस्थान का स्थान है–
(अ) द्वितीय (ब) प्रथम (स) तृतीय (द) चतुर्थ (ब)

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1.** राज्य में अधिकतर उद्योग किस पर आधारित है?
उत्तर– खनिज तथा कृषि पर।

**प्रश्न 2.** राजस्थान में सीमेन्ट उत्पादन की शुरूआत कब और कहाँ से हुई–
उत्तर– 1912.13 में लाखेरी बूंदी से।

**प्रश्न 3.** राजस्थान में प्रमुख सीमेन्ट उत्पादक जिले कौन–कौन से है?
उत्तर– निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़), गोटन (नागौर), बूंदी, कोटा।

**प्रश्न 4.** चित्तौड़गढ़ को सीमेन्ट नगरी क्यों कहा जाता है?
उत्तर– सीमेन्ट की 6 बड़ी ईकाइयाँ चित्तौड़गढ़ जिले में होने के कारण चित्तौड़गढ़ को सीमेन्ट नगरी कहा जाता है।

**प्रश्न 5.** देश के कुल उत्पादन में सीमेन्ट में राजस्थान का योगदान है?
उत्तर– 30 प्रतिशत।

**प्रश्न 6.** राज्य में रंगाई, छपाई व बंधेज उद्योग कहाँ के प्रसिद्ध है?
उत्तर– बाड़मेर, पाली, सांगानेर।

**प्रश्न 7.** राजस्थान में सुती वस्त्र उद्योग किन जिलों में है?
उत्तर– भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, गंगानगर।

**प्रश्न 8.** मैग्नीशियम सल्फेट का कारखाना कहा स्थित है?
उत्तर– पंचपदरा (बाड़मेर)।

**प्रश्न 9.** राज्य में सीमेन्ट उद्योग की कितनी ईकाईयाँ संचालित है?
उत्तर– 16 बड़ी, 5 मध्य व 130 निजी क्षेत्र में।

शेखावाटी मिशन–100

लघुत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. देश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण के कोई दो प्रभाव लिखिए।**

उत्तर– औद्योगिक प्रदूषण के प्रभाव– (i) मानव शरीर में भयंकर बिमारियाँ जैसे– कैन्सर, रक्त, त्वचा सम्बन्धी बिमारियाँ होना। (ii) समुद्री पारिस्थितिकी तन्त्र प्रदूषित होना।

**प्रश्न 2. राजस्थान में औद्योगिक विकास के बारे में बताइये।**

उत्तर– (i) राजस्थान औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा राज्य है। (ii) राज्य का देश के कुल उत्पादन में 6 प्रतिशत योगदान है। (iii) यहाँ ज्यादातर उद्योग खनिज व कृषि आधारित है। (iv) अधिकतर उद्योग जोधपुर, भीलवाड़ा, अजमेर में है। (v) राज्य का प्रथम स्थान रत्न, आभूषण, संगमरमर, सीमेन्ट उद्योग में है।

**प्रश्न 3. राजस्थान का प्रथम स्थान किन उद्योगों में है?**

उत्तर– रत्न, आभूषण, संगमरमर, सीसा–जस्ता, नमक, हस्तशिल्प, सीमेन्ट तथा तिलहन उद्योग में।

**प्रश्न 4. राजस्थान के कोई चार हस्तशिल्प उद्योग बताइये।**

उत्तर– (i) रत्न तराशने व आभूषण कार्य– जयपुर, प्रतापगढ़ (ii) मूर्ति तथा कलात्मक कार्य – जयपुर, जोधपुर (iii) लाख व चूड़िया उद्योग – जयपुर, जोधपुर (iv) रंगाई, छपाई बन्धेज उद्योग – बाड़मेर, पाली, सांगानेर

**प्रश्न 5. राज्य में नमक उत्पादक क्षेत्र लिखिए–**

उत्तर– (i) सांभर झील (सर्वाधिक उत्पादन) (ii) डीडवाना (सोडियम सल्फेट कारखाना) (iii) पंचपदरा (मैग्नीशियम सल्फेट)

**प्रश्न 6. ऊनी कम्बल व नमदे बनाने के क्षेत्र लिखिए।**

उत्तर– बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर व पाली।

**प्रश्न 7. राजस्थान में सुती वस्त्र उद्योग के लिए क्या आवश्यक दशाएँ है?**

उत्तर– (i) सस्ती विद्युत (चम्बल व भाखड़ा परियोजना से) (ii) कपास (हाड़ौती तथा घग्घर मैदान से)

**प्रश्न 8. औद्योगिक प्रदूषण दूर करने के कोई दो उपाय बताइये।**

उत्तर– (i) औद्योगिक संयंत्रों में फिल्टर का प्रयोग करना। (ii) कारखानों को घनी आबादी से दूर स्थापित करना।

**प्रश्न 9. औद्योगिक प्रदूषण किसे कहते है? यह भारत के किन शहरों में सर्वाधिक फैला है?**

उत्तर– औद्योगिक व कल–कारखानों से होने वाला अपशिष्टों से जो प्रदूषण होता है, औद्योगिक प्रदूषण कहलाता है। शहर– मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, अहमदाबाद।

**प्रश्न 10.औद्योगिकीकरण के कारण घटित तीव्र नगरीकरण के दुष्प्रभाव बताइये–**

उत्तर– औद्योगिकीकरण ने जहां विकास को गति दी है वही विनाश को भी आमंत्रित किया है।
तीव्र नगीकरणः– औद्योगिकीकरण व नगरीकरण की प्रक्रिया साथ–साथ चलती है जहां उद्योगों का विकास हुआ है वहां नगरों का विस्तार भी तीव्र गति से हुआ है। जैसे– बैंगलोर, नागपुर, पूणे, अहमदाबाद उद्योगों के पास कच्ची बस्तियां की स्थापना के कारण अवशिष्टों के ढेर बन जाते है। साथ पानी की कमी, अस्वच्छता, वायु प्रदूषण जल प्रदूषण आदि समस्याओं का सामना भी करना पड़ता।

**प्रश्न 11.औद्योगिकीकरण के कारण घटित तीव्र नगरीकरण के दुष्प्रभाव बताइये–**

उत्तर– औद्योगिकीकरण ने जहां विकास को गति दी है वही विनाश को भी आमंत्रित किया है।
तीव्र नगीकरणः– औद्योगिकीकरण व नगरीकरण की प्रक्रिया साथ–साथ चलती है जहां उद्योगों का विकास हुआ है वहां नगरों का विस्तार भी तीव्र गति से हुआ है। जैसे– बैंगलोर, नागपुर, पूणे, अहमदाबाद उद्योगों के पास कच्ची बस्तियां की स्थापना के कारण अवशिष्टों के ढेर बन जाते है। साथ पानी की कमी, अस्वच्छता, वायु प्रदूषण जल प्रदूषण आदि समस्याओं का सामना भी करना पड़ता।

**प्रश्न 12.''औद्योगिकीकरण के कारण अत्यधिक जलप्रदूषण होता है।'' समझाइए।**

उत्तर– कारखानों से निकलने वाले अवशिष्ट जल स्रोतों में डाल दिया जाता है। देश में केन्द्रिय जल नियामक बोर्ड के अनुसार गंगा व उसकी सहायक नदी यमुना के किनारे स्थित चमड़ा, कागज, खाद, रसायन व औषधी उद्योगों के अपशिष्ट के कारण बहुत प्रदूषित हो चूकी है।

**प्रश्न 13.''औद्योगिकीकरण का दुष्प्रभाव वायु प्रदूषण भी है।'' इसके दुष्प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– उद्योगों से निकलने वाले विषैले तत्व जैसे कार्बन, शीशा, सल्फर व अन्य कारक नाइट्रोजन व $O_2$ के साथ क्रिया कर मानव शरीर मृदा तथा जल पर हानिकारक प्रभाव डालते है, जिससे मानव में विभिन्न भयानक बिमारियों जैसे कैंसर, रक्त तथा चर्म रोग उत्पन्न होते है।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–12
# मानव संसाधन

अंक भार–4

<u>अति लघुत्तरात्मक</u>

**प्रश्न 1. भारत की दशकीय वृद्धि दर कितनी है?**
उतर– 17.64

**प्रश्न 2. सर्वाधिक जनसंख्या वाले चार देशों के नाम लिखों**
उतर– 1 चीन 2 भारत 3 सयुक्त राज्य अमेरिका 4 इण्डोनेशिया

**प्रश्न 3. भारत में विश्व की कितने प्रतिशत जनंसख्या निवास करती हैं?**
उतर– 17.5

**प्रश्न 4. सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?**
उतर– उतरप्रदेश

**प्रश्न 5. सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?**
उतर– सिक्किम

**प्रश्न 6. राजस्थान में सबसे अधिक जनसंख्या किन जिलों में निवास करती हैं?**
उतर– जयपुर, जोधपुर

**प्रश्न 7. सबसे कम जनसंख्या किन जिले में निवास करती है?**
उतर– जैसलमेंर

**प्रश्न 8. राज्य में देश की कितना प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?**
उतर– 5.67

**प्रश्न 9. जनसंख्या में वृद्धि या कमी का कारण क्या है?**
उतर– जन्म , मृत्यु व प्रवास

**प्रश्न 10.राजस्थान की दशकीय वृद्धि दर कितनी है?**
उतर– 21.44

**प्रश्न11. 2011 की जनसंख्या में राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम वृद्धि किन जिलों में हुई?**
उतर– सर्वाधिक :– बाडमेंर , न्यूनतम :– श्री गंगानगर

**प्रश्न 12.भारत में सर्वाधिक प्रवास अन्तर्राज्यीय स्तर पर होने का प्रमुख कारण क्या है?**
उतर– विवाह के बाद महिलाओं की प्रवासित संख्या अधिक है

**प्रश्न 13.जनंसख्या घनत्व किसे कहते है भारत व राजस्थान का जनसंख्या घनत्व कितना है?**
उतर– प्रति वर्ग किलोमीटर में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है
भारत का जनसंख्या धनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्गकिलो मी.
राजस्थान का जनसंख्या धनत्व 201 व्यक्ति प्रति वर्गकिलो मी.

**प्रश्न 14.भारत के किस राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम जनसंख्या घनत्व पाया जाता है?**
उतर– सर्वाधिक :– बिहार न्यूनतम :– अरूणाचल प्रदेश

**प्रश्न 15.राजस्थान में (2011 की जनसंख्या के अनुसार सर्वाधिक व न्यूनतम जनसंख्या घनत्व किन जिलों का है?**
उतर– सर्वाधिक :– जयपुर 598 न्यूनतम :– जैसलमेर 17

**प्रश्न 16.भारत का साक्षरता प्रतिशत कितना है?**
उतर– 74.04

**प्रश्न 17 सर्वाधिक व न्यूनतम साक्षरता वाले राज्य कौन कौन से है ?**
उतर– सर्वाधिक :– केरल न्यूनतम :– बिहार

**प्रश्न 18 सर्वाधिक व न्यूनतम साक्षरता वाले राजस्थान के जिले कौन कौन से है?**
उतर– सर्वाधिक :– कोटा न्यूनतम :– जालौर


**प्रश्न 19.राजस्थान का साक्षरता प्रतिशत कितना है?**
उतर– 67.07 प्रतिशत

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 20.राजस्थान में साक्षरता हेतु संचालित कार्यक्रमों के नाम लिखों?**
उत्तर– (1) प्रौढ़ शिक्षा (2) सत्त साक्षरता
**प्रश्न 21 बालिका शिक्षा बढावा देने हेतु संचालित दो योजनाओं के नाम लिखें**
उत्तर– 1. ट्रांसपोर्ट वाउचर 2. गार्गी पुरस्कार 3. आपकी बेटी योजना
**प्रश्न 22.लिगानुपात किसे कहते है भारत का लिगानुपात कितना है?**
उत्तर– परिभाषा प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या को लिगानुपात कहा जाता है।
भारत का लिगानुपात :– 940
**प्रश्न 23.भारत में सर्वाधिक व न्यूनतम लिगांनुपात किन राज्यों का है?**
उत्तर– सर्वाधिक :– केरल (1084) न्यूनतम :– हरियाणा (879)
**प्रश्न 24.राजस्थान का लिगानुपात कितना है?**
उत्तर– 928
**प्रश्न 25.राजस्थान में सर्वाधिक व न्यूनतम लिगानुपात किन जिलों का है?**
उत्तर– सर्वाधिक :– डूगरपुर न्यूनतम :– धौलपुर
**प्रश्न 26.भारत का लिगानुपात कम होने के कारण लिखों?**
उत्तर– 1. कन्या भ्रूण हत्या 2. महिलाओं की समाज में निम्न स्थिति 3. बाल विवाह 4. असाक्षरता
**प्रश्न 27.भारत में कितने प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवाास करती है?**
उत्तर– 31.2 प्रतिशत
**प्रश्न 28.राजस्थान में कितने प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवास करती है?**
उत्तर– 24.87 प्रतिशत
**प्रश्न 29.परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरूवात भारत में कब हुई?**
उत्तर– 1952
**प्रश्न 30.किस वर्ष तक भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाऐगा?**
उत्तर– 2045 तक
**प्रश्न 31.जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के चार उपाय बताइये।**
उत्तर– (i) जन्मदर को नियंत्रित किया जाए।
(ii) चिकित्सा सुविधा उपलब्धता सुनिश्चित करने साथ–साथ इनके स्तर को ऊंचा उठाया जाए।
(iii) चिकित्सा के दौरान संभावित परीक्षण एवं दवाएँ मुक्त उपलब्ध कराई जाए।
(iv) परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सही तरीके से क्रियान्वित किया जाए।
**प्रश्न 32.ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र की और जनसंख्या के प्रवास के प्रमुख कारण बताओं–**
उत्तर– (i) तीव्र गति से बढ़ रही नगरीकरण व औद्योगिकरण की प्रवृत्ति।
(ii) शहरों में रोजगार के अवसरों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता।
(iii) शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में उच्च शिक्षा, उच्च चिकित्सा व उच्च तकनीक संस्थाओं का होना।
(iv) अधिकांश प्रशासनिक कार्यालयों का शहरी क्षेत्रों में होना।

<u>मानचित्रात्मक प्रश्न</u>


**प्रश्न 1. भारत के मानचित्र में निम्न लिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए?**
उत्तर– खेतडी / दिल्ली / नेपाल / भूटान / कोटा बॉध / दामोदर घाटी परियोजना / हीराकुण्ड / भिलाई




शेखावाटी मिशन–100


प्रश्न 2. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?

उतर– दिल्ली / बाड़मेर / भीलवाडा / चम्बल घाटी परियोजना / जामनगर / हजारीबाग / बोकारों / कोल्हापुर / सेलम





प्रश्न 3. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?

उतर– उदयपुर / गाँधी सागर बाँध / खेडा / माही बजाज सागर बाँध / बालाघाट / चन्द्रपुर / रायपुर / राँची / दुर्गापुर आदि।




प्रश्न 4. भारत के रेखा मानचित्र में 2011 की जनगणनानुसार राज्यों व केद्रशासित प्रदेशों की जनसंख्या को दर्शाइए।



## पाठ–14

# आर्थिक अवधारणायें एवं नियोजन

## (आर्थिक विकास, भारत में आर्थिक नियोजन)

अंक भार–3

**प्रश्न 1. आर्थिक विकास का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के साथ–साथ, अर्थव्यवस्था की संरचना, तकनीक व सामाजिक दृष्टिकोण में अनुकुल परिवर्तन आर्थिक विकास कहलाता है।

**प्रश्न 2. आर्थिक विकास की दो विशेषताएँ बताइए।**

उत्तर– (i) यह राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक कल्याण को सुनिश्चित करता है।

(ii) आर्थिक विकास की प्रक्रिया के गुणात्मक आयाम होते है।

**प्रश्न 3. निम्न में से कौनसा मानव विकास सूचकांक में शामिल नहीं है?**

(अ) स्वास्थ्य व पोषण (जीवन प्रत्याशा) (ब) प्रतिव्यक्ति आय

(स) शिक्षा (द) सामाजिक असमानता (द)

**प्रश्न 4. निम्न में से आर्थिक विकास का बेहतर माप कौनसा है?**

(अ) सकल घरेलू उत्पाद (ब) राष्ट्रीय आय

(स) प्रति व्यक्ति आय (द) निवल राष्ट्रीय उत्पाद (स)

**प्रश्न 5. निम्न में से योजना आयोग के सदस्य होते है–**

(अ) प्रधानमंत्री

(ब) सभी राज्यों के मुख्यमंत्री

(स) केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक या उपराज्यपाल

(द) ये सभी (द)

**प्रश्न 6. निम्न में से आर्थिक विकास की अवधारणा में शामिल नहीं है?**

(अ) पोषणीय विकास (ब) समावेशी विकास (स) मानव विकास(द) शारीरिक विकास (द)

**प्रश्न 7. भारत में आर्थिक नियोजन का प्रथम प्रयास किसके द्वारा किया गया?**

(अ) महात्मा गाँधी (ब) विश्वेश्वरैया (स) दादाभाई नैरोजी (द) प. जवाहरलाल नेहरू (ब)

**प्रश्न 8. नीति आयोग का मुख्य संकल्प है–**

(अ) सहयोगपूर्ण संघवाद (ब) केन्द्रीकरण (स) सैन्यकरण (द) निरंकुशलता (अ)

**प्रश्न 9. नीति आयोग के अध्यक्ष कौन होते है?**

(अ) मुख्यमंत्री (ब) प्रधानमंत्री

(स) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (द) राज्यपाल (ब)

**प्रश्न 10. नीति आयोग के वर्तमान अध्यक्ष कौन है?**

(अ) मनमोहन सिंह (ब) निर्मला सीतारमन (स) सोनिया गाँधी (द) नरेन्द्र मोदी (द)

**प्रश्न 11. नीति आयोग की स्थापना कब हुई–**

(अ) 1 जनवरी, 2015 (ब) 1 जनवरी 2014

(स) 26 जनवरी 1950 (द) 26 जनवरी 2015 (अ)

**प्रश्न 12. नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौन है?**

(अ) अरविंद पनगड़िया (ब) नरेन्द्र मोदी

(स) अमिताभ कांत (द) एस. शक्तिकांत (स)

शेखावाटी मिशन–100

प्रश्न 13. योजना अवकाश की अवधि रही ?

(अ) 1965–68 (ब) 1966–69 (स) 1967–70 (द) 1978–80 (ब)

प्रश्न 14. निर्धारित अवधि से पूर्व समाप्त हो जाने वाली पंचवर्षीय योजना है–

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय (स) तृतीय (द) पंचम (द)

प्रश्न 15. योजना आयोग है–

(अ) संवैधानिक संस्था (ब) संविधानोत्तर संस्था

(स) सलाहकारी संस्था (द) ब व स दोनों (द)

प्रश्न 16. 12वीं पंचवर्षीय योजना में कितने % विकास दर का संशोधित लक्ष्य रखा गया।

(अ) 7.6 प्रतिशत (ब) 8 प्रतिशत (स) 11 प्रतिशत (द) 12 प्रतिशत (ब)

लघुत्तरात्मक (i) प्रश्न

प्रश्न 1. l d y ?kjsyw mRikn (GDP) की परिभाषा लिखिए।

उत्तर – एक देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के अंतिम मूल्य के योग को सकल घरेलू उत्पाद कहते है।

✦ वित्त वर्ष– 1 अप्रैल से 31 मार्च

✦ GDP (पुरा नाम) GROSS DOMESTIC PRODUCT

✦ प्रति व्यक्ति आय ज्ञात करने का $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$

प्रश्न 2. राष्ट्रीय आय की गणना (भारत में) का कार्य कौन करता है?

उत्तर – केन्द्रिय सांख्यिकी संगठन (CSO) 1955 से (मुख्यालय नई दिल्ली)

प्रश्न 3. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम कब व किसने की?

उत्तर– 1868ई. मे दादाभाई नैरोजी द्वारा।

प्रश्न 4. 'प्लांड इकोनॉमी ऑफ इण्डिया' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

उत्तर – एम. विश्वेश्वरैया।

प्रश्न 5. भारत में आर्थिक कल्याण एंवं आर्थिक विकास का अधिक उपयुक्त माप किसे माना जाता है?

उत्तर – प्रति व्यक्ति आय

विकास की अवधारणाएं (1) मानव विकास (2) सत्त /धारणीय विकास (3) समावेशी विकास।

प्रश्न 1. मानव विकास की अवधारण का प्रतिपादन किसने किया ?

उत्तर– महबूब उल हक द्वारा 1990 में।

प्रश्न 2. मानव विकास सूचकांक निर्माण हेतु किन घटको (आयामों ) को शामिल किया जाता है?

उत्तर– (1) शिक्षा (2) स्वास्थय (जीवन प्रत्याशा) (3) प्रति व्यक्तिआय (जीवनस्तर)

प्रश्न 3. मानव विकास से क्या तात्पर्य है?

उत्तर– मानवीय समुह की स्वास्थय ,शिक्षा व जीवन स्तर सम्बन्धी दशाओं के गुणात्मक परिवर्तन को ।

प्रश्न 4. समावेशी विकास को परिभाषित कीजिए।

**उत्तर–** समाज में रहने वाले सभी लोंगों को बिना भेदभाव के विकास की मुख्य धारा में शामिल करना।

प्रश्न 5. सत्त विकास / धारणीय विकास / पोषणीय विकास किसे कहते है?

उत्तर– भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं की अवहेलना न करते हुए वर्तमान पीढ़ियों की आवश्कताओं की पूर्ति हेतु संसाधनों का उपयोग करना ।

प्रश्न 6. नियोजन से क्या आशय है?

उत्तर– नियोजन संसाधनों का उपयोग करके लक्ष्यों को प्राप्त करनें की तकनीक है।

शेखावाटी मिशन–100

**प्रश्न 7. भारत में आर्थिक नियोजन की शुरूआत कब हुई?**

उत्तर– 1934 ई में एम. विश्वेश्वरैया द्वारा।

**प्रश्न 8. स्वतंत्रता पश्चात भारत में आर्थिक नियोजन का कार्य किया ?**

उत्तर– योजना आयोग (मार्च 1950)

**प्रश्न 9. भारत में आर्थिक नियोजन के दो उद्देश्य बताईए।**

उत्तर– (1) आर्थिक विकास का लक्ष्य प्राप्त करना । (2) गरीबी की समस्या का समाधान करना।

**प्रश्न 10. योजना आयोग का प्रमुख कार्य बताइए ।**

उत्तर– (1) पंचवर्षीय योजनओं का निर्माण। (2) गरीबी की समस्या का समाधान करना।

**प्रश्न 11. राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) की स्थापना कब हुई?**

उत्तर– अगस्त 1952

**प्रश्न 12. राष्ट्रीय विकास परिषद का मुख्य कार्य बताइए।**

उत्तर– पंचवर्षीय योजनाओं का अनुमोदन।

**प्रश्न 13. प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि बताइए।**

उत्तर– 1 अप्रेल 1951 से 31 मार्च 1956 ई।

**प्रश्न 14. योजना अवकाश से आप क्या समझते है?**

उत्तर– भारत–पाक युद्ध व अकाल के कारण तीसरी योजना के पश्चात योजना बनाने की प्रक्रिया में बाधा आने के कारण 1966 से 1969 के बीच तीन वार्षिक योजनाएं बनाई गयी जिसे योजना अवकाश कहते है।

**प्रश्न 15. अनवरत योजना से क्या समझतें है?**

उत्तर– चालू योजना को निश्चित समय अन्तराल के बाद सम्पादित किया जाता है। चालू योजना के लक्ष्यों व समयावधि में परिर्वतन की लोचशीलता रहती है।

**प्रश्न 16. 12 वीं पंचवर्षीययोजना की अवधि बताइए।**

उत्तर– 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक

**प्रश्न 17. 12 वी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य क्या था?**

उत्तर– अधिक तीव्र, समावशी व धारणीय विकास।

**प्रश्न 18. नीति आयोग के उपाध्यक्ष का नाम बताइए।**

उत्तर– अरविन्द पनगड़िया (वर्तमान में–डॉ.राजीव कुमार)।

**प्रश्न 19. भारत सरकार का 'थिंक टैंक' किसे कहते हैं ?**

उत्तर– नीति आयोग।

**प्रश्न 20. नीति आयोग की स्थापना के मूल में दो केन्द्र कौनसे है?**

उत्तर– 1. टीम इण्डिया हब 2. ज्ञान व नवचार हब।

**प्रश्न 21. टीम इण्डिया हब का क्या कार्य है?**

उत्तर– नीति निर्माण में राज्य सरकारों को केन्द्र सरकार के साथ शामिल करना।

**प्रश्न 22. योजना आयोग की स्थापना का मुख्य ध्येय क्या था?**

उत्तर– भारत के राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों को योजना निर्माण व क्रियान्वयन में शामिल करना व नियोजन की प्रक्रिया का विकेन्द्रीकरण करना था।

**प्रश्न 23. ज्ञान व नवाचार हब का कार्य है–**

उत्तर– नीति आयोग की थिंक टैंक क्षमताओं को मजबूत बनाना।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–15
# भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एवं नवीन प्रवृत्तियाँ
# (आर्थिक सुधार, स्वदेशी की अवधारणा व कौशल विकास)

अंक भार–6

**1. 1990 के दशक में आर्थिक सुधार अपनाये जाने के क्या कारण थे? विस्तृत विवेचना कीजिए।**

उत्तर– (1) 1950–1990 के दौरान अर्थव्यवस्था के संचालन हेतु अनेक नियम बनाए गए जिस कारण विकास की प्रक्रिया अवरूद्व हो गयी थी

(2) भारत सरकार को विदेशी मुद्रा उधार लेनी पड़ रही थी जो वित्तिय कर्ज को बढ़ावा दे रही थी इससे बचने हेतु आर्थिक सुधार आवश्यक थे।

(3) भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ते व्यापार घाटे का शिकार थी, इससे निपटने हेतु आर्थिक सुधार जरूरी थे।

(4) उत्पादन में धीमी वृद्धि,अत्यधिक सार्वजनिक व्यय तथा अन्य कारणो ने महॅगाई की समस्या उत्पन्न कर दी थी।

**2. उदारीकरण से आप क्या समझते है? इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुआ?**

उत्तर– उदारीकरण– व्यापार के अवरोधो व प्रतिबंधो को समाप्त कर व्यापारिक नियमो व कानूनों के सरलीकरण की प्रक्रिया उदारीकरण कहलाता है।

<u>भारतीय अर्थव्यवस्था पर उदारीकरण का प्रभाव</u> –

(1) भारतीय अर्थव्यवस्था समाजवादी मिश्रित अर्थव्यवस्था से पूंजीवादी मिश्रित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई।

(2) इससे व्यापार में सरकारी हस्तक्षेप में कमी आयी।

(3) भारतीय अर्थ मुक्त बाजार अर्थ की और अग्रसर हुई।

**3. वैश्वीकरण क्या है?**

उत्तर– विभिन्न देशों का पुंजी,श्रम,व्यापार तथा तकनीक के आदान–प्रदान के लिए एकीकरण।

**4. वैश्वीकरण के तीन लाभ बताइए।**

उत्तर– (1) देशो के बीच सेवा, तकनीक में निवेश

(2) सूचना व संचार के तकनीक को तीव्र गति प्रदान की है।

(3) इससे उत्पादन लागत गिरी है, व उत्पादो की गुणवता में सुधार आया है।

**5. निजीकरण से आप क्या समझते है? इससे अर्थव्यवस्था में कौनसे बदलाव हुए?**

उत्तर– अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की भूमिका में वृद्धि करना निजीकरण कहलाता है।

अर्थव्यवस्था में होने वाले बदलाव–

(i) अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्रों की भूमिका को कम किया गया।

(ii) 1991 की औद्योगिक नीति से लाइसेन्स प्रणाली को लगभग समाप्त कर दिया।

(iii) 1991-92 में निजीकरण हेतु 'विनिवेश' कार्यक्रम शुरू किया गया।

(iv) निजीकरण से राजकोषीय अनुशासन स्थापित करने में सहायता मिली।

**6. नई आर्थिक नीति 1991 के अन्तर्गत अपनाएं गए आर्थिक सुधारों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– नोट प्रश्न संख्या 2 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर को जोड़कर लिखने से इस प्रश्न का उत्तर बन जायेगा।

**7. स्वदेशी की अवधारणा वैश्वीकरण के दौर में किन कारणों से प्रासंगिक बन गई है? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने समूचे विश्व को एक विस्तृत बाजार बना दिया है। इस वैश्विक बाजार के बीच स्वदेशी की अवधारणा का उदय राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक है यह स्वयं के देश की कम्पनियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के प्रयोग व विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के त्याग पर बल देता है।

शेखावाटी मिशन–100

स्वदेशी की अवधारणा उत्पन्न होने के कार ण/स्वदेशी की अवधारणा के लाभ :–

(1) स्वदेशी की भावना राष्ट्र को एकजुट करने का कार्य करती है।

(2) इसके कारण धरेलु उधोग – धंधों को सम्बल मिलता है।

(3) स्वदेशी की अवधारणा आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरेणा देती है।

(4) स्वदेशी की अवधारणा से स्थानीय लोंगों को रोजगार मिलता है।

**8. कौशल विकास से आप क्या समझते है इसका महत्व बताईए । अथवा कौशल विकास पर टिप्पणी लिखिए।**

उत्तर– कौशल विकास – किसी कार्य को अधिक अच्छे तरीके से सम्पन्न करने की योग्यता और क्षमता को कौशल विकास कहते है।

कौशल विकास का महत्व :–

1. यह एक एसी प्रक्रिया है जो श्रम को शिक्षा स्वास्थय और प्रशिक्षण के द्वारा योग्यता व कुशलता से जोड़ती है।
2. इससे मानव संसाधन को मानव पूँजी में बदला जाता है।
3. इससे श्रम की उत्पादकता में वृद्धि होती है।
4. इससे व्यक्ति की योग्यता एवं जीवन की गुणवता बढ़ती है।

**9. बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते है? इनका महत्व कीजिए।**

उत्तर– वह कम्पनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण तथा स्वामित्व रखती है। बहुराष्ट्रीय कम्पनी कहलाती है।

महत्वः–

1. वर्तमान में विभिन्न देशों के बीच सेवाओं में निवेश व तकनीक का आदान प्रदान
2. सूचना व संचार तकनीक के विकास मे वैश्वीकरण को तीव्र गति प्रदान की है।
3. इसने विभिन्न देशों के बीच सेवाओं के उत्पादन के प्रसाद मे मुख्य भूमिका निभाई है।

**10. विश्व व्यापार संगठन विभिन्न देशों के बीच व्यापार को किस प्रकार सुगम बनाया है?**

उत्तर– विश्व व्यापार संगठन की स्थापना 1 जनवरी 1995 मे की गई। जिसका मुख्यालय 'जिनेवा' मे है।

विभिन्न देशों के मध्य व्यापार को सुगम बनाने मे योगदान–

1. यंह राष्ट्रों के मध्य व्यापार के नियमों का निर्धारण तथा नियमन का कार्य करता है।
2. यह बहुपक्षीय व्यापार समझौतों को लागू करने व उनके नियंत्रण का कार्य करता है।
3. यह अपने सदस्य राष्ट्रों को व्यापार समझौतो या विचार –विमर्श के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध करता है।
4. विभिन्न राष्ट्रों के मध्य व्यापार सम्बन्धी विवादों का निपटारा करता है।

**11. भूगतान संतुलन और व्यापार संतुलन में क्या अंतर है? समझाइए।**

| भूगतान संतुलन | व्यापार संतुलन |
|---|---|
| यह व्यापार संतुलन की अपेक्षा अधिक विस्तृत है। | यह सीमित तथा कम व्यापक क्षेत्र है। |
| इसमे दृश्य व अदृश्य दोनों ही प्रकार की मंदो को किया जाता है। | इसमे केवल अदृश्य मदें शामिल अर्थात वस्तु व्यापार मान्य,मानव शामिल सेवा नही। |
| इसमे विदेशी विनिमय की सम्पूर्ण मांग व पुर्ति का व सम्पूर्ण भूगतान स्थिति का विशलेषण किया जाता है। | यह भुगतान स्थिति का आर्थिक विश्लेषण करता है। |

दोहरा लेखा प्रणाली के कारण भुगतान संतुलन यह विपरीत या अनुकूल रह सकता है।
का खाता सदैव संतुलित रहता है।

**12. कौशल विकास हेतु सरकार में कौन–कौनसे कदम उठाए?**

उत्तर– कौशल विकास के महत्त्व को देखते हुए भारत जैसे श्रम प्रधान देश में कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

(i) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम– इसके लिए 15 जुलाई को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन प्रारम्भ किया गया। इस मिशन को मुख्य ध्येय कौशल प्रदान करने वाले प्रशिक्षणों के माध्यम से कुशल भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है।

(ii) कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय का गठन– कौशल विकास हेतु स्वतंत्रता के पश्चात् यह पहला अवसर है जब युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए इस मंत्रालय का गठन किया गया है।

## पाठ–16

# भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां

## (निर्धनता, बेरोजगारी–कारण व निवारण के उपाय)

अंक भार–4

<u>अतिलघुतरात्मक प्रश्न</u>

1. **भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष कौन – कौनसी चुनौतिया है ?**

उत्तर– 1. मुद्रास्फीति (महगांई)
2. गरीबी
3. बेरोजगारी

2. **गरीबी से क्या आश्य है?**

उत्तर– ऐसी स्थिति जिससे व्यक्ति जीवन निर्वाह की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति नही कर पाता है।

3. **भारत में गरीबी का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है?**

उत्तर– (1) प्रति व्यक्ति आय
(2) कैलोरी उपयोग
(3) कैलोरी उपयोग व्यय के आधार पर

4. **कैलोरी उपभोग के आधार पर शहरी व ग्रामीण गरीबी का माप क्या है?**

उत्तर– (1) ग्रामीण क्षेत्र में 2400 कैलोरी/व्यक्ति प्रतिदिन। (2) शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी/व्यक्ति प्रतिदिन।

5. **सुरेश तेदुलकर के आधार पर भारत में कितने प्रतिशत लोग गरीब है?**

उत्तर– 21.92 % लोग।

6. **भारत में विश्वसनीय समंको (गरीबी के आंकड़े) के संकलन का कार्य कौन करता है?**

उत्तर– N.S.S.O.

7. **N.S.S.O. का पुरा नाम लिखिए।**

उत्तर– National Sample Sarvey Organisation राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन।

8. **गरीबी के दुष्चक्र का सिद्वान्त किसने दिया?**

उत्तर– रेग्नार नर्क्से ने।

<u>बेरोजगारी के प्रकार</u>

9. **प्रच्छन्न छिपी /बेरोजगारी किसे कहते है?**

उत्तर– उसमें व्यक्ति काम में लगा हुआ प्रतीत होता है। परन्तु उत्पादन में उसका योगदान नहीं होता है। यह कृषि क्षेत्र में अधिक पायी जाती है।

10. **संरचनात्मक बेरोजगारी से क्या आशय है ?**

उत्तर– विकास के साथ साथ अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र में मांग कम होती है तथा दुसरे क्षेत्र मांग बढ़ती है इस परिवर्तन से मांग का स्वरूप भी बदलता है इन संरचनात्मक परिर्वतनों से बरोजगारी उत्पन्न होती है उसे संरचनात्मक बेरोजगारी कहते है ।

11. **तकनीकी बेरोजगारी से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर– उत्पादन की तकनीक से सुधार व नवीन मशीनों के उपयोग से जो बेरोजगारी होती है।

12. **घर्षणात्मक बेरोजगारी किसे कहते है?**

उत्तर– दो रोजगार अवधियों के मध्य उत्पन्न बेरोजगारी को घर्षणात्मक बेरोजगारी कहते है यह कार्य बदलने हड़ताल ताला बंदी आदि के कारण उत्पन्न होती हैं।

13. **चक्रीय बेरोजगारी किसे कहते है ?**

उत्तर– जब व्यापार चक्रो में मंदी की स्थिति होती है तो इससे उत्पादन व रोजगार में गिरावट होती है और इससे चक्रीय बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होती है।

14. **मौसमी बेरोजगारी से आप क्या समझते है–**

उत्तर– बहुत से व्यवसाय ऐसे होते है जो मौसम बदलने के साथ ही समाप्त हो जाते है। ऐसे व्यवसाय वर्ष की एक निश्चित अवधि या मौसम में ही रोजगार देते है।
उदाहरण– कृषि या कृषि आधारित उद्योग– शक्कर उद्योग।

शेखावाटी मिशन–100

15. **सापेक्ष तथा निरपेक्ष गरीबी के मध्य अन्तर बताइए।**

| निरपेक्ष | सापेक्ष गरीबी |
|---|---|
| निरपेक्ष गरीबी व स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पाता है। | समाज या राष्ट्र के विभिन्न वर्गों के बीच आय या धन या उपभोग व्यय के वितरण में असमानताओं का माप को सापेक्ष गरीबी कहते है। |
| निरपेक्ष गरीबी का विचार अविकसित राष्ट्रों में अधिक उपयोगी है। | सापेक्ष गरीबी का विचार विकसित राष्ट्रों में अधिक पाया जाता है। |
| निरपेक्ष गरीबी के निर्धारण हेतु मूलभूत आवश्यकताओं का मानक स्तर निर्धारित करना पड़ता है। | सापेक्ष गरीबी का निर्धारण आय वर्गों की असमानता के आधार पर किया जाता है; |

16. **भारत में गरीबी के कारणों को स्पष्ट कीजिए। या**
**भारत में गरीबी के चार प्रमुख कारणों का उल्लेख करते हुए इसके निवारण के उपाय बताइए। या**
**भारत में गरीबी के आर्थिक कारणों की विवेचना कीजिए।**

उत्तर– भारत एक विशाल भौगोलिक क्षेत्रफल वाला राष्ट्र है जिसके कारण यहां गरीबी का कोई स्पष्ट व निश्चित कारण नहीं है अपितु अनेक कारण है।

(i) **सामाजिक कारण–** भारत में सामाजिक ढाँचा गरीबी को बढ़ाने वाला रहा है जन्म, मृत्यु व विवाह से सम्बन्धित अनेक ऐसी परम्पराएँ है जो व्यक्ति को कर्जदार बना देती है। इसी प्रकार बेटे के जन्म की चाह ने जनसंख्या वृद्धि में योगदान दिया है।

(ii) **आर्थिक कारण–** भारत की अधिकांश जनसंख्या आर्थिक पिछड़ेपन का शिकार है। भारत में शिक्षा तथा स्वास्थ्य की स्थिति अत्यधिक पिछड़ी है। जिससे निम्न जीवन गुणवत्ता मिलती है।
भारत की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, जिसके कारण आर्थिक पक्ष कमजोर बना हुआ है।
भारत में संसाधनों की स्थिति भी कमजोर है।

(iii) **राजनीतिक कारण–** राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी भी भारत में गरीबी के लिए उत्तरदायी है।
सरकार गरीबी निवारण की योजनाएं तो बनाती है पर उनका कुशल संचालन नहीं कर पाती है।

(iv) **अन्य कारण–** शिक्षा का निम्न स्तर, रोजगार परक शिक्षा का अभाव कमजोर आधारभूत संरचना व पूंजी निर्माण का अभाव।

17. **भारत गरीबी निवारण के उपाय बताइए।**

उत्तर– (i) शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार। (ii) रोजगार के अवसरों में वृद्धि।
(iii) सामाजिक कुप्रथाओं पर नियंत्रण की आवश्यकता। (iv) लक्षित व्यक्ति या समूह तक को पहुंचाना।

18. **भारत में गरीबी निवारण हेतु अपनाएं गए उपाय बताइए।**

उत्तर– 1970 के पश्चात् भारत में गरीबी निवारण हेतु बहुआयामी नीति अपनाई गई।
रोजगार व स्वरोजगार के अनेक कार्यक्रम चलाए गए।
गरीबी उन्मूलन के लिए सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे। (बी.पी.एल)
जीवनयापन करने वाले परिवारों की पहचान करके उन्हें जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक वस्तुएँ व सेवाएं मुक्त कम कीमत पर उपलब्ध करवाई गई।

19. **भारत में बेरोजगारी के लिए उत्तरदायी कारणों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– (i) रोजगार परक शिक्षा व प्रशिक्षण का अभाव। (ii) बढ़ती जनसंख्या व श्रमशक्ति।
(iii) अनुप्रयुक्त तकनीक। (iv) कृषि का पिछड़ापन।
(v) रोजगार विहिन आर्थिक विकास। (vi) राजनीतिक इच्छाशक्ति व व्यवस्थित नियोजन का अभाव।

20. **बेरोजगारी निवारण के लिए अपने सुझाव दीजिए।**

उत्तर– (i) लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। (ii) शिक्षा के दौरान ही रोजगार की व्यवस्था उत्पन्न की जाए।
(iii) स्वरोजगार को अत्यधिक बढ़ावा दिया जाए। (iv) समाज में व्याप्त असमानता को पूरा किया जाए।

21. **सरकार द्वारा कौनसे उपाय अपनाकर बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है?**

उत्तर– (i) सरकार द्वारा चलाए जा रहे मजदूरी व स्वरोजगार कार्यक्रमों में उचित समन्वय करके।
(ii) शिक्षा को रोजगार परक बनाकर, युवाओं को प्रशिक्षण व कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करके।
(iii) कृषि से मुक्त होने वाले आधिक्य श्रम को खपाने के लिए उद्योगों की वृद्धि दर को तेज करके।

22. **समान रिकॉल अवधि व मिश्रित रिकॉल अवधि क्या है?**

उत्तर– (i) समान रिकॉल अवधि– सम्मान रिकॉल अवधि में 30 दिन की अवधि के लिए उपभोग व्यय समंक एकत्र किए जाते है।
(ii) मिश्रित रिकॉल अवधि– मिश्रित रिकॉल अवधि में खाद्यान्न व गैर खाद्यान्न वस्तुओं पर उपभोग व्यय के समंक एकत्रित करने के लिए दो अलग–अलग सन्दर्भ अवधियों (30 दिन तथा 365) का संयुक्त रूप से प्रयोग किया जाता है।

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–18
## उपभोक्ता एवं विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार

अंक भार–5

**1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम क्या है ?**

उत्तर– उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए 24 दिसम्बर 1986 को संसद ने एक अधिनियम पारित किया जिसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कहते है।

**2. उपभोक्ता को दिए गए चार अधिकारों का उल्लेख कीजिए ।**

उत्तर– 1. **सुरक्षा का अधिकार**– उपभोक्ताओं को उस माल के विक्रय संरक्षण दिए जाने का अधिकार है जो माल व सेवा उनके जीवन व सम्पति के लिए संकट पैदा करते है।

2. **सुचना अधिकार** – उपभोक्ता जों माल या वस्तु खरीदता है उसके गुण मात्रा शुद्धता व मूल्य के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार है

3. **चयन का अधिकार** – बाजार में उपलब्ध वस्तुओं मे सें अपने पंसद के आधार पर चयन करने का अधिकार है।

4. **क्षतिपूर्ति का अधिकार** – अगर उपभोक्ता को किसी वस्तु या सेवा से कोई क्षति या नुकसान हो जाता है तो उपभोक्ता को क्षतिपुर्ति का अधिकार है।

**3. उपभोक्ता शोषण से बचने के लिए आपके अनुसार क्या सांवधानियां रखनी चाहिए।**

उत्तर– (1) वस्तु से सम्बधित लिखित व अलिखित पुर्ण जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।
(2) क्रय की गई वस्तु/ सेवा के मूल्यों की भुगतान की रशीद/ बिल अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
(3) वस्तुओ से श्रेणीकरण तथा गुणवता के चिन्हों जैसे ISI/ AG/ ISO/ ECO आदि का पुरा ध्यान दें।
(4) वस्तु व सेवा मे कमी। दोष पाए जाने पर विक्रेता को तुरन्त सुचित कर हानि की क्षतिपुर्ति की मांग करें।

**4. 'सूचना के अधिकार' के अनुसार सुचना प्राप्त करने का तरीका क्या है?**

उत्तर– इस अधिकार के अनुसार सूचना लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ 10 रूपये नगद या पोस्टल ऑर्डर के रूप में जमा कराना होगा। इसके अलावा सूचना प्राप्त करने का निम्न तरीका होगा।
(1) अगर सूचना बड़े आकार के कागज की नकल की हो तो अलग राशि देनी पड़ेगी।
(2) सी.डी. या फ्लॉपी के लिए 50 रू. जमा कराने होगें। (3) फॉटो कॉफी प्रति पृष्ठ 2 रू. की दर से देने होंगें।
(4) आवेदन के 30 दिन के भीतर सूचना प्राप्त कर सकेंगे।
(5) व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता के बारे में 48 घण्टे में सूचना प्राप्त कर संकेगे।

**5. विधिक जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु चार उपाय सुझाइए।**

उत्तर– (1) साक्षरता शिविरों का आयोजन करना। (2) कानून सम्बन्धी कार्यक्रमों का प्रसारण करना।
(3) पम्पलेट एव लघु पुस्तिकाएं छपवाना। (4) सचल लोक अदालत एवं विधिक जागरूकता अभियान चलाना।

**6. उपभोक्ता शिक्षा में कौन– कौनसी जानकारीयां उपभोक्ता को होनी चाहिए।**

उत्तर– (1) बाजार में कौन–कौनसी वस्तुएं उपलब्ध है। उनका ब्राण्ड, ट्रेडमार्क व मूल्य क्या है।
(2) वस्तुएँ कब खरीदी जानी चाए ताकि अधिकतम बचत हो।
(3) किस बाजार में कौनसी दुकान पर उचित मूल्य में उत्तम किस्म की सामग्री मिलेगी।
(4) व्यक्ति स्वयं के ज्ञान, बुद्धि, विवेक का इस्तेमाल करके उत्तम वस्तुओं का क्रय कर सकता है।
(5) पत्र– पत्रिकाएँ दुसरे व्यक्तियों का अनुभव, अन्य प्रचार माध्यम उपभोक्ता को शिक्षित करने में सहायता कर सकते है।

**7. उपभोक्त शोषण के चार कारणों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– (i) वस्तु या सेवा की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता व मानक पर ध्यान दिए बिना खरीदना।
(ii) वस्तुओं की पैकिंग पर लिखित प्रचार पर विश्वास कर लेना।
(iii) वस्तु व सेवा के चयन में असावधानी रखना। (iv) सरकार पर पूँजीपतियों व उद्योगपतियों का प्रभाव होना।

**8. राजस्थान में उपभोक्ता विवाद निवारण के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के आधार पर राजस्थान राज्य उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1987 पारित किया गया व इसमें दो स्तरीय व्यवस्था की गई। (1) राज्य स्तर पर (2) जिला स्तर पर

**(1) राज्य स्तर पर (राज्य आयोग)–**

राजस्थान उपभोक्ता संरक्षण निमावली 1987 के नियम 7 के अनुसार–
राज्य आयोग का कार्यालय राज्य की राजधानी में स्थित होगा।
राज्य आयोग के कार्यदिवस व कार्यालय समय वही होगा जो राज्य सरकार के है।
राज्य आयोग की बैठक, जब कभी आवश्यक हो अध्यक्ष द्वारा बुलाई जायेगी।

**(2) जिला स्तर पर (जिला फोरम)**

इसका कार्यालय जिला मुख्यालय पर होगा।
जिला फोरम के कार्यदिवस व कार्यालय समय वही होगा जो राज्य सरकार के है।
जिला फोरम की बैठक, जब कभी आवश्यक हो, अध्यक्ष द्वारा बुलाई जायेगी।

शेखावाटी मिशन–100

9. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।
उत्तर– 24 दिसम्बर को

10. वस्तुओं के श्रेणीकरण व मानक चिन्हों के दो उदाहरण लिखिए।
उत्तर– (i) ISI (ii) ECO

11. राजस्थान राज्य उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब पारित किया गया।
उत्तर– 1987 ई. में।

12. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में विवाद निवारण के लिए कितने स्तर पर व्यवस्था की गई है?
उत्तर– (i) राष्ट्रीय स्तर पर। (ii) राज्य स्तर पर। (iii) जिला स्तर पर।

13. राष्ट्रीय स्तर पर कितनी राशि के विवादों का निपटारा किया जाता है?
उत्तर– 1 करोड़ रूपये से अधिक

14. जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद का निपटारा कितने दिनों में करना होता है?
उत्तर– 90 दिन में

15. जिला फोरम के निर्णय के खिलाप उपभोक्ता कितने दिनों में अपील कर सकता है?
उत्तर– 30 दिन में।

16. राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्णय के विरूद्ध अपील कहाँ की जा सकती है?
उत्तर– राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में।

17. राजस्थान में उपभोक्ता विवाद निवारण के लिए कौनसे उपाय किये गये है–
उत्तर– राजस्थान में उपभोक्ता विवाद निवारण के लिए राज्य स्तर पर राज्यस्तरीय उपभोक्ता आयोग (20 लाख से 1 करोड़ रूपये तक की राशि के विवादों की सुनवाई), जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता मंच (20 लाख रूपय तक की राशि के विवादों की सुनवाई) की स्थापना की गई। जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद का निपटारा 90 दिन में करना होता है तथा इसके निर्णय के खिलाफ 30 दिन में राज्य आयोग में अपील की जा सकती है।

18. क्या राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के निर्णय के विरूद्ध अपील करने का प्रावधान है?
उत्तर– हाँ, राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के विरूद्ध 'उच्चतम न्यायालय' में अपील करने का प्रावधान है।

19. 1980 में राष्ट्रीय स्तर पर विधिक सेवा सहायता विषय पर नियम बनाने के लिए किनके निरीक्षण में एक कमेटी बनाई गई?
उत्तर– न्यायमुर्ति पी.एन.भगवती।

20. 'राष्ट्रीय विधिक सेवा अधिनियम 1987' सम्पूर्ण देश में कब लागू हुआ?
उत्तर– 5 नवम्बर, 1995 ई. को।

21. 'राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस' मनाया जाता है?
उत्तर– 5 नवम्बर को।

22. विधिक जागरूकता से आप क्या समझते है?
उत्तर– जनकल्याणकारी योजनाओं व संशोधित नियमों तथा कानूनों की जानकारी समाज के सभी नागरिकों तक पहुँचाने का कार्य विधिक जागरूकता कहलाता है।

23. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
उत्तर– राजस्थान उच्च न्यायालय भवन, जयपुर में।

24. राजस्थान राज्य विधिक प्राधिकरण के दो कार्य बताइए।
उत्तर– (i) स्थाई लोक अदालतों का संचालन। (ii) विधिक चेतना का प्रचार–प्रसार करना।

25. कानून की बात कार्यक्रम कब व कितने बजे प्रसारित किया जाता है?
उत्तर– ''कानून की बात'' साप्ताहिक कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन राजस्थान पर प्रत्येक शनिवार 7 से 7:30 बजे तक व राजस्थान के सभी रेडियो आकाशवाणी केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को सांय 5:45 से 6 बजे तक विधिक जागरूकता हेतु जनहित में प्रसारित किया जाता है।

26. 'मातृत्व लाभ अधिनियम 1961' में कौन–कौनसे प्रावधान है?
उत्तर– (i) पंजीकृत महिला श्रमिकों को बच्चे के जन्म से पूर्व 6 सप्ताह और जन्म के बाद 6 सप्ताह का मजदूरी सहित अवकाश पाने का अधिकार है। (ii) कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए राज्य बीमा व कर्मचारी भविष्य निधि योजना चलाई जा रही है।

27. 'नकल विरोधी कानून' क्या है?
उत्तर– राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 के अनुसार परीक्षाओं के दौरान नकल व अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर 3 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

28. ग्राम पंचायत स्तर पर सूचना अधिकारी कौन होता है?
उत्तर– ग्राम सचिव या ग्राम सेवक।

29. पंचायत समिति में मुख्य सूचना अधिकारी कौन होता है?
उत्तर– विकास अधिकारी (BDO)

30. जिला परिषद में मुख्य सूचना अधिकारी कौन होता है?
उत्तर– मुख्य कार्यकारी अधिकारी (C.E.O.)

शेखावाटी मिशन–100

# पाठ–19
# सड़क सुरक्षा शिक्षा

अंक भार–2

1. **BRTC का पुरा नाम बताते हुए इसका प्रमुख उद्देश्य बताइए।**

उत्तर– बस रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर

उद्देश्य– सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का प्रयोग करने वाले के यात्रा समय में कमी लाना।

2. **सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दीजिए।**

उत्तर– (1) विभिन्न प्रेरक योजनाएं लागू करना।

(2) दोपहिया व तिपहिया वाहनों के लिए दोपहिया लेन को अनिवार्य बनाना।

(3) पदयात्रियों हेतु अधिक ओवर ब्रिजों का निर्माण करके।

3. **सार्वजनिक परिवहन के महत्व से आप क्या समझते है?**


उत्तर– (1) इससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। (2) इससे सड़क पर भीड़ कम होती है।

(3) सड़क दुर्घटनाओं में कमी होती है।

(4) सड़क पर निजी वाहनों की कमी से वायु प्रदुषण भी कम होता है।

4. **जेब्रा क्रासिगं से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर– यह सड़क का वह भाग है जिसे पैदल चलने वालों की सुविधा व सुरक्षा के लिए बनाया जाता है। यह अधिकाश्त काली व सफेद पट्टियों से बनाया जाता है। इस स्थान पर पैदल चलने वालो को प्राथमिकता रहती है।



5. **आपके अनुसार सड़क पर दुर्घटना के प्रमुख कारण क्या है ? कोई चार लिखिए।**

उत्तर– 1. सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन न करना ।

2. वाहन को निर्धारित गति सीमा से तेज चलाना।

3. नशा करके वाहन चलाना।

4.कार चलाते समय सीट बेल्ट व दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेंट का उपयोग न करनां

6. **'सड़क क्रोधोन्माद मृत्युकारक है' समझाइए।**

उत्तर– सड़क पर चलते समय दुर्घटना होने पर वाहन चालक अन्य वाहन चालक से या पैदल यात्री से क्रोध में उलझ जाता है। क्रोधन्माद होने से सड़क दुर्घटना होने की स्थिति बढ़ जाती है। अगर दुर्घटना घातक है तो यह मृत्युकारक है।

7. **रोड़ रेज (सड़क क्रोध) की घटनाओं को कम कैसे किया जा सकता है?**

उत्तर– दिन का वह समय जब सर्वाधिक ट्रेफिक होता है उस दौरान प्रत्येक दिशा में यातायात के दबाव (वाहनों की संख्या) का ठीक प्रकार से अध्ययन करके प्रत्येक सिंग्नल के लिए समय निर्धारित करके रोड़रेज से होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इसके अलावा झगड़े से बचना, अपना धैर्य बनाए रखना। शिस्ट व शांत बने रहना, उत्तेजक टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया से बचना। गलती स्वीकारना, कानूनों को स्पष्ट करना आदि उपाय करके भी रोड़रेज की घटनाओं को कम किया जा सकता है।

8. **सड़क सुरक्षा का महत्त्व समझना क्यों आवश्यक है?**

उत्तर– 1. नशे की हालात में गाड़ी चलाना बेहद खतरनाक है। प्रत्येक वर्ष इसके कारण अनेक लोगों की जान चली जाती है।

2. भारत में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारणों में से एक रोड़ रेज यानि सड़क उन्माद है। इसलिए सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से क्रोध को दूर रखना आवश्यक है।

3. मोबाइल फोन की घंटी और गाड़ी में बच्चों का अनावश्यक शोर ड्राइवर के ध्यान को भंग कर सकता है, जो कि सड़क सुरक्षा को असुरक्षा में बदल सकता है।

शेखावाटी मिशन–100

9. आपके अनुसार वाहन चलाते समय चालक द्वारा कौनसी सावधानियां रखनी चाहिए कोई चार लिखिए।

उत्तर– 1. गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए।


2. नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए।

3. सीट बेल्ट लगाए बिना चालक को गाड़ी नहीं चलानी चाहिए।

4. दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाए बिना वाहन नहीं चलाना चाहिए।

<u>प्रमुख सड़क सुरक्षा चिन्ह</u>

1. चेतावनी चिन्ह




2. सुचनात्मक संकेत




ट्रैफिक लाइट में लाल रंग की बत्ती का अर्थ है वाहन को रोकना (Stop), पीले रंग की बत्ती अर्थ है तैयार होना (Ready) व हरे रंग की बत्ती का अर्थ है आगे बढ़ना (Go)।

# पाठ–20
# स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबन्धन

अंक भार–2

<u>बहुविकल्पात्मक प्रश्न</u>

**1.** केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम कब लागू किया गया था?
(अ) 1986 (ब) 1988 (स) 1992 (द) 2014 (अ)

**2.** निर्मल भारत को स्वच्छ भारत मिशन नाम कब दिया गया?
(अ) 1 अगस्त 1984 (ब) 3 मार्च 1999 (स) 23 जून 2006 (द) 2 अक्टूबर 2014 (द)

**3.** स्वच्छ भारत मिशन में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शौचालय निर्माण हेतु कितनी सहायता राशि दी जा रही है।
(अ) 8000 (ब) 10000 (स) 12000 (द) 16000 (स)

**4.** भष्मीकरण है एक–
(अ) रासायनिक प्रक्रिया (ब) आण्विक प्रक्रिया (स) तापीय प्रक्रिया (द) जैविक प्रक्रिया (स)

**5.** ग्रीन हाऊस गैस मीथेन का उत्पादन कैसे कम किया जा सकता है–
(अ) नाइट्रीफिकेशन द्वारा (ब) भष्मीकरण द्वारा
(स) गैसीकरण द्वारा (द) पाइरोलिसिस द्वारा (ब)

**6.** शुष्क स्वच्छता का सम्बन्ध है–
(अ) जैविक खाद बनाने से (ब) पर्यावरण संरक्षण से
(स) जैविक खेती से (द) शुष्क शौचालय बनाने से (द)

**7.** स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त भारत का लक्ष्य कब तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
(अ) 2 अक्टूबर 2019 (ब) 2 अक्टूबर 2020 (स) 2 अक्टूबर 2021 (द) 2 अक्टूबर 2022 (अ)

**8.** ठोस कचरा निस्तारण का उपाय है–
(अ) भष्मीकरण (ब) कचरा संग्रहण
(स) कचरा न्यूनीकरण व पुनः प्रयोग (द) उपरोक्त सभी (द)

**9.** ठोस कचरा प्रबंधन सिद्धान्त आधारित है–
(अ) 2 R पर (ब) 3 R पर (स) 4 R पर (द) 5 R पर (ब)

**10.** पाइरोलिसिस द्रव्य का निर्माण होता है–
(अ) रासायनिक प्रक्रिया (ब) आण्विक प्रक्रिया (स) तापीय प्रक्रिया (द) जैविक प्रक्रिया (स)

**11.** लंदन में जनस्वास्थ्य एवं सफाई नियंत्रण कानून कब बनाया गया था?
(अ) 1757 ई. (ब) 1857 ई. (स) 1957 ई. (द) 2007 ई. (ब)

**12.** कचरा प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल नहीं है–
(अ) Reduce (ब) Reuse (स) Recycle (द) Refuse (द)

लघुत्तरात्मक प्रश्न-I

1. दुषित जल व कचरा पर्यावरण में मानव स्वास्थ्य को कैसे दुष्प्रभावित करता है ?

उत्तर– (1) इससे पीने का पानी दूषित होता है।
(2) इससे खाद्य श्रृखला दूषित होती है, जैसे – फल, सब्जी।

2. ठोस कचरा प्रबन्धन के कोई चार लाभ बताइए।

उत्तर– (1) ठोस कचरा प्रबन्धन से रोग नियन्त्रित होंगे, जन स्वास्थ्य में सुधार होगा व श्रम करने की क्षमता बढ़ेगी।
(2) जहरीले पदार्थो की कम निकासी से जल प्रदूषण नहीं होगा।
(3) इससे बिजली उत्पादन के लिए सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी।
(4) रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

3. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के बारे में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर– स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2 अक्टूबर, 2014 को प्रारम्भ किया गया। इसका लक्ष्य सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालय की सुविधा प्रदान करके और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में ठोस और द्रवित अपशिष्ट प्रबन्ध क्रियाकलापों क माध्यम से 2 अक्टूबर, 2019 तक खुले में शौच मुक्त भारत हासिल करना है।

शेखावाटी मिशन–100

4. **ठोस कचरा प्रबन्धन कार्यक्रम के कोई दो उद्देश्य बताइये।**

उत्तर– (1) वर्तमान में शहरीकरण से शहरों में कचरे एंव गन्दगी की प्रमुख समस्या है। इसका मुख्य उद्देश्य गन्दगी का निस्तारण करना है।
(2) इसका उद्देश्य घरों, कारखानों, उद्योगों, अस्पतालों से निकलने वाले सूखे एंव गीले अनुपयोगी सामान का निस्तारण करना है।

5. **पाइरोलिसिस क्या है ?**

उत्तर– पाइरोलिसिस एक थर्मल प्रक्रिया है जिसमें कचरे का दहन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में किया जाता है। ये तकनीक कम ऑक्सीजन या बिना ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों में प्रयोग की जाती है। इसकी विशेषता है कि वायु प्रदुषण किए बिना दहनीय गैसों के मिश्रण से पाइरोलिसिस द्रव्य पैदा किया जाता है।

6. **ठोस कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया के प्रमुख बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– (1) कचरे को कूड़ा संग्रह केन्द्र पर एकत्रित करना।
(2) कूड़ा संग्रहण केन्द्रो से कचरे को ठोस निस्तारण केन्द्रों तक पहुॅचाना।
(3) कचरे को श्रेणियों में विभाजित करना।
(4) कचरे को अवयवों के अनुसार अलग–अलग करना तथा कचरे का निस्तारण करना।

7. **कचरें के पुनः चक्रण को समझाइये।**

उत्तर– कचरें को उपयोगी कच्चे माल के रूप में उपयोग करना तथा कचरें की मात्रा कम
करना कचरें का पुनः चक्रण कहलाता है। इसके तीन स्तर होते हैं :–
उत्तर– (1) संग्रहीत कचरें में से पुनः चक्रणीय पदार्थो एंव धातुओं को अलग करना।
(2) इन पदार्थों एंव धातुओं से कच्चा माल तैयार करना।
(3) कच्चे माल से नये उत्पाद बनाना।

8. **भस्मीकरण (Incineration) क्या है ? बताइये।**

उत्तर– भस्मीकरण कचरा निस्तारण की मुख्य सामान्य थर्मल प्रक्रिया है। इसमें कचरें का दहन ऑक्सीजन की उपस्थिति में किया जाता है। भस्मीकरण के बाद कचरा कार्बन–डाइऑक्साइड वाष्प तथा राख में बदल जाता हैं। इसका उपयोग बिजली बनाने हेतु ऊष्मा देने के लिए किया जाता है।

9. **विश्व स्वास्थ्य संगठन 'WHO' ने स्वच्छता की क्या परिभाषा दी ?**

उत्तर– (1) लोगों को स्वच्छता के लिए शौचालयों व दूषित पानी को स्वंय स्वच्छ रखने के साधनों व उपायों को करने की आवश्यकता है।
(2) स्वच्छता का सामान्य आशय उन प्रावधानों, सुविधाओं और सेवाओं से है जो मानव से मल–मूत्र और कचरें आदि का सुरक्षित निस्तारण करते है।

10. **खतरनाक कचरा कौन–कौन से होते है ?**

उत्तर– रासायनिक कचरा, रेडियोएक्टिव कचरा और अस्पतालों का कचरा आदि का संग्रहण व निस्तारण प्रबन्धन।

11. **ठोस कचरा प्रबन्धन किसे कहते है ?**

उत्तर– जन स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कूड़े का निस्तारण ठोस कचरा प्रबन्धन कहा जाता है।

12. **स्वच्छता में सम्मिलित कोई दो प्रमुख बातें लिखिए।**

उत्तर– (1) स्वच्छता में मानव के मल – मूत्र, कचरे आदि का सुरक्षित संग्रहण, भण्डारण, उपचार, निस्तारण तथा पुनः प्रयोग शामिल है।
(2) इसमें पारिवारिक दूषित जल की निकासी और निस्तारण और पुनः चक्रण के उपाय शामिल है।

13. **स्वच्छता के प्रमुख प्रकार बताइये।**

उत्तर– 1. सामुदायिक स्वच्छता 2. शुष्क स्वच्छता 3. पारिस्थितिक स्वच्छता 4. पर्यावरणीय स्वच्छता 5. पुष्टिकारक स्वच्छता

14. **पुष्टिकारक स्वच्छता से आप क्या समझते है–**

उत्तर– इसका क्षेत्र सम्पूर्ण स्वच्दता मूल्य श्रृंखला है जिसमें उपभोक्ता के अनुभव पर विष्ठा, मल–मूत्र और दूषित जल के परिवहन, उपचार, पुनः उपयोग या निस्तारण के तरीके शामिल है। जिनसे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा होती है।

15. **ठोस कचरा प्रबंधन से होने वाले कोई दो दुरगामी परिणाम बताइए।**

उत्तर– 1. बिजली उत्पादन के लिए सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी, जिससे बिजली उत्पादन व्यय कम होगा।
2. कच्चा माल मिलेगा जिससे पुनः चक्रणी पदार्थों से बनी वस्तुऐं सस्ती मिलेगी।

शेखावाटी मिशन–100

# माध्यमिक परीक्षा

## मॉडल पेपर – 1

**SECONDARY EXAMINATION**

सामाजिक विज्ञान

समयः 3¼ घण्टे | कक्षा–**X** | पूर्णांकः 80

खण्ड–अ

1. निम्नांकित प्रश्नों में से दिए गए सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।

(i) गुप्त साम्राज्य के कौन से शास को 'महाराज की उपाधि' प्रदान कीग ई–
(अ) श्रीगुप्त (ब) घटोत्कच (स) समुद्रगुप्त (द) स्कन्दगुप्त 1

(ii) महाराज उदयसिंह ने अपना उत्तराधिकारी किसे नियुक्त किया था?
(अ) जगमल (ब) प्रताप (स) शक्ति सिंह (द) अमर सिंह 1

(iii) स्वशासन आंदोलन या होम रुल लीग की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) महात्मा गांधी (ब) लाला लाजपत राय (स) श्रीमती एनी बेसेंट (द) सुभाष चन्द्र बोस 1

(iv) यदिआप संसद के निचले सदन में जाना चाहते हो तो आप कहां जाओगे?
(अ) राज्यसभा (ब) विधानसभा (स) विधान परिषद (द) लोकसभा 1

(v) स्वतंत्र भारत की प्रथम महत्त्वपूर्ण नदी घाटी परियोजना–
(अ) दामोदर घाटी परियोजना (ब) भाखड़ा नांगल परियोजना
(स) हीराकुण्ड परियोजना (द) चंबल परियोजना 1

(vii) योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष में की गई थी?
(अ) 1947 (ब) 1952 (स) 1950 (द) 1948 1

(viii) वर्ष 1979 में 'प्रभावी उपभोग मांग एवं न्यूनतम आवश्यकता पर कार्यदल' रिपोर्ट निम्न कमेटी ने प्रस्तुत की–
(अ) वाई.के.अलघ कमेटी (ब) वी.एम.दांडेकर कमेटी (स) डी.टी.लकडावाला (द) सी.रंगराजन 1

(ix) निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है।
(अ) जनांकिकी–मानव जनसंख्या का वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीय अध्ययन
(ब) आर्थिक विकार दर–वास्तविक राष्ट्रीय आय
(स) आधार संरचना–वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन
(द) अनवरत योजना–चालू योजना का निश्चित समय के बाद अद्यतन और संपादन 1

(x) उचित फोरमों के समक्ष ध्यान पाने का अधिकार संबंधित है–
(अ) अनुचित व्यापार और व्यापारिक शोषण से
(ब) उत्पाद के पूर्ण विवरण की सूचना से
(स) उपभोक्ता को उत्पाद के बारे में सूचित किया जाना व अपनी पसंद का उत्पादन चुनने की स्वतंत्रता
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं 1

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए। सभी प्रश्नों का अंकभार एक–एक है।** **1×7**

2. किससे प्रेरित होकर सम्राट अशोक ने अपनी प्रजा को अभिलेख के माध्यम से संबोधित किया? 1
3. बलबन का राजत्व सिद्धान्त क्या है? 1
4. प्रजातंत्र का अर्थ क्या है? 1
5. गरीबी हटाने का कोई एक उपाय बताइए। 1
6. तकनीकी बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? 1
7. NSSO का पूरा नाम बताओं ? 1
8. माही बजाज सागर बाँध कहाँ स्थित है? 1

**दिए गए प्रश्नों में रिक्त स्थान की पूर्ति कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।**

9. ...............का तात्पर्य उत्पादन प्रणाली में हुए उन आधारभूत परिवर्तनों से है, जिनके फलस्वरूप जन संसाधनों को अपने परंपरागत उद्योग धंधों को छोड़कर नए प्रकारके वृहत् उद्योगों में काम करने तथा यातायात के नवीन साधनों के प्रयोग का अवसर मिला। 1

10. .................में सरकार के पास निरंकुश शक्तियां नहीं होती है। 1

11. .................संसद का उच्च सदन है। 1

**खण्ड—ब**

12. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए एक विधानमण्डल की व्यवस्था की गई? विधानमण्डल में कितने सदन होते है ? नाम लिखिए। 1+1=2

13. जल प्रबन्धन क्या है? राजस्थान में मिट्टी से बना बाँध कौनसा है? 1+1=2

14. ऋतुओं के अनुसार कृषि के कितने प्रकार होते हैं? उदाहरण सहित नाम बताइए। 1+1=2

15. भारतीय खनिजों को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया जाता है? उदाहरण सहित समझाइए। 1+1=2

16. विनिर्माण उद्योग से आप क्या समझते हैं? औद्योगिक विकास का आधार स्तम्भ क्या है? भारत में इस आधार का प्राचीनतम प्रमाण बताए। 1+1=2

17. स्वदेशी के कोई दो लाभ लिखिए। 1+1=2

18. जल संरक्षण क्यां आवश्यक है? 1+1=2

19. घरेलू कचरा क्या है? उदाहरण सहित समझाइए। 1+1=2

**खण्ड—स**

20. मौर्य काल के प्रशासन का मूल्यांकन कीजिए। 2+2=4

अथवा

सवाई जय सिंह के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

21. अकबर द्वारा महाराणा प्रताप से समझौते के लिए किए गए कूटनीतिक प्रयासों का उल्लेख करते हुए हल्दीघाटी के युद्ध के दो परिणाम लिखिए। 1+3=4

**अथवा**

सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए किए गए कार्यों का सविस्तार विवेचना कीजिए।

22. औद्योगिक क्रांति के कारण हुए कोई चार परिवर्तन लिखिए। 4

**अथवा**

इंग्लैण्ड औद्योगिक क्रांति का जनक है। कोई चार कारण बता कर स्पष्ट कीजिए।

23. लोकतंत्र का आलोचनात्मक परिक्षण कीजिए। 4

**अथवा**

बेरोजगारी तथा गरीबी की समस्या की भारतीय अर्थव्यवस्था में क्या भूमिका है? सविस्तार वर्णन कीजिए।

24. भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए। 5

भारत के पांच प्रमुख पेट्रोलियम भंडझार।

**अथवा**

भारत के पांच प्रमुख कपास उत्पादक राज्य।

25. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए। 5

(1) चंपारन (2) खेड़ा (3) दिल्ली (4) आगरा (5) झांसी

**अथवा**

(1) अमृतसर (2) कोलकाता (3) कानपुर (4) उज्जैन (5) पाटलिपुत्र।

**खण्ड—य**

26. वीर तानाजी मालुसरे कौन थे? वह इतिहास में क्यों प्रसिद्ध है? 3+1+2=6

**अथवा**

भारत में स्वतंत्रता संघर्ष के प्रारम्भ एवं प्रसार का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिए— 2+2+2=6

(i) भील विद्रोह

(ii) बिजौलिया किसान आन्दोलन

(iii) रौलेट एक्ट

शेखावाटी मिशन—100

27. 1990 के दशक में आर्थिक सुधारों को अपनाने के काई चार कारण समझाइए। 6

**अथवा**

उदारीकरण से होने वाले चार लाभ समझाइए।

**अथवा**

(i) समावेशी विकास

(ii) मानव विकास।


28. मुख्यमंत्री के अधिकार व शक्तियों को समझाइए। 6

**अथवा**

द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका का सविस्तार विवेचन कीजिए।

**अथवा**

राज्यपाल की शक्तियों तथा अधिकारों का वर्णन कीजिए।



# माध्यमिक परीक्षा

## मॉडल पेपर – 2

## SECONDARY EXAMINATION

सामाजिक विज्ञान

समयः 3¼ घण्टे | कक्षा–X | पूर्णांकः 80

शेखावाटी मिशन–100

**खण्ड–अ**

1. निम्नांकित प्रश्नों में से दिए गए सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।

(i) .............में पहली बार भारत में केन्द्रीकृत शासन की स्थापना हुई।
(अ) मौर्यकाल (ब) गुप्तकाल (स) वर्धन साम्राज्य (द) उपरोक्त में से कोई नहीं 1

(ii) सन्...............में इब्राहिम लोदी को पानीपत के प्रथम युद्ध में हराकर.................भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक बना।
(अ) 1562, बाबर (ब) 1526 बाबर
(स) 1652 जलालुद्दीन खिलजी (द) इनमें से कोई नहीं 1

(iii) ब्रिटिश काल में हड़प सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था–
(अ) लार्ड वैलेजली (ब) लार्ड कॉर्नवालिस (स) लार्ड डलहौजी (द) लार्ड कैनन 1

(iv) ..............ने पशुपालन एवं कृषि को लाभदायक व्यवसाय बनाया।
(अ) जैथ्रो टल (ब) टाऊनशैंड (स) एच.एम.सी. कॉर्मिक (द) रॉबर्ट बैकवेल 1

(v) सिद्धान्त रूप में............को जनता के प्रति उत्तरदायी शासन बताया जाता है, किन्तु व्यवहार में यह अनुत्तरदायी दिखाई पड़ता है।
(अ) राजतंत्र (ब) अधिनायकवाद (स) लोकतंत्र (द) उपरोक्त में कोई नहीं 1

(vi) संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार राज्य की विधानसभा के सदस्यों की न्यूनतम संख्या..........होगी।
(अ) 60 (ब) 70 (स) 65 (द) 75 1

(vii) निम्न में से सुमेलित युग्म का चयन करें।
(अ) गेहूं–वर्षाकालीन फसल (ब) चावल–अमन, औस, बोरो
(स) मक्का–बागानी फसल (द) कपास–कछारी मिट्टी 1

(viii) जिन खनिज में यूरेनियम, थोरियम, बेरिलियम, इल्मेनाइट इत्यादि पाए जाते हैं, वह खनिज होते हैं–
(अ) ईंधन खनिज (ब) अलौह–धातु प्रधान खनिज
(स) अणु शक्ति खनिज (द) लौह धातु प्रधान खनिज 1

(ix) हीराकुड बांध निम्न नदी पर बना है–
(अ) महानदी (ब) तुंगभद्रा नदी (स) ब्रह्मपुत्र नदी (द) कोसी नदी 1

(x) 2011 की जनगणना के अनुसर, भारत की जनसंख्या है–
(अ) 1,21,01,93,422 (ब) 1,21,11,39,242 (स) 1,22,0193,422 (द) 1,21,01,39,422 1

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए। सभी प्रश्नों का अंकभार एक–एक है। 1×7**

2. सी.रंगराजन ने वर्ष 2011–12 में किस प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय को गरीबी रेखा माना है? 1
3. शिवाजी की राज्याभिषक कब और कहां हुआ? 1
4. लोकतंत्र की सफलता के लिए दो सुझाव दीजिए। 1
5. बैराज किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए। 1
6. अनवरत योजना से क्या तात्पर्य है? 1
7. नीति आयोग की स्थापना कब हुई? 1
8. दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर क्या है? 1
9. भारत में 04 प्रकार के ईंधन खनिज पाए जाते हैं जो कि देश के सकल घरेलू उत्पाद का...........तथा औद्योगिक उत्पादन का..........
.....है। 1
10. जल स्वावलंबन के उद्देश्य से भारत सरकार ने............तथा राजस्थान सरकार ने...........आरंभ किए हैं। 1
11. चेतक, महाराणा प्रताप का स्वामिभक्त...........था। 1

## खण्ड–ब

**दिए गए प्रश्नों में रिक्त स्थान कीपूर्ति कर उतर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है।**

12. किसी भी राज्य की वास्तविक कार्यपालिका कौन होती है तथा वह किसके प्रति उत्तरदायी होती है? 1+1=2

13. राजस्थान में जल संरक्षण तकनीक अपनाने के कोई दो कारण बताइए? 1+1=2

14. गेहूं की फसल के लिए आवश्यक दशाओं का वर्णन कीजिए। 1+1=2

15. पेट्रोलियम किस रूप में पाया जाता है एवं भारत में यह कहाँ से निकाला जाता है? 1+1=2

16. राजस्थान के चार हस्तशिल्प उद्योगों के नाम बताइए। 2

17. छोटी कुंई या बेरी से आप क्या समझते हैं? 2

18. सापेक्ष और निरपेक्ष गरीबी में कोई दो अन्तर बताइए? 1+1=2

19. भारत में गरीबी के आर्थिक कारणों का विवेचन कीजिए। 2

20. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वच्छता क्या है। 2

## खण्ड–स

21. राव चंद्रसेन के बारे में आप क्या जानते हैं? वर्णन कीजिए। 2+2=4

अथवा

उपभोक्ता के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रावधान किए गए कोई चार अधिकार सविस्तार बताइए।

22. सम्राट अशोक के अभिलेख, उत्तराधिकारी तथा मौर्य साम्राज्य के पतन का वर्णन कीजिए। 2+2=4

अथवा

सड़क पर वयोवृद्ध, विशेष योग्यजन और युवाओं की खास आवश्यकताओं को समझना। इस विषय की विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए।

23. जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के चार उपाय बताइये। 4

अथवा

ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र की ओर जनसंख्या के प्रवास के प्रमुख कारण बताओ।

24. लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएं बताइए तथा लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक किन्हीं दो दशाओं का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

स्वदेशी (आत्मनिर्भर भारत) के कोई चार लाभ बताइए।

## खण्ड–द

25. भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए। 5

भारत के पांच प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्र।

अथवा

भारत के पांच प्रमुख गेहूं उत्पादक क्षेत्र 5

26. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए। 5

(1) कश्मीर (2) शिमला (3) अमृतसर (4) अंबाला (5) कच्छ

अथवा

(1) असम (2) दार्जिलिंग (3) जयपुर (4) सीकर (5) मेरठ

## खण्ड–य

27. वीर तानाजी मालुसरे का परिचय देते हुए इतिहास में उनके योगदान पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा

प्लासी व बक्सर के युद्ध के कारण व परिणाम बताइए।

अथवा

शेखावाटी मिशन–100

टिप्पणी लिखें–

(i) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ...... स्थापना व उद्देश्य

(ii) भारत छोड़ो आन्दोलन

(iii) बेगु व नीमूचणा किसान आन्दोलन

28. ''भारत में जनसंख्या का बड़ा आकार, बेरोजगारी, गरीबी तथा जीवन के निम्न स्तर का प्रमुख कारण है।'' इस कथन की पुष्टि करें। 6

अथवा


बेरोजगारी तथा गरीबी समस्या की भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

''यद्यपि राज्यपाल को राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान नहीं कहा जा सकता है, लेकिन वह केवल नाममात्र का अध्यक्ष भी नहीं है। वह एक ऐसा अधिकारी है, जो राज्य के शासन में महत्वपूर्ण रूप से भाग ले सकता है।'' स्पष्ट कीजिए।

अथवा

**राज्य कार्यपालिका के प्रमुख अंग तथा कार्य व शक्तियों का सविस्तार विवेचन कीजिए।**




(मॉडल पेपर तैयारकर्त्ता – रोहिताश कुमार थालौड़ (व.अ.) सामाजिक विज्ञान, रा.मा.वि. सावलोदा लाडखानी, सीकर)

ALLEN® CAREER INSTITUTE KOTA (RAJASTHAN)
path to success
SIKAR, RAJASTHAN


# सपने होंगे सच

## Pre-Nurture & Career Foundation Division

Class 6th to 10th | NTSE | OLYMPIADS & BOARD

## Admission Open

Session 2021-22




*New Batches for*

## Class 6th to 10th

**7 April & 12 May 2021**

(*ENGLISH MEDIUM*)

Strong Foundation Leads to

## EXTRAORDINARY RESULTS



ALLEN SIKAR
Classroom Students
Qualified for

**INMO**
Indian National Mathematical Olympiad
&
**INJSO**
Indian National Junior Science Olympiad
(Conducted by HBCSE)



**KRISH GUPTA**
Class: 10th

**DINESH BENIWAL**
Class: 10th

**HIMANSHU THALOR**
Class: 9th

# ALLEN® SIKAR Result : JEE (Adv.) 2020

## प्रथम वर्ष में ही JEE (Adv.) का सर्वश्रेष्ठ परिणाम

AIR **736**





AIR **836**

**SUBHASH**
Classroom Student

**KULDEEP SINGH CHOUHAN**
Classroom Student

# ALLEN® SIKAR Result : JEE (Main) 2021 (Feb. Attempt)

## दो साल बेमिसाल

एलन सीकर ने गढ़े कीर्तिमान,
जेईई–मेन में दिए
शेखावाटी टॉपर्स



MATHEMATICS 100 PERCENTILE

शेखावाटी टॉपर

शेखावाटी गर्ल्स टॉपर



**ROHIT KUMAR**
Classroom
**99.9892474 %tile**

**SAKSHI GUPTA**
Classroom
**99.8925637 %tile**

# ALLEN® SIKAR Result : NEET (UG) 2020

## प्रथम वर्ष में एलन सीकर, क्लासरूम के 165 + विद्यार्थियों को मिला सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश

680/720
AIR 695
AIIMS Jodhpur



675/720
AIR 866
AIIMS Jodhpur

**LAVPREET KAUR GILL** Classroom Student | **AYUSH SHARMA** Classroom Student




SARVANISHTHA | RAHUL BHINCHAR | JITENDRA P.S. RATHORE | AYUSH CHOUDHARY | RAVEENA CHOUDHARY | AAKANKSHA CHAUDHARY | RAMPRATAP CHOUDHARY




PRACHI RAJPUROHIT | NIKITA | DAYANAND JYANI | ANNU | DEEPIKA GOENKA | OM PRAKASH JAT | PRAVEEN KUMAR YADAV




ADITI | MANASVI JANGIR | SANJAY SAIN | SUMIT CHOUDHARY | ANKIT | HEMANT DHAYAL

## UPCOMING NEW BATCHES for JEE (Main+Adv.) & NEET (UG)

(Hindi & English Medium)

| NURTURE BATCH | ENTHUSIAST BATCH | LEADER BATCH |
|---|---|---|
| (For Class 10th to 11th Moving Students) Starting from | (For Class 11th to 12th Moving Students) Starting from | (For Class 12th Appeared / Pass Students) Starting from |
| 2, 9, 16 June & 30 June 2021 | 7 April 2021 Both 11th & 12th syllabus will be covered | 2 June & 16 June 2021 |

# ALLEN® SIKAR




TEAM ALLEN @ SIKAR

## एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट

## (ASAT)

04, 11, 25 अप्रैल 2021 | 09, 23, 30 मई 2021,

06, 13, 20, 27 जून 2021

**90% तक स्कॉलरशिप**

ALLEN® CAREER INSTITUTE KOTA (RAJASTHAN) path to success

DOWNLOAD FREE SAMPLE PAPERS

**ALLEN Sikar Center:** "SANSKAR," Near Piprali Circle, Sikar-Jhunjhunu Bypass, Piprali Road, Samrathpura, Sikar
**Tel.**: 01572-262400 | **E-mail**: sikar@allen.ac.in

**Corporate Office :** "SANKALP", CP-6, Indra Vihar, Kota (Raj.) INDIA, 324005
**Tel.**: 0744-2757575 | **Email**: info@allen.ac.in | **Web**: www.allen.ac.in

ALLEN Info & Admission App
Download from Google play

www.allen.ac.in/sikar facebook.com/allensikar twitter.com/allensikar youtube.com/allencareerinstitute